RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 67
नई दिल्ली, बुधवार, 12 जनवरी, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



पीवी सिंधू दूसरे दौर में
स्पोर्ट्स-12

# यूपी के श्रम मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य का इस्तीफा, सपा में जाने के संकेत

- तीन अन्य विधायकों ने भारतीय जनता पार्टी छोड़ी
- मौर्य की बेटी और भाजपा सांसद संघमित्रा मौर्य ने कहा, मेरे पिता अभी किसी दल में नहीं हुए हैं शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के चौथे दिन मंगलवार को सत्तारूढ़ भाजपा को राज्य सरकार के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के इस्तीफे से बड़ा झटका लगा है। मौर्य के इस्तीफे के बाद उनके करीबी माने जाने वाले तीन अन्य विधायकों ने भी भाजपा से इस्तीफा दिया और मौर्य का साथ निभाने का दावा किया। गौरतलब है कि मौर्य ने अपने इस्तीफे के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा था कि अगले एक-दो दिनों में और विधायक भाजपा का साथ छोड़ेंगे। मंत्री से इस्तीफे के बाद मंगलवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पूर्व मंत्री के साथ अपनी एक तस्वीर ट्विटर पर साझा कर उनका सपा में स्वागत किया। हालांकि, मौर्य की बेटी और भाजपा सांसद संघमित्रा मौर्य ने बदायूं में पत्रकारों से कहा कि उनके पिता सपा ही नहीं, फिलहाल किसी दल में शामिल नहीं हुए हैं, वह अगले दो दिनों में आगे की रणनीति पर फैसला लेंगे। राज्यपाल को संबोधित त्यागपत्र में मौर्य ने लिखा है, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मंत्रिमंडल में श्रम, सेवायोजन एवं समन्वय मंत्री के रूप में विपरीत परिस्थितियों व विचारधारा में रहते हुए पूरे मनोयोग से उत्तरदायित्व का निर्वहन ( शेष पेज 9 )



स्वामी प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव से भेंट की

## उप्र में सपा से गठबंधन करेगी राकांपाः पवार

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**राष्ट्रवादी** कांग्रेस पार्टी (राकांपा) अध्यक्ष शरद पवार ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी (सपा) नीत गठबंधन के हिस्से के तौर पर लड़ेगी। पवार ने कहा कि जनता उत्तर प्रदेश में परिवर्तन की राह देख रही है और वह सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का मुंहतोड़ जवाब देगी। उन्होंने कहा कि राकांपा गोवा और मणिपुर विधानसभा चुनाव भी लड़ेगी। पवार ने कहा कि मणिपुर में राकांपा की कांग्रेस के साथ सहमति बन गई है, जबकि गोवा में कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस से बात चल रही ( शेष पेज 9 )

## मायावती नहीं लड़ेंगी विधानसभा चुनाव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में विधानसभा चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी जहां टिकट फाइनल करने में जुटी हुई है वहीं सोमवार को पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्र ने कहा कि वह और बसपा सुप्रीमो मायावती ने इस बार चुनाव न लेने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि पार्टी अध्यक्ष जल्द ही प्रत्याशियों की लिस्ट जारी करेंगी। सपा के 400 सीट जीतने के दावे को हवा हवाई करार देते हुए बसपा महासचिव ने कहा कि बसपा यूपी में सराकर बनाएगी, इसके लिए जनता तैयार बैठी है। अभी तो दावे और वादे हो रहे हैं लेकिन भाजपा और सपा ( शेष पेज 9 )

# दिल्ली में निजी कार्यालय बंद सिर्फ घर से काम की इजाजत



- बढ़ते कोविड मामलों के मद्देनजर डीडीएमए ने लिया बड़ा फैसला
- मंगलवार को एक दिन में आए 21 हजार से अधिक केस, 23 लोगों की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कोविड**-19 मामले बढ़ने के कारण दिल्ली में छूट प्राप्त श्रेणी में आने वाले कार्यालयों को छोड़कर अन्य सभी निजी कार्यालयों को बंद करने का आदेश दिया गया है। जो निजी कार्यालय अभी तक 50 प्रतिशत कार्य क्षमता के साथ काम कर रहे थे, उन्हें भी सिर्फ घर से काम करने की प्रक्रिया (वर्क फ्रॉम होम) का पालन करने को कहा गया है।

राजधानी दिल्ली में मंगलवार को कोरोना से 23 लोगों की मौत हुई और संक्रमण के 21,259 नए केस आए हैं। इसके साथ ही महानगर में संक्रमण दर बढ़कर 25.65 प्रतिशत हो गई है। इसने कहा कि दिल्ली में अस्पतालों में इस समय कुल 2,209 कोविड मरीज भर्ती हैं जिनमें से 84 वेंटिलेटर पर हैं। अस्पतालों पर भार लगातार बढ़ रहा है। दिल्ली सरकार ने मंगलवार को परामर्श जारी कर सभी अस्पतालों ( शेष पेज 9 )

## देश में कोरोना के आए 1,68,063 नए मरीज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**देश** में कोरोना वायरस संक्रमण के 1,68,063 नए मरीज सामने आने के बाद संक्रमण के कुल मामले बढ़कर 3,58,75,790 हो गए। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मंगलवार को अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक इनमें 4,461 मामले ओमीक्रोन वैरिएंट के भी हैं। आंकड़ों के मुताबिक देश में 208 दिनों के बाद उपचाराधीन मरीजों की संख्या सर्वाधिक 8,21,446 दर्ज की गई, जबकि 277 और मरीजों की मौत होने से कोविड-19 के मृतकों की संख्या 4,84,213 पर पहुंच गई है। ओमीक्रोन के 4,461 मामलों में से 1,711 लोग अब तक स्वस्थ हो चुके हैं या विदेश लौट गए हैं। ओमीक्रोन के महाराष्ट्र में सर्वाधिक 1,247 मामले सामने आए हैं। इसके बाद राजस्थान में 645, दिल्ली में 546, कर्नाटक में 479 और केरल में 350 मामले दर्ज किए गए हैं।

## किसे-किसे प्रतिबंधों से छूट

- एक तीमारदार के साथ गर्भवती महिला को अस्पताल जाने की इजाजत।
- वैध पहचान पत्र के साथ कोविड टेस्ट या टीकाकरण के लिए जा सकेंगे।
- टिकट के साथ एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन तक आने-जाने की छूट।
- पहचान पत्र के साथ मीडियाकर्मियों को आवाजाही की छूट।
- प्रवेश पत्र के साथ छात्र परीक्षा देने जा सकेंगे।
- शादी समारोह में एक साथ 20 लोगों के जाने की इजाजत।
- दिल्ली में मेट्रो में सभी सीटों पर बैठकर सफर करने की मंजूरी।
- इसके अलावा, बैंक, आवश्यक सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनियां, बीमा और मेडिक्लेम, फार्मा कंपनियां, अधिवक्ताओं के कार्यालय, कूरियर सेवाएं, गैर बैंकिंग वित्तीय निगम, सुरक्षा सेवाएं, मीडिया, पेट्रोल पंप और तेल एवं गैस खुदरा और भंडारण इकाइयां को भी चलने की छूट रहेगी।

# देसी ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण

- टैंक रोधी मिसाइल का परीक्षण भी रहा कामयाब

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** ने विश्व पटल पर अपने सैन्य शक्ति में एक ओर महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। भारत ने मंगलवार को ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण किया। ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल को निर्धारित निशाने पर दागा गया और उसका निशाना अचूक रहा। भारत-रूस के संयुक्त उपक्रम 'ब्रह्मोस एयरोस्पेस' ने सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल बनाई है।

डीआरडीओ ने ट्वीट कर कहा कि ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल के समुद्र से समुद्र में प्रहार करने वाले आधुनिक संस्करण का मंगलवार को आईएनएस विशाखापत्तनम से परीक्षण किया। मिसाइल ने निर्धारित लक्ष्य पर सटीक तरीके से निशाना साधा। वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मिसाइल के सफल प्रक्षेपण से भारतीय नौसेना की मिशन संबंधी तैयारियों की दृढ़ता स्पष्ट हुई है। यह भारत और रूस के बीच एक संयुक्त उद्यम है। ब्रह्मोस को पनडुब्बियों, जहाजों, विमानों ( शेष पेज 9 )



## टावर वैगन-ट्रॉली में टक्कर तीन रेल कर्मचारियों की मौत, छह अन्य घायल

**भाषा।** लातेहार

**झारखंड** के लातेहार में मैक्लुस्कीगंज और निंद्रा स्टेशन के बीच मंगलवार शाम एक ही पटरी पर टावर वैगन (बिजली के तार की जांच करने वाला इंजन) और रेलवे लाइन की जांच करने वाली ट्रॉली में आमने सामने की टक्कर हो गई जिससे ट्राली सवार तीन रेल कर्मचारियों की मौत हो गई वहीं छह अन्य रेल कर्मी घायल हो गए जिनमें तीन की हालत गंभीर है। टोरी रेलवे स्टेशन के अधीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि शाम लगभग चार बजकर बीस मिनट पर हुई इस रेल दुर्घटना में तीन रेल कर्मचारियों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक सूचना के अनुसार एक ही पटरी पर टावर वैगन और रेलवे ट्रॉली आमने सामने आ गईं और उनमें टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि दो कर्मचारियों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई जबकि एक की मौत इलाज के दौरान अस्पताल में हुई। दुर्घटना में छह अन्य रेलवे कर्मी घायल हो ( शेष पेज 9 )

# यूरोप की आधी आबादी दो माह में होगी ओमीक्रोन से संक्रमित

- विश्व स्वास्थ्य संगठन ने जारी की सख्त चेतावनी, नए वैरिएंट से साल के पहले सप्ताह में 70 लाख लोग संक्रमित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**अगले** दो महीनों में यूरोप के देशों की आधी से ज्यादा आबादी कोरोना वायरस के ओमीक्रोन वैरिएंट से संक्रमित हो जाएगी। यह चेतावनी विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने दी है। डब्ल्यूएचओ के यूरोप निदेशक हैंस क्लूज ने कहा कि इस क्षेत्र में 2022 के पहले सप्ताह में 7 मिलियन से अधिक नए मामले दर्ज किए गए और 26 देशों की एक फीसदी से अधिक आबादी हर सप्ताह कोविड की चपेट में आ रही है। क्लूज ने कहा कि यूरोप के 53 देशों में से 50 में ओमीक्रोन वैरिएंट का पता चला है।

पश्चिमी यूरोप में इसका अधिक प्रभाव देखने को मिल रहा है। क्लूज ने संवाददाताओं से कहा कि इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ मेट्रिक्स एंड इवैल्यूएशन (आईएचएमई) का अनुमान है कि जिस दर से संक्रमण फैल रहा है, उसके हिसाब से अगले छह से आठ हफ्तों में इस क्षेत्र की 50 प्रतिशत से अधिक आबादी ओमीक्रोन से संक्रमित हो सकती है। पिछले कुछ हफ्तों में एकत्र किए आंकड़ों का संदर्भ देते हुए क्लूज ने कहा कि वैरिएंट के अधिक तेजी से फैलने की पुष्टि की गई थी और म्यूटेशन के कारण यह वैरिएंट मानव कोशिकाओं के लिए सुगम्य होने के साथ उन लोगों को भी संक्रमित कर सकता है जो पहले संक्रमित हो चुके हैं या टीकाकरण करवा चुके हैं।

हालांकि, क्लूज ने इस बात पर जोर दिया कि डब्ल्यूएचओ द्वारा अनुमोदित टीके ओमीक्रोन समेत दूसरे वैरिएंअ से गंभीर बीमारी और मृत्यु के खिलाफ अच्छी सुरक्षा प्रदान करना जारी रखते हैं।

## मोलनुपिराविर दवा अभी कोविड इलाज प्रबंधन में शामिल नहीं होगी

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय** आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के कोविड-19 संबंधी राष्ट्रीय कार्यबल ने विषाणु रोधी दवा मोलनुपिराविर को अभी कोरोना वायरस संक्रमण के चिकित्सीय प्रबंधन प्रोटोकॉल में शामिल नही करने का फैसला किया है। कार्यबल के विशेषज्ञों ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला दिया और तर्क दिया कि कोविड उपचार में मोलनुपिराविर ज्यादा फायदेमंद नहीं है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, मोलनुपिराविर एक एंटीवायरल (विषाणु रोधी) दवा है जो सार्स-कोव-2 को विषाणु उत्परिवर्तन संबंधी प्रतिकृति बनाने से रोकती है। इस कोविड रोधी गोली को आपात स्थिति में प्रतिबंधित उपयोग के लिए 28 दिसंबर को भारत के औषधि नियामक से मंजूरी मिल गई थी। इस संबंध में एक आधिकारिक सूत्र ने पीटीआई-भाषा से कहा, कोविड-19 संबंधी राष्ट्रीय कार्यबल के सदस्य इस दवा को राष्ट्रीय उपचार दिशानिर्देशों में शामिल करने ( शेष पेज 9 )

# लता मंगेशकर, सुजैन खान, कीर्ति सुरेश समेत कई हस्तियां संक्रमित

**भाषा।** मुंबई

**जानी-मानी** गायिका लता मंगेशकर, इंटीरियर डिज़ाइनर सुज़ैन खान, अभिनेत्री कीर्ति सुरेश, नेहा पेंडसे और पूजा गौर समेत कई बॉलीवुड और टीवी हस्तियां मंगलवार को कोरोना वायरस से संक्रमित पाई गईं। मंगेशकर की रिश्तेदार रचना शाह ने पीटीआई-भाषा को बताया कि 92 वर्षीय गायिका को दक्षिण मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में दो दिन पहले आईसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया था। रचना शाह ने कहा, उनमें कोविड के हल्के लक्षण हैं।

उनकी उम्र को ध्यान में रखते हुए, चिकित्सकों ने सलाह दी है कि उन्हें निरंतर देखभाल की जरूरत है। इसलिए उन्हें आईसीयू वार्ड में रखा जाना चाहिए। हम कोई खतरा मोल नहीं लेना चाहते। परिवार के तौर पर, हम सर्वश्रेष्ठ देखभाल चाहते हैं और सुनिश्चित करना चाहते हैं कि उनकी हर वक्त देखभाल हो। उन्होंने कहा, वह ठीक हो जाएंगी, लेकिन उनकी उम्र के कारण कुछ समय लग सकता है। और, कोविड-19 ठीक होने में भी सात दिन लग ही जाते हैं। खान (43) ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर अपने प्रशंसकों को बताया कि वह सोमवार की शाम कोरोना वायरस से संक्रमित पाई गईं।



लता मंगेशकर की फाइल फोटो

उन्होंने लोगों से पूरी तरह सतर्कता बरतने और कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने की अपील की। खान ने लिखा, कोविड-19 से दो साल तक बचने के बाद, 2022 में ओमीक्रोन स्वरूप ने मेरी प्रतिरक्षा प्रणाली में घुसपैठ कर ही ली। मैं कल रात संक्रमित पाई गई। कृपया सुरक्षित रहें और अपना ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,616 | ↑ 221 |
| निफ्टी | 18,055 | ↑ 52 |
| सोना | 46,606 | ↑ 104 /10g |
| चांदी | 59,700 | ↑ 408 /kg |

## क्विक न्यूज

### मकर संक्रांति पर हरिद्वार और ऋषिकेश में गंगा स्नान प्रतिबंधित

**देहरादून।** कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों मे तेजी से हो रही वृद्धि के मद्देनजर उत्तराखंड सरकार ने इस साल मकर संक्रांति के अवसर पर हरिद्वार और ऋषिकेश मे गंगा स्नान पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। हरिद्वार के जिलाधिकारी विनय शंकर पांडेय और देहरादून के जिलाधिकारी आर. राजेश कुमार ने इस संबंध मे आदेश जारी किया है। आदेशों के अनुसार, हाल मे कोविड के मामलों तेजी से हो रही वृद्धि के मद्देनजर हरिद्वार मे हर की पौड़ी, ऋषिकेश मे त्रिवेणी तथा अन्य गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। सूर्य के उत्तरायण मे प्रवेश पर मनाए जाने वाले मकर संक्रांति के पर्व पर हरिद्वार और ऋषिकेश में बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा मे डुबकी लगाने आते हैं।

# कमीशन न मिलने पर भगोड़े हथियार डीलर भंडारी ने फ्रांसीसी कंपनी पर मुकदमा किया



**भाषा।** लंदन

**ब्रिटिश** मीडिया के मुताबिक भारत में धन शोधन और कर चोरी के मामले में वांछित हथियार डीलर संजय भंडारी करीब 10 साल पहले भारत के साथ हुए रक्षा सौदे के एवज में शुल्क का भुगतान नहीं करने पर फ्रांसीसी कंपनी पर मुकदमा किया है। द डेली टेलीग्राफ में इस सप्ताह छपी खबर के मुताबिक भंडारी (59) ने फ्रांसीसी रक्षा उत्पादन समूह थेल्स ग्रुप पर मुकदमा दर्ज कराया है और अबतक भुगतान नहीं किए गए दो करोड़ यूरो (करीब 167.4 करोड़ रुपए) परामर्श शुल्क दिलाने का अनुरोध किया है। अखबार की खबर के मुताबिक भंडारी ने यह राशि भारतीय वायुसेना के बेड़े में शामिल मिराज-2000 के आधुनिकीकरण के लिए 2.4 अरब यूरो का ठेका दिलाने में मध्यस्थ की भूमिका के लिए मांगी है। खबर के मुताबिक थेल्स ने भारतीय कारोबारी के साथ इस तरह के किसी समझौते या करार से इंकार किया है।

## भाजपा ने किया कांग्रेस पर हमला

**नई दिल्ली( भाषा )।** भाजपा ने भगोड़े हथियार बिचौलिए संजय भंडारी द्वारा फ्रांस की कंपनी थेल्स पर कमीशन के बकाए के लिए मुकदमा किए जाने संबंधी खबरों का हवाला देते हुए मंगलवार को कांग्रेस पर हमला बोला और आरोप लगाया कि उसके शासन काल में रक्षा सौंदों में भ्रष्टाचार हुआ। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए उल्लेख किया कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की सरकार के कार्यकाल के दौरान लड़ाकू विमानों के उन्नयन के लिए हुए सौदे में थेल्स कंपनी शामिल थी। साथ ही उन्होंने कहा कि यहां तक रक्षा संबंधित खरीददारी में भी कांग्रेस ने भ्रष्टाचार और कमीशन को प्रोत्साहन दिया। भाटिया ने मीडिया में आई खबरों का हवाला देते हुए दावा किया कि भंडारी को कमीशन के रूप में 170 करोड़ रुपए मिलने थे लेकिन उन्हें करीब 75 करोड़ रुपए ही मिले थे।

# होम क्वॉरंटीन मरीजों के लिए योग कक्षाएं आज से

- ऑनलाइन मिलेगा लिंक, 15-15 के बैच में प्रशिक्षित गुरू कराएंगे योग व प्राणायाम
- सुबह छह से 11 बजे तक और शाम चार से सात बजे तक एक-एक घंटे की आठ कक्षाएं लगेंगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राजधानी** दिल्ली में होम क्वॉरंटीन में रह रहे कोरोना मरीजों के लिए बुधवार से ऑनलाइन योग और प्राणायाम कक्षाएं शुरू होंगी। संक्रमित मरीजों के लिए योग की शुरुआत को दुनिया में अपनी तरह का पहला कार्यक्रम बताते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली की योगशाला कार्यक्रम के तहत सुबह छह से 11 बजे तक और शाम चार से सात बजे तक एक-एक घंटे की आठ कक्षाएं लगेंगी।

उन्होंने कहा कि संक्रमण के बाद घर में रहकर इलाज करा रहे मरीजों की मदद के लिए सरकार अपनी तरह का पहला कार्यक्रम लेकर आई है। केजरीवाल के मुताबिक, यह कार्यक्रम पूरे विश्व में अपने आप में अनूठा होगा। केजरीवाल ने कहा कि घर में पृथकवास में रह रहे मरीजों को पंजीकरण के लिए लिंक भेजा जाएगा और वे अपनी सुविधा के अनुसार कक्षाओं के लिए पंजीकरण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कक्षाएं 15 के बैच में होंगी और हमारे पास 40,000 रोगियों के लिए पर्याप्त प्रशिक्षक हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे देश में कोविड-19 के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में भी मामले तेजी से बढ़े हैं लेकिन देखा जा रहा है कि वायरस के फैलने की रफ्तार हल्की हुई है। उम्मीद है कि यह प्रवृत्ति निकट भविष्य में जारी रहेगी और कोविड के प्रसार में कमी आएगी। फिलहाल अस्पतालों के बमुश्किल 1,500-2,000 बिस्तरों पर कोविड मरीज भर्ती हैं और बाकी घर में पृथकवास में हैं। केजरीवाल ने कहा कि प्रशिक्षकों को योग आसनों और कोविड-19 से उबरने से संबंधित अभ्यासों के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया है।



प्रतीकात्मक चित्र

उन्होंने कहा कि योग और प्राणायाम व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बहुत बढ़ाते हैं। वह यह दावा तो नहीं करेंगे कि योग और प्राणायाम वायरस से पूर्ण सुरक्षा प्रदान करते हैं, लेकिन वे निश्चित रूप से व्यक्ति को तेजी से ठीक होने में मदद करते हैं। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि यह हर मरीज के लिए उचित उपचार की व्यवस्था हो। भले ही कोरोना वायरस का ओमीक्रोन वैरिएंट हल्का है, उम्मीद है कि यह कार्यक्रम हर मरीज को ठीक होने में मदद करेगा। मरीजों को न सिर्फ इलाज मिलेगा बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक शांति की भी अनुभूति होगी।

# निजी कोविड अस्पतालों में संक्रमित मरीजों के इलाज के लिए शासन ने शुल्क किया तय

## अधिकतम 18 हजार रुपए प्रतिदिन वसूल सकेंगे अस्पताल

● नगरों को 3 श्रेणियों में बांटकर अलग-अलग दरें की निर्धारित


फाइल फोटो

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश शासन ने निजी कोविड चिकित्सालयों की मनमानी रोकने के लिए शहर और चिकित्सालय की श्रेणी के मुताबिक उपचार के रेट निर्धारित कर दिए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डा. भवतोष शंखधर ने बताया कि अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद की ओर से निजी कोविड चिकित्सालयों के लिए रेट निर्धारण वाला शासनादेश भेजा गया है।

शासनादेश के मुताबिक गाजियाबाद जनपद के नगरों को 'ए' श्रेणी के शहरों में शुमार किया गया है। जनपद में संचालित निजी कोविड अस्पताल 'ए' श्रेणी के लिए निर्धारित रेट के हिसाब से ही उपचार का शुल्क वसूलेंगे और यदि कोई शिकायत मिलती है तो संबंधित अस्पताल के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। शासनादेश की प्रति जिलाधिकारियों को भी भेजी गई है।

सीएमओ डा. भवतोष ने बताया शासनादेश के मुताबिक 'ए' श्रेणी के शहरों में नेशनल एक्रिडिएशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल (एनएबीएच) से मान्यता प्राप्त अस्पताल कोविड मरीजों को सपोर्टिव केयर और ऑक्सीजन और सहयोगी सुविधा के साथ आईसोलेशन बेड उपलब्ध कराने के लिए एक दिन के अधिकतम 10 हजार रुपए वसूल पाएंगे। इसके साथ ही शासन ने गंभीर मरीजों के लिए आईसीयू बेड के लिए अधिकतम 15 हजार रुपए प्रतिदिन और वेंटिलेटर सुविधा के साथ आईसीयू बेड के लिए अधिकतम 18 हजार रुपए प्रतिदिन निर्धारित किए हैं।

इसी के साथ शासन ने एनएबीएच से गैर मान्यता प्राप्त अस्पतालों के लिए भी रेट तय किए हैं। 'ए' श्रेणी वाले शहरों में ऐसे अस्पताल ऑक्सीजन और सहयोगी सुविधा के साथ आईसोलेशन बेड के लिए अधिकतम आठ हजार, आईसीयू बेड के लिए 13 हजार और वेंटिलेटर सुविधा के साथ आईसीयू बेड के लिए अधिकतम 15 हजार रुपए प्रतिदिन वसूल सकेंगे।

शासनादेश में कहा गया है कि 'बी' और 'सी' श्रेणी के शहरों में स्थित सुपर स्पेशिएलिटी अस्पताल उक्त दरों का क्रमश: 80 और 60 प्रतिशत शुल्क वसूल सकेंगे। शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित कोविड अस्सालों हेतु यह शुल्क एक पैकेज है। इस पैकेज में कोविड केयर प्रोटोकॉल के अनुसार उपचार प्रदान किए जाने के लिए बेड, भोजन, नर्सिंग केयर, मॉनिटरिंग और इमेजिंग सहित अन्य आवश्यक जांच, डॉक्टर की विजिट आदि सुविधाएं सम्मिलित हैं। इतना ही नहीं को-मोर्बिड रोगियों का उपचार तथा अल्प अवधि की हीमो डायलिसिस की सुविधा भी पैकेज में शामिल है। यह दर निर्धारण बच्चों के उपचार पर भी लागू है। रेमडेसिविर, टोसिलीजूमाव व विभाग द्वारा समय-समय पर घोषित की गई अन्य दवाएं इस पैकेज में सम्मिलित नहीं हैं।

सीएमओ ने बताया कि अस्पताल के आयुष्मान भारत योजना से आबद्ध होने की दशा में सीजेरियन प्रसव के व्यय की प्रतिपूर्ति आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों के संबंध में अस्पताल से हो सकेगी।

## निर्माणाधीन मकान की दीवार गिरी, महिला समेत 4 दबे

**नोएडा।** सेक्टर-26 में स्थित एक निर्माणाधीन मकान में बेसमेंट की खुदाई करते समय दीवार गिर गई। इस घटना में 4 मजदूर दब गए। मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल विभाग की टीम ने मजदूरों को बाहर निकाला जिसमें से 2 मजदूरों की हालत नाजुक थी।

पुलिस उपायुक्त रणविजय सिंह ने बताया कि थाना सेक्टर-20 क्षेत्र के डी .ब्लॉक में स्थित एक मकान का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसमें मकान की बेसमेंट की खुदाई हो रही थी। खुदाई के समय बेसमेंट की दीवार अचानक गिर गई। इस घटना में भरत, पुष्पा, माया और रामेश्वरी दब गए। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची दमकल विभाग और पुलिस की टीम ने मिट्टी के ढेर में दबे मजदूरों को बाहर निकाला। उन्हें उपचार के लिए नोएडा के कैलाश अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां गंभीर रूप से घायल दो मजदूरों की मौत हो गई।

# घर वापस नहीं आया युवक किशोरी भी हुई लापता

● शिकायत के बाद तलाश में जुटी पुलिस

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

जनपद गौतमबुद्धनगर में 2 अलग-अलग थाना क्षेत्रों से एक किशोरी और एक युवक लापता हो गए हैं। इस मामले में दोनों के परिजनों ने कोतवाली में शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच करना शुरू कर दिया है। किशोरी के परिजनों ने एक युवक के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज करवाया है।

सेक्टर-39 थाना क्षेत्र में रहने वाला एक 19 साल का युवक घर से लापता हो गया। मामले में युवक के परिजनों ने थाने में लिखित शिकायत दी है। पुलिस का कहना है कि सदरपुर कॉलोनी में रहने वाला 19 साल का शिव कुमार अपने घर से लापता हो गया है। इस मामले में शिव कुमार के परिजनों ने लापता की शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिजनों का कहना है कि उनका बेटा किसी काम से बाहर गया था, लेकिन फिर वो वापस नहीं लौटा।

दूसरा मामला नोएडा के सेक्टर-.8 का है। यहां एक 16 साल की किशोरी लापता हो गई है। इस मामले में किशोरी के परिजनों ने थाने में लिखित शिकायत दी है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

सेक्टर-20 थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि सेक्टर-8 में रहने वाली एक किशोरी अचानक लापता हो गई। इस मामले में युवती के परिजनों ने सोहेल नामक एक युवक पर बहला-फुसलाकर अपहरण करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# सुपरटेक ट्विन्स टावर : बिल्डर को दोबारा देना होगा एक्शन प्लान

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

शहर के सेक्टर-93ए स्थित सुपरटेक एमरॉल्ड कोर्ट को गिराने के लिए नोएडा प्रधिकरण ने बिल्डर से नया एक्शन प्लान मांगा है। नया एक्शन प्लान आने पर दोबारा से संस्तुति के लिए सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीटयूट (सीबीआरआई) को भेजा जाएगा। इसके बाद टावर गिराने की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

सुपरटेक की ओर से चयनित की गई एडिफिस कंपनी ने बिल्डर के माध्यम से एक्शन प्लान नोएडा प्राधिकरण को दिसंबर के शुरुआत में दे दिया था। इस प्लान का अध्ययन करने के बाद सीबीआरआई ने इस प्लान में शामिल करने के लिए कुछ सुझाव दिए थे। उन पांच-छह सुझावों को नोएडा प्राधिकरण ने बिल्डर को भेज दिया है। प्राधिकरण ने बिल्डर से संशोधित एक्शन प्लान देने को कहा है। बिल्डर से प्लान आने पर उसको सीबीआरआई को भेजा जाएगा। सीबीआरआई की मुहर लगते ही टावर गिराने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इससे पहले बिल्डर को संबंधित कंपनी के साथ अनुबंध की प्रक्रिया भी करनी है।

कंपनी नोएडा प्राधिकरण और सीबीआरआई के समक्ष टावर गिराने का प्रस्तुतिकरण दे चुकी है।

## नकली सामान बनाने वाली फैक्ट्री पर छापा

**गाजियाबाद।** ट्रॉनिका थाना एरिया की रामपार्क चौकी क्षेत्र की अरूण इंकलेव कालोनी में पुलिस ने देर रात ब्रांडेड उत्पाद का डुप्लीकेट बनाने वाली फैक्ट्री पर छापेमारी कर भारी मात्रा में ब्रांडेड साबुन, सर्फ, चाय पत्ती ,शैम्पू आदि समान बरामद किया है। पुलिस ने इस मामले में मौके से 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। बरामद माल की कीमत लाखों में बताई जा रही है।

ट्रॉनिका थाना प्रभारी अरविन्द पाठक ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि ये काफी समय से रामपार्क चौकी क्षेत्र की सोहन सिटी, अरूण इंकलेव कॉलोनी में नकली सामान बनाने की फैक्ट्री का संचालन कर रहे थे।

## संक्षिप्त समाचार


नोएडा मीडिया क्लब में प्रेसवार्ता को संबोधित करतीं प्रसिद्ध कथावाचक मृदुल गोस्वामी के भाई की पत्नी।

### कथावाचक पर जायदाद से बेदखल करने का आरोप

**नोएडा।** प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए संतोष गोस्वामी ने बताया कि उनकी शादी मथुरा जिले के वृंदावन निवासी विपुल गोस्वामी के साथ हुई थी जिसकी मृत्यु के बाद उनके पति के बड़े भाई मृदुल कृष्ण गोस्वामी ने उनके पति की जायदाद पर अपना हक जमाना शुरू कर दिया और उनको तथा उनके बच्चों को मजबूर कर दिया कि वह लोग वृंदावन छोड़कर अपने मायके दिल्ली जाकर रहें। इस बीच संतोष गोस्वामी ने जब-जब वृंदावन जाकर अपने स्वर्गवासी पति के पुश्तैनी घर में रहना चाहा तब-तब उनके जेठ मृदुल गोस्वामी जो कि एक प्रसिद्ध भागवत कथा वाचक हैं ने अपने यहां काम कर रहे लोगों द्वारा डराने धमकाने का काम किया और उन्हें वहां से भगा दिया। संतोष गोस्वामी ने बताया कि उन्होंने मामले में दिल्ली पुलिस एवं मथुरा पुलिस से कथावाचक मृदुल गोस्वामी के खिलाफ शिकायत भी दर्ज कराई लेकिन उनके प्रभावशाली जेठ ने अपनी तिगड़म से कोई कार्यवाही नहीं होने दी।

### आरकेआई के दो छात्र इंस्पायर अवार्ड से सम्मानित

**गाजियाबाद।** प्रौद्योगिकी क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रामकिशन इंस्टीट्यूट के दो विद्यार्थियों को केंद्र सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने इंस्पायर अवार्ड मानक से सम्मानित किया। कक्षा 10 के छात्र हर्षित शर्मा और कक्षा 9 की छात्रा नंदिनी अग्रवाल को इस अवार्ड के साथ-साथ दस दस हजार की नकद राशि भी दी गई है। आरकेआई के निदेशक डॉक्टर आलोक गर्ग ने दोनों विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट देकर उनका मनोबल बढ़ाया और दूसरे छात्रों को भी इसी तरह प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इसी क्रम में आरकेआई की प्रधानाचार्या डॉ मालती गर्ग ने कहा कि उनके विद्यालय के लिए बहुत ही गर्व का विषय है कि भारत सरकार ने उनके स्कूल के दो विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में सम्मानित किया है। स्कूल की इस सफलता से जहां सभी शिक्षक गदगद हैं, वहीं दोनों छात्रों के अभिभावक और परिजन भी फूले नहीं समा रहे हैं।



# दुनिया के सबसे बड़े एक्सप्रेसवे से जुड़ेगा जेवर एयरपोर्ट

*तीन मार्च में जारी होगा ऑनलाइन टेंडर, रोजाना लाखों लोगों को मिलेगा फायदा*

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा


ग्राफिक्स इमेज

जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट को दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेसवे से जोड़ने का काम इसी साल से शुरू हो जाएगा। मार्च 2024 तक जेवर एयरपोर्ट और दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेसवे से जोड़ा जाएगा। इसके लिए इसी साल 3 मार्च को ऑनलाइन टेंडर जारी किए जाएंगे और 4 मार्च को तकनीकी बिड खोली जाएगी। इस परियोजना के लिए वित्तीय बिड खुलने के बाद न्यूनतम कीमत पर सड़क बनाने वाली कंपनी को टेंडर दिया जाएगा। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट दुनिया के सबसे बड़े दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेसवे से जोड़ा जाएगा।

इसके लिए हरियाणा और यूपी में 31 किमी लंबा 6 लेन का ग्रीनफील्ड कनेक्टिंग मार्ग बनाया जाएगा, जो जेवर एयरपोर्ट को फरीदाबाद जिले में इस एक्सप्रेसवे से जोड़ेगा। इस प्रोजेक्ट पर करीब 2,100 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इस महत्वपूर्ण मार्ग के लिए भूमि अधिग्रहण की स्वीकृति केंद्रीय मंत्रालय ने दे दी है। यह परियोजना इसी साल शुरू हो जाएगी। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने हरियाणा के सोहना में इसकी घोषणा की थी।

मार्च 2024 में जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से जुड़ जाएगा। छह लेन की कनेक्टिंग रोड के निर्माण को लेकर मार्च के अंत तक वर्क ऑर्डर जारी कर दिया जाएगा। इसके बाद 24 महीने यानी मार्च 2024 तक में निर्माण एजेंसी को प्रोजेक्ट तैयार करना होगा। 1533.34 करोड़ की लागत से बनने वाली छह लेन की रोड को भविष्य के लिहाज से काफी अहम माना जा रहा है।

## मोहम्मद यासीन सपा मजदूर सभा के प्रदेश सचिव नियुक्त

**नोएडा।** गांव झुंडपुरा स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सपा कार्यकर्ताओं द्वारा मोहम्मद यासीन का जोरदार स्वागत सम्मान किया गया। प्रदेश अध्यक्ष राम सिंह ने नोएडा निवासी मोहम्मद यासीन को मजदूर सभा का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है।

इस अवसर पर देवेन्द्र गुर्जर अध्यक्ष नोएडा विधानसभा ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा की पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत करने के लिए कार्यकर्ता चुनावी तैयारियों में जुट जाएं।

# 300 लोगों को लगाया करोड़ों रुपए का चूना

## आठ आरोपी दबोचे, 42 लाख नगदी-5 लैपटॉप और 4 कारें बरामद

● इंश्योरेंस पॉलिसी के नाम पर करते थे ठगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गौतमबुद्धनगर पुलिस ने मंगलवार को एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। इंश्योरेंस और पॉलिसी दिलाने के नाम पर सैकड़ों लोगों से करोड़ों रुपए की ठगी करने वाले गैंग का पर्दाफाश किया है। इस गैंग में एक महिला समेत 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पिछले साल 13 अप्रैल 2021 को इन साइबर अपराधियों ने मोहम्मद रियाज हसन नामक एक व्यक्ति के साथ ठगी की थी। इस व्यक्ति को साइबर ठगों ने 2 करोड़ रुपए का चूना लगाया था।

डीसीपी राजेश एस ने जानकारी देते हुए बताया कि सेक्टर-58 कोतवाली पुलिस ने आज एक गैंग का पर्दाफाश किया हैं। थाना सेक्टर-58 पुलिस ने एक सूचना के आधार पर गाजियाबाद के डासना में छापेमारी करके अमर पाल उर्फ रामप्रताप अजहर उर्फ अजरुदीन उर्फ शंभूनाथ विकास उर्फ एके त्रिपाठी मोहन उर्फ एके गुप्ता नीरज नीतू आर्य उर्फ प्रीति त्यागी उर्फ स्वाति सेठी सुनील उर्फ सुशील और शाहरुख को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार बदमाशों में नीरज एमबीए की पढ़ाई किए हुए हैं, जबकि अमरपाल ने एमसीए किया है। इन बदमाशों ने सेक्टर-62 में रहने वाले एनटीपीसी से रिटायर अधिकारी मोहम्मद रियाज से जीवन बीमा और विभिन्न प्रकार की पॉलिसी कराने के नाम पर एक करोड़ 42 लाख रुपए की ठगी की थी। इस मामले की जांच के दौरान ही पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार बदमाशों ने पुलिस को बताया कि इन लोगों ने देश के विभिन्न जगहों पर रहने वाले 250-300 लोगों से करोड़ों की ठगी की है।

पुलिस ने इनके पास से करीब 48 लाख रुपए नगद 16 मोबाइल फोन 5 लैपटॉप और 4 लग्जरी कारें आदि बरामद की हैं। विकास सोहन और नीतू साल 2017 में इंडिया इफोफ ईनेन्स लिमिटेड सेक्टर-63 मे जॉब करते थे। जहां पर कुछ समय बाद इनकी मुलाकात नीरज अजहर और अमरपाल से हुई। ये सभी अलग.अलग कंपनियों के इंश्योरेन्स पॉलिसी का डाटा रखते थे जिससे इन लोगों ने काफी लोगों को फर्जीवाडा का शिकार बनाया है।


## भौतिक कब्जे की सूचना

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर -23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली -110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है अतएव एतद् द्वारा कर्जदार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा भौतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्जदार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्जदार/ सह-कर्जदार का नाम/ऋण खाता क्र. | सम्पति का विवरण/ भौतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रीना वर्मा/ मुकुल वर्मा LBDEL00005243194 LBDEL00005259497 | प्लॉट नंबर-20 और 21, कांबीपुरा एसकेसी, रैनबो, लेआउट, बैंगलोर कर्नाटक 2400 वर्ग फुट के क्षेत्र को मापने 06/01/2022 | जून 25, 2021 ₹.1,09,73,040/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्जदार/सह-कर्जदार एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: जनवरी 12, 2022
स्थान: दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.



## पहचान की अपील



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक पुरुष (फोटो में दर्शाया गया) जिसका नाम: **नामालूम,** परिवार व पता: **नामालूम, उम्र: लगभग 25 वर्ष,** जो दिनांक 27.09.2019 को शाहदरा फ्लाईओवर पर घायल अवस्था में पाया गया था। जिसे जी.टी.बी. अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। जिसकी दिनांक 08.10.2019 को इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। इस संदर्भ में एफआईआर संख्या **248/19** दिनांक **28.09.2019 धारा 279/304ए आईपीसी के तहत थाना** शाहदरा, **दिल्ली** में रिपोर्ट दर्ज है। डेड बॉडी की पहचान नही हो पाई थी।

जिसका हुलिया नीचे दिया गया है:-

**लिंग:** पुरुष, **आयु:** लगभग 25 वर्ष, **कद:** 5'6" फुट, **रंग:** गेहुंआ, **चेहरा:** अंडाकार, **जिस्म:** पतला, **पहनावा:** काले रग की टी-शर्ट एवं काले रंग की पेंट पहने हुआ था।

मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग रखने वाला कोई भी व्यक्ति निम्नलिखित पते या टेलीफोन नंबर पर सूचित करें।

थाना प्रभारी
थाना शाहदरा, दिल्ली
फोन: 011-22831778
मो. नं.: 7065036027

DP/694/SHD/2021



THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Mohd Aslam, S/o. Abdul Razzaq Resident of 63/1, 4th floor, Gali No.20, Zakir Nagar, Okhla, New Delhi-110025 have declared that My wife's Name is wrongly mentioned in My Passport No K7015443 as Jamsheeda Begum, and her correct and actual Name is Rashida Begum for all future purposes. PD(9134)A

## सार्वजनिक सूचना

मेरे व्यवहारी श्री वीरेंद्र कुमार भार्गव, पुत्र श्री देव दत्त भार्गव, आयु 63 वर्ष और श्रीमती पुष्पा भार्गव निवासी के-71, मुख्य वसंत कुंज रोड, महिपालपुर, नई दिल्ली-110037 है और मानसिक रुप से पूर्णत: स्वस्थ चित है और यह घोषणा करते हैं कि मेरे पुत्र अंकुर भार्गव और बहु पिंकी शर्मा आए दिन संपत्ति को लेकर मुझसे व मेरी पत्नी से लड़ते झगडते रहते हैं और मेरी पुत्रवधू पिंकी शर्मा मुझको व मेरी पत्नी को झूठे दहेज व अन्य मुकदमों में फंसाने की धमकी देती रहती है। इस कारण से आज दिनाँक 12.01.2022 से मै पुत्र अंकुर भार्गव और बहु पिंकी शर्मा से अपने सारे रिश्ते नाते खत्म करता हुँ और इन सबको अपनी सभी प्रकार की चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हुँ। आज दिनाँक 12.01.2022 के बाद मेरा व मेरी पत्नी व मेरे अन्य बच्चों इनके साथ किसी भी प्रकार का कोई संबध सरोकार नही होगा और उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए मैं, मेरी पत्नी और मेरे अन्य बच्चे जिम्मेदार नही होंगे।

दिनाँक:- 12.01.2022

द्वारा अधिवक्ता
नितिन भारद्वाज (एडवोकेट)
रजि0 नं0 D597E/96

## PUBLIC NOTICE

TAKE NOTICE THAT at behest of our client, we are investigating title of Mr. Kanti Lal & Mrs. Monika Meena ("Borrower") for Portion of Plot/ Property area measuring 32 sq. yds. (out of total area measuring 450 sq. yds.), Part of khasra No. 591, Situated in the area of Village Nasirpur, abadi known as Sadh Nagar, Palam Colony, New Delhi ("Said Property") who intends to buy the said property from Mrs. Bindu Sahu by availing a loan from our Client i.e. Fullerton India Home Finance Company Ltd. by creating a mortgage against said property. Any Person having any claims or rights in respect of the Said Property are/is hereby requested to make the same known in writing to the undersigned within a period of 7 (seven) days from the date of publication of this notice of his/her/their share or claim, if any, with all supporting documents, failing which, it will be assumed that there are no claims or issues in respect of Said Property and the transaction, if any shall be completed without reference to the claims, if any.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com



**punjab national bank**
...Together for the better

**सर्कल सस्तरा, जालंधर (पश्चिम) दूसरा तल 922, जी.टी. रोड, जालंधर, पंजाब**

## अचल जायदाद की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

सिक्योरिटी इंट्रस्ट (एनफोर्समैंट) रूल्ज 2002 के रूल 8(6) के प्रोविजो सहित पढ़े जाते "सिक्योरिटाईजेशन एंड रीकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनैंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समैंट ऑफ सिक्योरिटी इंट्रस्ट एक्ट 2002" केअधीन अचल एसेट्स की बिक्री के लिएई-नीलामी बिक्री सूचना। नोटिस एतद् द्वारा आम तौर पर जनता को तथा विशेष, तौर पर कर्जदार (ों) और गारंटर (ों) को दिया जाता है कि सिक्योर्ड क्रैडिटर के पास निम्नवर्णित अचल जायदाद (ों) मार्टगेज्ड / चार्ज्ड का, रचनात्मक / मूल / सांकेतिक कब्जा, जिसका बैंक के अधिकृत अफसर, सिक्योर्ड क्रैडिटर द्वारा ले लिया गया है, की बिक्री "जैसे है जहां है", "जो है सो है" तथा "जो भी है जहां है" आधार पर अलग-अलग कर्जदार (ों) और गारंटर (ों) से बैंक / सिक्योर्ड क्रैडिटर को उनके देयों की वसूली के लिए, इसमें निम्न सारिणी में वर्णित अनुसार तिथि को की जाएगी। आरक्षित कीमत और धरोहर राशि जमा अलग-अलग जायदादों के सामने निम्न सारिणी में वर्णित अनुसार होगी।

### सिक्योर्ड एसेट्स का शैड्यूल

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | ब्रांच का नाम / खाते का नाम / कर्जदार/गारंटर का नाम और पद | मार्टगेज्ड अचल जायदादों का विवरण/ मालिक का नाम / जायदाद (ों) की मार्टगेजर | ई) सरफेसी एक्ट 2002 की धारा 13(2) के अधीन डिमांड नोटिस की तिथि एफ) बकाया राशि के अनुसार - जी) कब्जा सांकेतिक/मूल/रचनात्मक की प्रकृति | ए) आरक्षित कीमत (रु. लाखों में) बी) ईएमडी सी) बोली वृद्धि राशि | ई-नीलामी की तिथि/ समय | सिक्योर्ड क्रैडिटर्स को ज्ञात भारों के विवरण |
| 1. | इंडस्ट्रीयल एरिया, जालंधर कर्जदार (ों) : 1. मैसर्ज आर.एस. इंटरनैशनल, प्लाट नं. 71, लैदर काम्प्लैक्स, कपूरथला रोड, जालंधर, 2. मैसर्ज कांति लॉज प्राइवेट लिमि., 46 अमृत नगर, न्यू दिल्ली, 3. श्रीमती पूनम विरालिया पत्नी श्री विनय कुमार, 4. श्री खुशाल विरालिया पुत्र विनोद कुमार, 5. श्री विनोद कुमार पुत्र रघुवीर सिंह, 6. श्री विनय कुमार पुत्र श्री रघुवीर सिंह, 7. श्री रघुवीर सिंह (252/3एशिवलोकपुरी, कंकर खेड़ा, मेरठ, उत्तर प्रदेश) | रिहायशी प्लाट नं. 1/2 ए आरटीडी नं. 6807 तिथि 28.05.2011 मैसर्ज कांति लॉज प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर इसके निदेशकों मि. विनय कुमार तथा रघुवीर सिंह द्वारा मौजा रिठानी, परगना, ओल्ड मेरठ दिल्ली नैशनल हाईवे, तहसील तथा जिला मेरठ में स्थित। दिशाएं निम्न आनुसार :- पूर्व - अन्यों के अहाता, पश्चिम - रास्ता आम, उत्तर - अन्यों की जायदाद, दक्षिण - अन्यों का अहाता, भूमि परिमाप 2365.38 वर्ग मीटर्स जिसका खसरा नं. 1034 मिन, 1035 मिन, 1037 मिन। Property ID PUNB0242XRSI | डिमांड नोटिस तिथि 11.10.2018 30.09.2018 के अनुसार बकाया राशि रु. 4,81,91,668.69 (रुपए चार करोड़ इक्यासी लाख इक्यानवें हजार छह सौ अड़सठ तथा उनहत्तर पैसे मात्र) + भावी ब्याज तथा अन्य चार्जिस जब तक पूरी अदायगी नहीं की जाती है। धारा 13(4) के अधीन कब्जा तिथि 24.12.2018, मूल कब्जा | A) Rs. 4,25,30,000 (Rupees Four Crore Twenty Five Lacs Thirty Thousand Only) B) Rs. 43,00,000.00 (Rs. Forty Three Lac Only) C) Rs. 10,000.00 (Rs. Ten Thousand Only) | 31-01-2022 01:00 PM TO 02:00 PM | NIL |

### नियम और शर्तें

बिक्री सिक्योरिटी इंट्रस्ट (एनफोर्समैंट में निर्धारित नियमों और शर्तों तथा अधोलिखित अन्य शर्तों का विषय होगी : 1) जायदादों की बिक्री "जैसे है जहां है" आधार तथा "जो है सो है आधार" और "जो भी है जहां है" आधार पर की जा रही है। 2) यहां उपरोक्त शैड्यूल में निर्दिष्ट सिक्योर्ड एसेट्स का विवरण अधिकृत अफसर की जानकारी के अनुसार सर्वोत्तम बताया गया है परंतु अधिकृत अफसर किसी त्रुटि, गलत बयानबाजी या इस उद्घोषणा में चूक के लिए उत्तरदायी नहीं होगी। 3) बिक्री कामल नं. 6 में उपरोक्त दिए समय के अनुसार 31-01-2022 को वैबसाइट https://www.mstcecommerce.com पर मुहैया ई-नीलामी प्लेटफार्म के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी। 4) बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया www.ibapi.in, www.mstcecommerce.com का संदर्भ लें।

**दि सरफेसी एक्ट, 2002 के नियमों के अधीन वैधानिक 15 बिक्री नोटिस**

तिथि : 11-01-2022 | स्थान : जालंधर | अधिकृत अधिकारी (पंजाब नैशनल बैंक, सिक्योर्ड क्रैडिटर)


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तो और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# राजधानी में 15 जनवरी तक शीर्ष पर होगी तीसरी लहर

## मुख्यमंत्री ने कहा- समूचे एनसीआर में कोविड पाबंदियां लगाई जाएं, केंद्र ने दिया आश्वासन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी में कोरोना की तीसरी लहर के 15 जनवरी के आसपास अपने शीर्ष पर होगी, इस दौरान एक दिन में 70,000 हजार नए मामले आ सकते हैं। मंगलवार को कोरोना संक्रमण के 21,259 नए मामले आए और 23 मरीजों की मौत हुई।

वहीं मुख्यमंत्री केजरीवाल ने सीएम केजरीवाल ने कहा है कि केंद्र सरकार केंद्र के प्रतिनिधियों ने दिल्ली सरकार को आश्वासन दिया आईआईटी के वैज्ञानिकों के 'सूत्र' मॉडल ने अनुमान जताया है कि दिल्ली में तीसरी लहर 15 जनवरी के करीब अपने शीर्ष पर होगी और इस दौरान शहर में करीब 70,000 मामले आ सकते हैं। मंगलवार को कोविड-19 से 23 और लोगों की मौत होने के साथ ही संक्रमण के 21,259 नए मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही राष्ट्रीय राजधानी में संक्रमण दर बढ़कर 25.65 फीसदी हो गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मंगलवार को यहां साझा किए गए आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि सोमवार को कुल 82,884 नमूनों की जांच की गई, जिनमें 61,060 आरटी-पीसीआर जांच शामिल हैं। दिल्ली में अस्पतालों में इस समय कुल 2,209 कोविड मरीज भर्ती हैं जिनमें से 84 वेंटिलेटर पर हैं। स्वास्थ्य विभाग ने जानकारी दी कि दिल्ली में कोविड-19 के वर्तमान में 74,881 उपचाराधीन मामले हैं, जिनमें से 50,796 लोग गृह पृथक-वास में हैं।



मंगलवार को लोक नायक अस्पताल में कोविड स्थिति की समीक्षा करने के बाद केजरीवाल ने पत्रकारों से कहा कि इस बात का पूर्वानुमान लगाना मुश्किल है कि कोरोना वायरस की तीसरी लहर चरम स्थिति पर कब पहुंचेगी।

उन्होंने कहा कि सरकार को मजबूरी में प्रतिबंध लगाने पड़े हैं और दोहराया कि पूर्ण लॉकडाउन नहीं लगाया जाएगा। केजरीवाल ने कहा कि पूरे देश में कोविड-19 के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं और दिल्ली में भी मामले तेजी से बढ़े हैं लेकिन हमने देखा है कि वायरस के फैलने की रफ्तार थोड़ी कम हुई है। मुझे उम्मीद है कि यह रुझान निकट भविष्य में जारी रहेगा और कोविड के प्रसार में कमी आएगी। केजरीवाल ने कहा कि आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक में हमने केंद्र के प्रतिनिधियों से कहा कि सिर्फ दिल्ली में ही नहीं, बल्कि पूरे एनसीआर में पाबंदियां लागू की जाएं। उन्होंने हमें आश्वासन दिया है कि दिल्ली में लागू प्रतिबंधों को क्षेत्र में लागू किया जाएगा।

## गंभीर बीमारियों से पीड़ित संक्रमितों का इलाज विशेषज्ञ डॉक्टर करें

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने मंगलवार को एक परामर्श जारी कर सभी अस्पतालों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि पहले से किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित कोविड से संक्रमित मरीजों का इलाज विशेषज्ञ डॉक्टर ही करें। परामर्श में कहा गया है कि दिल्ली में पिछले हफ्ते से कोविड-19 के कारण होने वाली मौतों में वृद्धि देखी गई है और दिसंबर के अंतिम सप्ताह से 70 मौतें अस्पतालों से रिपोर्ट हुई हैं।

उसमें कहा गया है कि इस दौरान जान गंवाने वाले ज्यादातर मरीज़ कैंसर, दिल व जिगर रोग जैसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित थे।

## अभी भी मास्क नहीं पहन रहे लोग, 4400 का चालान

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने सार्वजनिक या कार्यस्थलों पर मास्क नहीं लगाने पर सोमवार को 4,434 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की। 11 जिलों में मास्क नहीं लगाने पर 4434 लोगों का चालान किया गया। वहीं 107 लोगों का चालान एक-दूसरे से दूरी के नियम का पालन नहीं करने पर, 17 लोगों का चालान सार्वजनिक स्थानों पर थूकने को लेकर और शराब व तंबाकू आदि खाने पर किया गया है।

## जेलों में 66 कैदी और 48 कर्मचारी संक्रमित

**नई दिल्ली।** तीन जेलों में 66 कैदी और 48 कर्मचारी कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। दिल्ली कारागार के महानिदेशक संदीप गोयल ने कहा कि किसी भी संक्रमित की हालत गंभीर नहीं है। सोमवार तक संक्रमित पाए गए 66 कैदियों में से 42 तिहाड़ और 24 मंडोली जेल में हैं। संक्रमित पाए गए 48 कर्मचारियों में से तिहाड़ के 34, मंडोली जेल के आठ और रोहिणी जेल के छह कर्मचारी हैं।

## दूसरी बीमारियों से पीड़ितों को कोविड-19 का अधिक खतरा

- एलएनजेपी के 136 कोविड मरीजों में 130 थे दूसरी बीमारियों से पीड़ित



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

एलएनजेपी अस्पताल के 136 कोविड रोगियों में 130 अन्य रोगों का उपचार कराने आए थे, लेकिन भर्ती होते समय वे कोरोना वायरस संक्रमित पाए गए। यह जानकारी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को दी।

लोक नायक जय प्रकाश नारायण (एलएनजेपी) में हालात की समीक्षा करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्पताल में भर्ती मात्र छह रोगी कोविड का उपचार कराने के लिए आए थे। उन्होंने यह भी कहा कि राजधानी में कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर पिछले साल अप्रैल की भीषण मारक लहर की तुलना बहुत मामूली है। केजरीवाल ने पत्रकारों से कहा कि पिछली लहर के दौरान बड़ी संख्या में कोविड रोगियों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करना पड़ा था। लेकिन यह संख्या इस बार बहुत कम है। विभिन्न अस्पतालों में अभी करीब 2000 कोविड रोगियों का उपचार चल रहा है। मुझे पूरा विश्वास है कि जो लोग केवल कोविड-19 से संक्रमण के कारण उपचार कराने आ रहे हैं, उनकी संख्या बहुत कम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना वायरस संक्रमण के मामले भले ही बढ़ रहे हैं, किंतु अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या अभी बहुत कम है। उनके अनुसार कोरोना संक्रमण से मरने वालों की संख्या भी अपेक्षाकृत कम है, किंतु सरकार किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।

जनवरी महीने के पहले 10 दिनों में कुल 70 कोविड रोगी की मौत हुई। दिल्ली में सोमवार और मंगलवार को 17-17 कोविड रोगियों की मौत हुई। दिल्ली में इसके पहले पिछले पांच महीनों के दौरान केवल 54 कोविड रोगियों की मौत दर्ज की गई थी। इससे पहले दिन में स्वास्थ्य विभाग ने यह परामर्श जारी कर सभी अस्पतालों से कहा था कि गंभीर एवं अन्य बीमारियों से पीड़ित कोविड रोगियों पर विशेषज्ञ समुचित ध्यान दें।

## रेस्तरां बंदी और वर्क फ्राम होम पर जताया एतराज

- रेस्तरां मालकों व कैट ने डीडीएमए के निर्णय को बताया अन्यायपूर्ण

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

रेस्तरां और बार मालिकों और कैग ने मंगलवार को डीडीएमए के उस निर्णय पर नाखुशी जताई जिसमें लोगों को बैठाकर भोजन कराने समेत अन्य सेवा पर रोक लगा दी गई है।

मालिकों ने डीडीएमए से अपने फैसले की समीक्षा करने का अनुरोध किया है। मालिकों का कहना है कि ताजा फैसले के कारण कई कारोबारियों को दुकान बंद करनी पड़ सकती है, क्योंकि ग्राहकों के लिए सामान साथ ले जाने (टेकअवे) जैसी सेवा से किराये और कर्मचारियों के वेतन का खर्च नहीं निकल सकता।

मालिकों ने कहा कि रेहड़ी पटरी पर चलने वाली खाने-पीने की दुकानें खुली हैं और मेट्रो सेवा एवं बसें पूरी क्षमता के साथ चल रही हैं, ऐसे में रेस्तरां और बार को बंद करना 'अन्याय' है।

भारत के राष्ट्रीय रेस्तरां संघ (एनआरएआई) के कोषाध्यक्ष मनप्रीत सिंह ने कहा कि पहले के लॉकडाउन के कारण लगे झटकों से रेस्तरां और बार अब तक नहीं उबर पाए हैं, ऐसे में नई पाबंदियां चीजों को और बिगाड़ देंगी।

व्यापारी संगठन कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने इस फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए दिल्ली के उपराज्यपाल को पत्र लिखा है। साथ ही इस फैसले को जल्दबाजी में लिया गया निर्णय बताया है।

## उमर खालिद की जमानत का पुलिस ने किया विरोध

**नई दिल्ली।** पुलिस ने दिल्ली दंगों के मामले में उमर खालिद की जमानत याचिका का विरोध किया और कहा कि दंगों की साजिश का मकसद आखिरकार भारत सरकार को 'घुटनों पर लाना' और लोकतंत्र की 'बुनियाद को अस्थिर करना' था। खालिद और कई अन्य लोगों पर विधि विरुद्ध क्रियाकलाप (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज किया गया है और उन पर 2020 में हुए दंगों की साजिश रचने का आरोप है जिनमें 53 लोग मारे गये थे और 700 से ज्यादा लोग घायल हो गये।

## कबूतरबाजी के मास्टरमाइंड समेत आठ गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** आम लोगों को ब्रिटेन में बसाने का सपना दिखाने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। पुलिस ने इस मामले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया है।

आरोपी यात्रियों से फर्जी वीजा और पासपोर्ट बनाने के बदले 12 लाख रुपये तक वसूलते थे। मास्टरमांइड कमल एयरपोर्ट थाना पुलिस ने भदोही यूपी से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान अरमान, अमृतपाल, जगदीप, गुरविंदर, राहुल रोशन सिंह, दीपक और मनबीर के रूप में हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### विश्व पटल पर 'हिंदी की स्थिति' विषय पर परिचर्चा

**नई दिल्ली।** विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में श्री अरबिंदो कॉलेज के हिंदी विभाग की नवोन्मेष साहित्य सभा द्वारा आयोजित 'विश्व पटल पर हिंदी की स्थिति' विषय पर ऑन लाइन वेबिनार के माध्यम से एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। परिचर्चा में विभाग प्रभारी प्रोफेसर हंसराज सुमन, डॉ. प्रदीप कुमार सिंह, डॉ. रोशन लाल मीणा, डॉ. सीमा कुमारी, डॉ.दीपा दीप, डॉ. शिवमंगल कुमार आदि ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन योगिता जोशी ने किया । प्रोफेसर हंसराज सुमन ने कहा कि हिंदी आज विश्व बाजार की भाषा बनती जा रही है। डॉ. प्रदीप कुमार सिंह ने यदि भारत का आत्मीय संबंध अन्य देशों के साथ बढ़ाना है तो हिंदी ही एक मात्र उसकी वाहक हो सकती है। अंत में सभी का धन्यवाद नवोन्मेष साहित्य सभा के छात्र अध्यक्ष योगराज सिंह ने किया और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम भारतीय संस्कृति व भाषा से जोड़ते है।

### डॉ. त्रेहन-दीपा मलिक बने एनडीएमसी के ब्रांड एंबेसडर

**नई दिल्ली।** कोविड-19 और इसके नए संस्करण-ओमिक्रोन के बढ़ते मामलों के मद्देनजर नई दिल्ली नगरपालिका परिषद ने अपने ब्रांड एंबेसडर डॉ नरेश त्रेहन और दीपा मलिक के साथ नागरिकों की सहभागिता के लिए और कोविड के बारे में उचित व्यवहार परिवर्तन के लिए एक इंटरैक्टिव वर्चुअल कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में पालिका परिषद के अध्यक्ष धर्मेंद्र और सचिव ईशा खोसला भी उपस्थित थे।

### केजरीवाल चुनावी में व्यस्त, जनता पस्त : कांग्रेस



**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने कहा कि कोविड महामारी के दौरान केजरीवाल सरकार की असफलाताओं के दुष्परिणाम से दिल्लीवासी इतने प्रभावित हो रहे है कि अजीविका संकट के चलते एक स्ट्रीट वेंडर ने खुदखुशी कर ली। कारण लोगों का रोजगार खत्म हो रहा है और श्रमिक वर्ग, रेहड़ी पटरी व प्रतिदिन कमाकर खाने वाले प्रवासियों ने पलायन शुरु कर दिया है। कुमार ने कहा कि अरविन्द केजरीवाल पंजाब की तैयारी में व्यस्त है और दिल्ली जनता को कोरोना से जुझने के लिए छोड़ दिया है। वहीं कोविड की मामले बढ़ रहे है लगातार पाबंदियों बढ़ रही है और लोग रोजी रोटी के लिए परेशान है।




पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 12 जनवरी, 2022



# गुरुग्राम के कई क्षेत्रों में बनाए 26 कंटेनमेंट जोन

## कंटेनमेंट जोन के संशोधित आदेश जारी

## सबसे कम बने यूपीएचसी फाजिलपुर तथा पीएचसी गढ़ी में

**गुरुग्राम।** कोरोना की रोकथाम के लिए जिलाधीश डा. यश गर्ग द्वारा मंगलवार को संशोधित कंटेनमेंट जोन आदेश जारी किए गए। जिसके अनुसार जिले में अब सात पीएचसी व यूपीएचसी क्षेत्रों में 26 कंटेनमेंट जोन बनाए गए हैं।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की कंटेनमेंट पुनरीक्षण समिति की संस्तुति पर जिलाधीश ने कंटेनमेंट के जो नए आदेश जारी किए हैं, उसमें सबसे ज्यादा सात कंटेनमेंट जोन बादशाहपुर पीएचसी क्षेत्र में बनाए गए हैं। एक जोन पीएचसी वजीराबाद, 5 यूपीएचसी चंद्रलोक, 6 यूपीएचसी तिगड़ा, 2 यूपीएचसी फाजिलपुर तथा 2 पीएचसी गढ़ी में बनाया गया है। आदेशों में कहा गया है कि यदि इन क्षेत्रों में कोई भी नया पॉजिटिव केस नहीं आता है तो 14 दिन की अवधि के बाद कंटेनमेंट जोन को अपने आप ही उस श्रेणी से बाहर माना जाएगा।

आदेशों में कहा गया है कि कंटेनमेंट जोन में आम जनता के आवागमन पर प्रतिबंध रहेगा और केवल आवश्यक सेवाएं तथा आपातकालीन स्थिति में आवागमन की अनुमति होगी। पूरे कंटेनमेंट जोन को सील किया जाएगा। एसडीएम गुरुग्राम तथा एसडीएम बादशाहपुर अपने-अपने क्षेत्र के एसीपी या एसएचओ से तालमेल करके कंटेनमेंट जोन क्षेत्र की सीमाएं तय करते हुए उसमें प्रवेश तथा निकासी के स्थानों को चिन्हित करेंगे। एसडीएम इन क्षेत्रों में आवश्यक सेवाओं तथा आपात कालीन आवागमन के लिए अधिकृत व्यक्तियों को पास आदि जारी किए जाएं। इन कंटेनमेंट जोन क्षेत्रों में सिविल सर्जन गुरुग्राम द्वारा डोर टू डोर स्क्रीनिंग अथवा थर्मल स्कैनिंग के लिए पर्याप्त संख्या में टीमें लगाई जाएंगी। ये टीमें सिविल सर्जन की देख-रेख में काम करेंगी तथा इन क्षेत्रों में लगाए जाने वाले स्टाफ को अपनी सुरक्षा के लिए पीपीई उपकरण आदि दिए जाएंगे।

# कोरोना व वैक्सीनेशन पर विस्तृत चर्चा में कई भ्रांतियों से उठा पर्दा

## कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल हुए वरिष्ठ डॉक्टर सुशीला कटारिया से रूबरू

## डा. सुशीला कटारिया ने आईसीएमआर की गाइडलाइंस के बारे में बताया

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**मंगलवार** को कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल ने प्रसिद्ध चिकित्सक मेदांता मेडिसिटी में इंटरनल मेडिसिन विभाग की वरिष्ठ निदेशक डा. सुशीला कटारिया से विस्तार से बात करते हुए ज्ञानवर्द्धक बातें आम जन तक पहुंचाई।

गवर्नमेंट गाइडलाइंस ऑफ ओमिक्रोन एवं वैक्सीनेशन विषय पर ऑनलाइन साक्षात्कार में उन्होंने कई भ्रांतियों पर से पर्दा उठाया। डा. डीपी गोयल ने सवाल किया कि कोरोना का स्वरूप कोविड-19 और ओमिक्रोन को लेकर किस तरह से सावधानी बरती जाए। दोनों के लक्षण क्या हो सकते हैं। जवाब में डा. सुशीला कटारिया ने आईसीएमआर की गाइडलाइंस का जिक्र करते हुए कहा कि वर्तमान समय में सिर में दर्द, खांसी, बदन दर्द, बुखार आदि के केस आ रहे हैं। इनमें कोविड के लक्षण भी सामने आ रहे हैं। साथ ही ओमिक्रोन के भी कुछ केस आए हैं। ऐसी स्थिति में भी अभी हमारे यहां उस नुकसान की आशंका बहुत कम है। 90 फीसदी लोग घरों में ही स्वस्थ हो सकते हैं और हो रहे हैं। डा. सुशीला कटारिया ने कहा कि मास्क लगाने से ऑक्सीजन लेवल जैसा कम कुछ नहीं हो रहा है। अगर किसी तरह की परेशानी होती है तो मास्क उतारकर तीन बार सांस ले लें, कवर हो जाता है।



कोरोना व वैक्सीनेशन विषय पर डा. सुशीला कटारिया से रूबरू होते डा. डीपी गोयल।

### पसंद से सही पर वैक्सीन जरूर लगवाएं

**डा. सुशीला** कटारिया ने कहा कि पसंद की वैक्सीन का चलन काफी बढ़ा है। अपनी पसंद से ही सही, लेकिन सभी लोग वैक्सीन जरूर लगवाएं। गर्भवती महिलाएं, फीडिंग कराने वाली महिलाएं भी वैक्सीन लगवा सकते हैं। इसके अलावा बीमारी वाले लोगों को वैक्सीन जरूर लगवानी चाहिए।

### दुर्घटना होती हैं, खुद को सुरक्षित रखकर चलें

**दोनों** डोज लगवा चुके लोगों को भी कोरोना होने के सवाल पर डा. सुशीला कटारिया ने कहा कि अगर फिर से पॉजिटिव हो गए हैं तो हमें अधिक नुकसान नहीं होने वाला। बूस्टर डोज के सवाल पर डा. सुशीला कटारिया ने कहा कि यह दोनों डोज लगने के 9 महीने अंतराल पर लगाई जा रही है। 60 से कितनी भी अधिक उम्र के लोग बूस्टर डोज लगवाएं।

### रोल मॉडल बनकर रहें हेल्थ वर्कर

**भविष्य** के सवाल पर डा. कटारिया ने कहा कि वेंटीलेटर तैयार हैं। कोविड वार्ड तैयार हैं। ऑक्सीजन की मात्रा भरपूर है। पहले जैसी स्थिति ना बने। फिर भी तैयारी जरूरी है। वैक्सीन, मास्क को जीवन का हिस्सा बनाएं। उन्होंने कहा कि डॉक्टर, नर्सेज, पेरा-मेडिकल स्टाफ अपना पूरा ख्याल रखें। हेल्थकेयर में रोल मॉडल का काम करें। वैक्सीन लगवाने के साथ मास्क व हेंड वॉश करें, ताकि लोग उन्हें देखकर सीखें।

## संक्षिप्त समाचार

### सार्वजनिक स्थलों पर जाकर रेडक्रॉस ने लोगों को बांटे कंबल



गुरुग्राम में सार्वजनिक स्थलों पर कंबल वितरित करते रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्य।

**गुरुग्राम।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से कड़ाके की ठंड के बीच लोगों को उनके पास जा-जाकर कंबल वितरित किए गए, ताकि वे ठंड से बच सकें। सार्वजनिक स्थलों, रैन बसेरों आदि में सेंकड़ों कंबल अब तक लोगों को बांटे जा चुके हैं। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के प्रधान एवं उपायुक्त डा. यश गर्ग के दिशा-निर्देशन व जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव विकास कुमार की ओर से सोसायटी के स्टाफ को साथ लेकर कंबल का आवंटन किया गया। उपायुक्त की ओर से निर्देश जारी किए गए हैं कि सर्दी के मौसम में कोई भी व्यक्ति कंबल आदि के अभाव में ना रहे। हम सबका यह दायित्व है कि गरीब, सुविधाओं से वंचितों तक सुविधाएं पहुंचाएं। रेडक्रॉस सोसायटी सचिव विकास कुमार ने बताया कि मानव सेवा को समर्पित रेडक्रॉस सोसायटी हर क्षेत्र में समाजसेवी को सदैव तत्पर रहती है। अब सर्दी का मौसम चल रहा है। कड़ाके की ठंड पर दिन-रात हो रही है। ऐसे में जिले में हजारों लोग ऐसे भी हैं जो कि बेघर हैं। प्रशासन, नगर निगम ने शहर में रैन बसेरे भी बनाए हैं। फिर भी बहुत से लोग सार्वजनिक स्थलों बस अड्डा, रेलवे स्टेशन, पार्को आदि में रात बिताने को मजबूर हैं। ऐसे सभी सुविधाओं से वंचित लोगों को ठंड से बचाने में रेडक्रॉस सोसायटी प्रयासरत है। ऐसे लोगों को तलाश कर सोसायटी की टीमें कंबल आवंटित कर रही हैं, ताकि वे ठंड से अपना बचाव कर सकें। उन्होंने सामाजिक संस्थाओं से अपील की है कि वे भी इस कार्य में कदम आगे बढ़ाएं। लोगों को जितना संभव हो सके, मदद करें। इस कार्य में सह सचिव सुभाष शर्मा, आकांक्षा, अतुल, सुषमा, विनीता, रेडक्रास सोसायटी द्वारा संचालित कामकाजी महिला आवास की वार्डन कविता सरकार आदि इस काम में सहयोग कर रहे हैं।

### शहीदों व क्रांतिकारियों के नामों पर रखें चौराहों के नाम: तंवर

**सोहना।** यहां पर गांव बादशाहपुर के सेक्टर सड़सठ में अंसल एसेंसिया आरडब्ल्यूए प्रधान धर्मेन्द्र तंवर, महासचिव संजय कुमार घई, उपाध्यक्ष रजनी गर्ग, अपर सचिव दीपेन्द्र सिंह, संयुक्त सचिव अनिरूद्ध वैद्यनाथन, कोषाध्यक्ष मोनेश देव, कार्यकारिणी सदस्यों में मनदीप सिंह, अल्पना अरोड़ा, प्रकाश कुमार वर्मा ने मुख्यमंत्री मनोहरलाल सरकार से मांग की है कि राज्य के प्रत्येक गांव और शहर में प्रमुख चौक-चौराहों के नाम शहीदों व महापुरूषों के नाम पर रखे जाएं। इससे ना केवल युवा वर्ग को क्रांतिकारियों और शहीदों के जीवन से प्रेरणा मिलेगी बल्कि देश की आन-बान-शान के लिए हंसते-हंसते अपने प्राणों की बाजी लगाने वाले शहीदों और क्रांतिकारियों को भी सम्मान मिलेगा। गांव बादशाहपुर के सेक्टर सड़सठ में अंसल एसेंसिया आरडब्ल्यूए प्रधान धर्मेन्द्र तंवर, महासचिव संजय कुमार घई, उपाध्यक्ष रजनी गर्ग, अपर सचिव दीपेन्द्र सिंह, संयुक्त सचिव अनिरूद्ध वैद्यनाथन, कोषाध्यक्ष मोनेश देव, अल्पना अरोड़ा, प्रकाश कुमार वर्मा समेत क्षेत्र के जागरुक लोगों ने भी उठाई गई मांग को जायज ठहराया है।

### नयागांव की बाहरी कालोनियों में खोले यूपीएचसी



गुरुग्राम के नया गांव की बाहरी कालोनियों में यूपीएचसी खोलने की मांग को लेकर ज्ञापन देते लोग।

**गुरुग्राम।** जागरूक भारत चैरिटेबल ट्रस्ट ने नगर निगम जोन चार की विभिन्न कॉलोनियों में उपयुक्त स्थान पर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने की मांग की है। सामाजिक कार्यकर्ता वेदप्रकाश ने बताया कि भोंडसी गांव में जो ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र है, वह काफी समय पहले बना था। उसके बाद आज नयागांव के अंतर्गत काफी कच्ची कॉलोनियों विकसित हो चुकी हैं। इसलिए क्षेत्र की बढ़ती आबादी को देखते हुए कहा गया है कि बाहरी कॉलोनियों को स्वास्थ्य सम्बंधित सुविधाओं को लेने के लिये कई किलोमीटर सोहना हाइवे की दूसरी तरफहाइवे पार कर जाना पड़ता है। इससे इन कॉलोनियों के हजारों की तादाद में रह रहे लोगों की जान का खतरा रहता है। इसी गंभीर व आवश्यक सभी कॉलोनियों के लोगो की समस्या के समाधान के लिये जागरूक भारत चैरिटेबल ट्रस्ट ने मांग की है कि बाहरी कालोनियों में उपयुक्त जगह देखकर एक अर्बन (शहरी) पीएचसी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोला जाए। इस मांग का संस्था के सदस्यों ने मेडिकल ऑफिसर इंचार्ज डॉ. विकास स्वामी व डॉ. बीपी खटाना को दिया गया। इस मौके पर सुजीत मारुति मयूर कुंज, मोती लाल साहू मारुति मयुर कुंज व गोपेश करन कृष्णा कुंज से लोग उपस्थित रहे।

### प्रॉपर्टी टैक्स सर्वे डाटा ऑनलाइन पोर्टल पर किया अपलोड

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम क्षेत्र में प्रॉपर्टी टैक्स सर्वे के लिए हायर की गई। एजेंसी द्वारा सर्व का कार्य पूरा कर लिया गया है। यह पूरा डाटा ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है। नगर निगम सीमा में स्थित प्रॉपर्टी मालिक वेबसाइट पर जाकर अपना डाटा चेक करके अगर कोई दावा या आपत्ति है तो वह सबमिट करवा सकते हैं। नगर निगम गुरुग्राम के प्रवक्ता ने बताया कि यदि किसी प्रॉपर्टी मालिक को कोई दावा-आपत्ति नहीं है, तो यह विधिवत सूचित है कि उनकी संपत्ति पर नगर निगम गुरुग्राम द्वारा निर्धारित प्रॉपर्टी टैक्स प्रॉपर्टी मालिक द्वारा देय होगा। सभी नागरिक संबंधित ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर अपनी प्रॉपर्टी से संबंधित विवरण का सत्यापन कर सकते हैं।

# मानेसर नगर निगम के चुनाव कराकर गांवों में शुरू हो विकास

## मानेसर नगर निगम के किसी भी गांव से ना हो टैक्स वसूली

## निगम में शामिल गांवों के सरपंचों, ग्रामीणों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता को ज्ञापन सौंपते मानेसर नगर निगम में शामिल गांवों के सरपंच व ग्रामीण।

**ग्रामीणों** ने पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि नगर निगम मानेसर के विकास के लिए सरकार कदम उठाए। गुरुग्राम नगर निगम में शामिल किए जाने का विरोध रहेगा।

मानेसर में रखकर गांवों का विकास करना सुनिश्चित किया जाए। गुरुग्राम सरपंच एसोसिएशन की ओर से दिए गए ज्ञापन में आगे कहा गया है कि मानेसर नगर निगुम में रुके हुए सभी कार्य तुरंत शुय किए जाएं। अधिकारियों की मनमानी पर रोक लगाई जाए। सभी 29 गांवों की डीपीआर जिसमें सिविल काम, बिजली, पानी और सड़क की रूपरेखा तैयार की जाए। नई जनसंख्या के अनुसार नई जनगणना कराकर तुरंत प्रभाव से मानेसर नगर निगम के चुनाव भी कराए जाएं, ताकि क्षेत्र का विकास हो सके।

सुन्दर लाल सरपंच, लक्ष्मण यादव सरपंच, लखन सिंह सरपंच, प्रदीप यादव, सरपंच हरजस यादव, सरपंच विजय पाल यादव, सरपंच अजय सरपंच, कुकडोला सतदेव सरपंच, साधुराम सरपंच बामडोली, दयाराम चेयरमैन, देवेंद्र यादव मंडल अध्यक्ष मानेसर, प्रवीन यादव, अभिमन्यु थानेदार, शशि यादव, हरिसिंह नखड़ोला आदि ने विधायक सत्यप्रकाश जरावता को ज्ञापन देकर मांग की है कि नगर निगम मानेसर के अंतर्गत आने वाले किसी भी गांव में बने हुए मकानों को ना तोड़ा जाए।

किसी भी गांव से टैक्स की वसूली ना की जाए। जिस भी गांव में नगर निगम मानेसर द्वारा किसी भी प्रकार का नोटिस दिया गया है, उसे तुरंत वापस लिया जाए। साथ ही मानेसर नगर निगम के 29 गांव जो निगम में आते हैं, उन गांव के युवाओं को निगम में नौकरियां दी जाएं। नगर निगम के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों के सरपंचों एवं ग्रामीणों की ओर से इन बिंदुओं पर तुरंत कार्यवाही की मांग की गई है।

# भाईचारे व सौहार्द का पर्व है लोहड़ी: बोधराज सीकरी

## सभी से लोहड़ी पर्व अपने घरों में ही सांकेतिक रूप से मनाने की अपील की



बोधराज सीकरी।

**गुरुग्राम।** पंजाबी बिरादरी महासंगठन के प्रधान बोधराज सीकरी ने लोहड़ी पर्व की बधाई देते हुए कहा कि यह त्योहार अलग-अलग जाति, वर्ग को एक जगह पर एकत्र कर अग्नि को साक्षी बना देता है। इससे प्रेम और भाईचारा बढ़ता है। ये संस्कार हृदय स्थल पर प्रेम पैदा करता है। इस पर्व पर मीठी वस्तुओं का प्रयोग कर मानवता में मीठे सम्बन्ध का सन्देश दिया जाता है।

श्रीसीकरी ने कहा कि हमारी हिन्दू सभ्यता एवं संस्कृति में तो वैसे भी मधुर सम्बन्ध की कामना की जाती है। लोहड़ी का यह पर्व सुख से जीने का सन्देश देता है। विशेषकर पंजाबियों का लोहड़ी का ढंग अद्भुत सा है। संगीत में कहते हैं-पानी माईये पा, काले कुत्ते नी वी पा, काला कुत्ता करे दुवावा, तेरे जीवन मझां गावां...। बोधराज सीकरी ने कहा कि इस गीत में हर जीव व प्राणी का जिक्र आया है। लोहड़ी पृथ्वी के सभी जीवों का सुख मांगती है। यह ईश्वर से जुड़ा पर्व है जो कई सन्देश देता है।

पंजाबी भाईचारे का प्रतीक, यह पर्व वैसे तो पंजाबी बिरादरी महासंगठन द्वारा धूमधाम से मनाया जाना था, लेकिन कोरोना महामारी को देखते हुए इसे सभी सांकेतिक रूप से अपने घरों में ही मनाएंगे।

# ह्यूज सिस्टीक कॉर्पोरेशन ने विस्तार योजनाओं की घोषणा की

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

## गुरुग्राम, हरियाणा में नई कैंपस सुविधा का अनावरण किया

**ग्लोबल** सॉफ्टवेयर सॉल्यूशंस एवं इंजीनियरिंग सर्विसेस प्रोवाइडर, ह्यूज सिस्टीक कॉर्पोरेशन (एचएससी) ने 2022 के अंत तक इंजीनियरिंग एवं ग्रेड्स की श्रेणियों में अपने मौजूदा कार्यबल में 40 प्रतिशत अतिरिक्त भर्तियां करने की योजना की घोषणा की। ये 400 नए कर्मचारी गुरुग्राम, बैंगलुरू, एवं अन्य नए स्थानों पर स्थित एचएससी के इंडिया आरएंडडी सेंटर्स में नियुक्त होंगे।

गुरुग्राम, हरियाणा में एचएससी के इंडिया हेडक्वार्टर में हाल ही में एक नई सुविधा का अनावरण किया गया, जहां पर नए सदस्यों को नियुक्त किया जाएगा। यह सुविधा 40,000 वर्गफीट के क्षेत्र में विस्तृत है। इसके शुरू हो जाने के बाद गुड़गांव कैंपस में कुल संयुक्त बिल्ट-अप एरिया 120,000 वर्गफीट का हो जाएगा। यहां पर उत्तम डिजाइन के वर्कस्टेशन एवं रिक्रिएशनल एरिया के साथ अत्याधुनिक सुविधाएं होंगी। इस नई सुविधा का डिजाईन एचएससी में काम करने वाले मिलेनियल्स की जरूरतों व अपेक्षाओं के अनुरूप किया गया है। मौजूदा महामारी द्वारा उत्पन्न चुनौतियों के लिए सावधानी के उपायों के अतिरिक्त इस सुविधा में अत्याधुनिक यूवी सैनिटाईजेशन सिस्टम हैं। यह सुविधा खूबसूरत लैंडस्केप के बीच ओपन-टू-एयर वर्कस्टेशन प्रदान करती है, जो पारंपरिक वर्कस्टेशन में नहीं मिलते।

नए भवन का अनावरण करते हुए नई भर्तियों की एचएससी की योजनाओं के बारे में विनोद सूद, मैनेजिंग डायरेक्टर, ह्यूज सिस्टीक ने कहा, 'एचएससी में हम निरंतर इंजीनियरिंग की नई प्रतिभाओं को जोड़ने का प्रयास करते हैं, जो हमारी मौजूदा प्रतिभाशाली डिलीवरी टीम के जोश व उत्साह को पहचानकर हमारे ग्राहकों के डिजिटल सफर को सुगम बनाएं। हमारे लोग हमारी शक्ति हैं। कर्मचारियों पर केंद्रण सदैव से हमारे सिद्धांत का एक मुख्य तत्व है। मौजूदा कैंपस में इस नई सुविधा की शुरुआत इसका एक महत्वपूर्ण प्रमाण है।'

# प्राइवेट बीमा कंपनियों ने 10-30 प्रतिशत तक बढ़ाए टर्म प्लान रेट

**पायनियर समाचार सेवा।** मेरठ

**वैश्विक** रीइंश्योरेंस कंपनियों की भागीदार तीन बड़ी प्राइवेट बीमा कंपनियों ने अपने टर्म प्लान प्रीमियम में 10-30 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। इन तीनों कंपनियों की तरह ही वैश्विक रीइंश्योरेंस कंपनियों के साथ साझेदारी रखने वाली बाकी कंपनियां भी जल्द ही टर्म इंश्योरेंस के प्रीमियम दरों में वृद्धि करने की तैयारी में हैं।

कोविड-19 महामारी के कारण बीमा कंपनियों और पुनर्बीमा कंपनियों दोनों को काफी नुकसान हुआ है, जिसे देखते हुए वैश्विक पुनर्बीमा (रीइंश्योरेंस) कंपनी म्यूनिख रे ने बीते साल सितंबर में अपने बीमा भागीदारों पर इस बढ़ोतरी के लिए जोर दिया था। इसके बाद बीमा कंपनियों की रीइंश्योरेंस कंपनियों के साथ इस वृद्धि दर को लेकर बातचीत भी हुई थी। सूत्रों के मुताबिक आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस और बजाज आलियांज लाइफ ने अपने टर्म प्लान प्रीमियम की दरों को 10-30 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ और एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस द्वारा किए गए टर्म प्लान के प्रीमियम में वृद्धि के बाद अब बाकि कंपनियां भी जल्द ही ऐसा करने जा रही हैं। बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने टर्म इंश्योरेंस प्लान के प्रीमियम में लगभग 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है, जबकि टाटा एआईजी लाइफ और बिड़ला सनलाइफ इंश्योरेंस के इस वीकेंड तक टर्म इंश्योरेंस प्रीमियम में बढ़ोतरी कर सकते हैं। मैक्स लाइफ द्वारा भी इस महीने के अंत तक ऐसा करने की संभावना है। भारतीय रीइंश्योरेंस कंपनी जीआईसी रे की साझेदार बीमा कंपनी इंडिया फर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस द्वारा भी टर्म प्लान रेट बढ़ाने की खबर है। हालांकि अभी इन कंपनियों ने इस बढ़ोतरी पर कोई टिप्पणी नहीं दी है।

इंडस्ट्री से जुड़े लोगों का मानना है कि भारत में टर्म प्लान रेट लंबे समय से विश्व के अन्य देशों की तुलना में सबसे कम है, लेकिन पिछले 2 साल से इस कीमत को कई बार बढ़ाया गया है। कोरोना काल की शुरुआत से टर्म प्लान रेट में कुल 25-30 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हो चुकी है। जिसके बाद अब की जा रही इस पुनः वृद्धि के बाद यह आंकड़ा 50-60 प्रतिशत तक पहुंच जायेगा। एक्सपर्ट्स का कहना है कि भुगतान की भरपाई के लिए इस वृद्धि को तब तक बरकरार रखा जा सकता है जब तक कि कोरोना काल खत्म नहीं होता। जबकि वैश्विक रीइंश्योरेंस कंपनी ने 50-60 प्रतिशत तक बढ़ोतरी की मांग की थी। लेकिन इसके बावजूद बीमा कंपनियों ने इस वृद्धि का पूरा भार उपभोक्ताओं पर न डालते हुए इसे 15-30 प्रतिशत तक रखा है और बढ़ोतरी का कुछ हिस्सा खुद भी उठाने का भी फैसला किया। खबर के अनुसार टर्म प्लान दरों में वृद्धि के आलावा जहां एक तरफ कुछ बीमा कंपनियों ने अंडरराइटिंग स्टैण्डर्ड को बढ़ा दिया है। तो वहीं दूरी तरफ कुछ बीमा कंपनियां अब हायर सेकेंडरी डिग्री धारकों को पॉलिसी उपलब्ध नहीं करा रही हैं। 1 करोड़ का कवर पाने की न्यूनतम आय को भी कई कंपनियों द्वारा बढ़ा दिया गया है।

# बूस्टर डोज लगाने गई स्वास्थ्य विभाग की टीम बैरंग लौटी

## नगरपरिषद के एमई ने कहा, डोज का समय पूरा न होने के कारण पोर्टल उठा नहीं पा रहा

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना



मंगलवार को सोहना नगरपरिषद के कार्यालय में बूस्टर डोज लगाने आई टीम के सदस्य।

**नगर** परिषद कार्यालय में बूस्टर डोज लगाने आई स्वास्थ्य विभाग की टीम बैरंग लौट गई। पहले दिन मात्र नौ कर्मचारियों ने ही बूस्टर डोज लगवाई। सोमवार से शुक्रवार हुआ बूस्टर डोज लगाने के अभियान में स्वास्थ्य विभाग फ्रंटलाइन कर्मचारियों को डोज लगा रहा है। जिसमें नागरिक अस्पताल के कर्मचारियों और नगरपरिषद के कर्मचारियों को प्राथमिकता से बूस्टर डोज लगाने का फैसला लिया गया।

नागरिक अस्पताल से सोमवार को नगरपरिषद कार्यालय में एक टीम को बूस्टर डोज लगाने के लिए भेज दिया। सोमवार को नगरपरिषद कार्यालय में मात्र 9 कर्मचारियों ने डोज लगवाई। स्वास्थ्य विभाग की मंगलवार को भी अपनी टीम को नगरपरिषद कार्यालय में बूस्टर डोज लगाने के लिए भेज दिया। लेकिन मंगलवार को परिषद के एक भी कर्मचारी ने बूस्टर डोज नहीं लगवाई। डोज लगाने गई टीम के सदस्य पूरा दिन हाथ पर हाथ रखकर बैठे रहे। एक कर्मचारी ने बताया कि बूस्टर डोज का समय पूरा न होने के कारण कर्मचारी नहीं आ रहे थे। नगरपरिषद के एमई सुशील ठाकरान ने बताया कि डोज के नियमानुसार समय पूरा न होने के कारण पोर्टल उठा नहीं पा रहा था।

# नागरिक अस्पताल में शुरू हुई बुजुर्ग क्लीनिक

## क्लीनिक के पहले दिन ही नगर के 11 वृद्धों ने लिया उपचार

**सोहना।** नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग की आयुष विंग के तत्वावधान में बुजुर्ग क्लीनिक की शुरुआत की गई। बुजुर्ग लोग गदूद, चरम रोग, खांसी, दमा और जोड़ों के दर्द का उपचार आसानी ले सकते हैं।

स्वास्थ्य विभाग ने दिसम्बर माह से नागरिक अस्पताल में बुजुर्ग क्लीनिक की स्थापना की है। जहां पर आयुष नियम के तहत बुजुर्गों का गदूद से लेकर खांसी, जोड़ों का दर्द, दमा, चरम रोग, गले में छाले आदि रोगों का उपचार करवा सकते हैं। नागरिक अस्पताल में स्थापित बुजुर्ग क्लीनिक में 11 लोगों ने अलग-अलग रोगों का उपचार लिया है। दिसम्बर माह में 9 तथा जनवरी के बीते 10 दिन में दो बुजुर्ग उपचार के लिए आए हैं। नागरिक अस्पताल में आयुष विंग के डॉक्टर कुलभूषण ने बताया कि उम्र बढ़ने के साथ-साथ बुजुर्गों का शरीर रोगों से ग्रस्त होने लगता है। जिससे उसका मानसिक तनाव भी बढ़ता है। बुजुर्ग के जोड़ों में दर्द का रोग तेजी से बढ़ रहा है।

**सप्ताह में दो दिन ओपीडी :** नागरिक अस्पताल में स्थापित की गई बुजुर्ग क्लीनिक में वृद्ध लोग सप्ताह में दो दिन उपचार ले सकते हैं। जिसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने सोमवार व शुक्रवार के दिन निरधारित किए है। आयुष के डॉक्टर कुलभूषण का कहना है कि वृद्धा व्यवस्था में शरीर रोग ग्रस्त होने से वृद्ध लोग मानसिक तनाव के साथ-साथ चलने से मजबूर हो जाता है।

# 15 करोड़ से अधिक मासिक सक्रिय यूजर का रिकॉर्ड और 650 बिलियन का वार्षिक बजट

## फोनपे ने किया 35 करोड़ रजिस्टर्ड यूजर का आंकड़ा पार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**ए प्लस** में 45 से अधिक बाजार में हिस्सेदारी के साथ देश में सबसे बड़े फिनटेक प्लेटफॉर्म के रूप में स्थिति हुई मजबूत कमसीप भारत के तेजी से बढ़ते फिनटेक प्लेटफॉर्म फोनपे ने आज घोषणा की कि इसने अपने नेतृत्व की स्थिति को और मजबूत करते हुए 35 करोड़ यूजर के आंकड़े को पार कर लिया है।

इसका मतलब है कि चार में से एक भारतीय अब फोनपे का उपयोग करता है। पंजीकृत उपयोगकर्ता आधार जनवरी में 27.3 करोड़ से बढ़कर दिसंबर 2021 में 35 करोड़ हो गया है। कंपनी ने 15 करोड़ मासिक सक्रिय उपयोगकर्ता और दिसंबर में 650 बिलियन के वार्षिक कुल भुगतान मूल्य की भी सूचना दी।

फोनपे लेनदेन के मूल्य और मात्रा, पंजीकृत उपयोगकर्ताओं के साथ-साथ मर्चेंट कवरेज सहित सभी प्रमुख मैट्रिक्स पर उद्योग का नेतृत्व कर रहा है। दिसंबर में संसाधित लेनदेन की मात्रा के मामले में कंपनी 45: से अधिक बाजार हिस्सेदारी के साथ एप्लस ‹‘Â÷ में मार्केट लीडर रही है। इसने दिसंबर 2021 में भौतिक स्टोर (किराना सहित) पर 50 करोड़ से अधिक लेनदेन को संसाधित किया। यह फोनपे के मर्चेंट कवरेज, 15,700 कस्बों और गांवों में फैले 2.5 करोड़ स्टोर के तेजी से विस्तार के कारण हासिल किया गया, जिसमें भारत के 99: पिन कोड हैं। फोनपे की कंज्यूमर प्लेटफॉर्म और पेमेंट्स की प्रमुख सोनिका चंद्रा ने इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए कहा, हम 35 करोड़ पंजीकृत उपयोगकर्ताओं के आंकड़े को पार करके और सभी कोर मेट्रिक्स में भारत के सबसे बड़े डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म के रूप में उभरने की खुशी है।

यह अभूतपूर्व वृद्धि हमारी प्रौद्योगिकी टीम द्वारा उद्योग में उच्चतम, शुरू से अंत तक लेनदेन सफलता दर प्रदान करने के साथ-साथ भारत में सबसे बड़े मर्चेंट स्वीकृति नेटवर्क के निर्माण में हमारे ऑफलाइन बिक्री प्रयासों से प्रेरित है। हम पूरे भारत में डिजिटल भुगतान अपनाने और मर्चेंट स्वीकृति को और आगे बढ़ाने पर जोर देंगे।

# कोरोना कंट्रोलरूम फेल, नहीं मिल रही कोरोना रिपोर्ट

## मोबाइल पर नहीं आ रही कोरोना रिपोर्ट, परेशान हो रहे लोग

कविता। फरीदाबाद



**स्वास्थ्य** विभाग लगातार कोरोना मरीजों की रिपोर्ट मोबाइल संदेश से भेजने के दावे कर रहा है। लेकिन आज भी मरीजों को संदेश पांच से छह दिन बाद भी नहीं पहुंच रहे हैं। जिससे उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोग बीके में कंट्रोल रूम तो कभी प्रयोगशाला के चक्कर काटते नजर आ रहे हैं। फिलहाल 7 जनवरी को दिए गए सैम्पलों में कुछ लोगों की रिपोर्ट आई ही नहीं है। ऐसे में लोगों को खुद आना पड़ रहा है। जिससे कोरोना को बढ़ावा मिल रहा है, क्योंकि इनमें कुछ लोग पॉजिटिव भी शामिल होते हैं।

जब पायनियर ने इसकी सूचना देने के लिए जिला कोरोना अधिकारी डॉ. रामभगत को कई बार फोन किया, तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। वहीं जिला सिविल सर्जन डॉ. विनय गुप्ता ने कहा कि इसके लिए डॉ. रामभगत से बात किजिए। लेकिन काफी प्रयास करने के बाद भी डॉ. रामभगत ने फोन रिसीव नहीं किया।

**नहीं मिलती रिपोर्ट** : प्रयोगशाला में जांच करवाने पर लोगों को आरटीपीसी जांच रिपोर्ट अगले 48 घंटे के भीतर मोबाइल पर भेजने के दावें किए जाते हैं। जांच का संदेश तो आ रहा है। लेकिन जांच रिपोर्ट की भेजा ही नहीं रहे हैं। ऐसे में लोग तीन से पांच दिनों तक इंतजार रहे हैं। इसमें काफी पॉजिटिव मरीज भी शामिल होते हैं। ऐसे में यहां कोरोना को बढ़ावा दिया जा रहा है।

**हो रही है परेशानी** : लोगों ने बताया कि उनकी रिपोर्ट नहीं आ रही है। इसमें कुछ नौकरीपेशा है, जिन्हें खासी परेशानी हो रही है। क्योकि बिना रिपोर्ट के उन्हें कम्पनी में वापस जॉब पर नहीं लिया जा रहा है। ऐसे में रिपोर्ट के इंतजार में तीन से पांच दिन अवकाश उनकी नौकरी पर भारी पड़ रहा है। क्योंकि वह बिना रिपोर्ट के काम पर नहीं जा सकते। इसमें अनेक मरीजों का ऑपरेशन होना है। बिना रिपोर्ट के ऑपरेशन होना कठिन है, इसलिए वह रिपोर्ट लेने आए थे।

**चल रही पैंडिंग** : रोजाना 3600 से 4000 लोगों की रिपोर्ट आंकड़ों में शेष बताई जाती है। लेकिन इन सभी को एक दिन तो क्या पांच दिन बाद भी रिपोर्ट मोबाइल पर नहीं दी जा रही है। जिस पर कुछ लोग प्रयोगशाला में पहुंच गए और उन्होंने कर्मचारियों को परेशानी बताई। वहीं कुछ लोग अपने जानकारों को फोन कर रहे हैं। लेकिन इन सबके बाद भी उनकी रिपोर्ट नहीं मिल रही है। इस तरह की लापरवाही शहरवासियों पर भारी पड़ रही है। अधिकारी भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

## साईं धाम में प्रतिदिन लगेगा वैक्सीनेशन कैंप

**फरीदाबाद।** शिरडी साई बाबा टैंम्पल सोसायटी, सेक्टर 86 में कोविड 19 टीकाकरण कैंप का आयोजन किया गया। 18 प्लस और 45 प्लस की आयु वर्ग का टीकाकरण किया गया।

60 प्लस वालों को बुस्टर डोज लगाए गए। इसमें कुल 229 व्यक्तियों को कोविड-19 का टीका लगया गया। इस कैंप को प्रिंसिपल बीनू शर्मा, के ए पिल्लै, बिजेन्द्र कुमार पांडे, इन्द्ररजीत आदि ने सुचारू रूप से संभाला। सेक्टर 3 से आई मेडिकल टीम डॉ तरूण, लक्ष्मी व नैंनसी ने टीकाकरण किया। मेडिकल टीम ने साई धाम की व्यवस्था की सराहना की। डा. मोतीलाल गुप्ता, अध्यक्ष शिरडी साई बाबा टैम्पल सोसाइटी ने कहा कि साई धाम हमेशा से ही सामाजिक और धार्मिक कार्य में आगे रहता है।

# कोरोनाकाल में डॉक्टरों की हड़ताल ने किया मरीजों को हलकान

## बीके अस्पताल के चिकित्सक रहे हड़ताल पर, सीएमओ और पीएमओ ने ओपीडी में देखे मरीज

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


ओपीडी के बाहर खड़े हड़ताल में शामिल चिकित्सक।


सीएमओ मरीजों का उपचार करते हुए।


अर्जेंट व कोर्ट केस से सम्बंधित मरीजों के अल्ट्रासाउंड करते डॉ. अहलावत

**हरियाणा** सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन के डॉक्टरों ने ओपीडी बंद कर दी। लेकिन इस दौरान उन्होंने गंभीर, कोर्ट केस से सम्बंधित सभी मरीजों का उपचार किया। सिर्फ ओपीडी बंद थी लेकिन अपातकालीन कक्ष और फ्लू ओपीड़ी चालू रखी। हड़ताल में शामिल एसोसिएशन के जिला प्रधान डॉ. सुशील अहलावत ने पुलिस द्वारा लाए गए कैदियों और अन्य गंभीर मरीजों का अल्ट्रासाउंड किया। लेकिन हड़ताल के बावजूद उन्होंने अपना नैतिक कर्तव्य पूरा किया।

**बीके** सिविल अस्पताल की ओपीडी में सुबह मरीज लम्बी लाइनों में खड़े रहे, लेकिन कोरोना योद्धा का दर्जा प्राप्त चिकित्सक हड़ताल पर चले गए। स्वास्थ्य मंत्री के आश्वासन के बाद भी डॉक्टरों की मांगें पूरी नहीं हुई। जिस पर सिविल सर्जन डॉ. विनय गुप्ता और बीके अस्पताल की पीएमओ डॉ. सविता यादव ने मरीजों का इलाज करना शुरू कर दिया। वहीं सीएमओ और पीएमओ को ओपीडी में बैठे देखकर यहां से रियाटर्ड हुए चिकित्सकों ने उनका साथ दिया और मरीजों का उनके साथ इलाज करना शुरू किया।

**सभी रूम खाली, दो में डॉक्टर** : बीके अस्पताल में मंगलवार को एक अलग ही नजारा देखने को मिला। यहां सभी चिकित्सक अपनी मांगों को लेकर ओपीडी के बाहर खड़े थे। वहीं दूसरी तरफ सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता ने फिजिशियन कक्ष में बैठकर मरीजों का इलाज किया। रिटायर्डमेंट के बाद यहां तैनात डॉ. दिनेश रंगा और डॉ. सुरेश जोकि स्कूल हेल्थ में है, ने उन्हें सहयोग दिया। वहीं पीएमओ डॉ. सविता यादव ने गर्भवती और अन्य महिलाओं का इलाज किया। जिसमें उनके साथ रिटायर्ड डॉ. वीना शर्मा के अलावा ट्रेनी चिकित्सक मौजूद रहे। शेष सभी रूम खाली पड़े थे।


पीएमओ मरीजों की दवा लिखते हुए

**ये है डॉक्टरों की मांग** : एचसीएसएमएस के जिला प्रधान डॉ. सुशील अहलावत ने बताया कि एसएमओ की सीधी भर्ती का एचसीएसएमएस जमकर विरोध किया जा रहा है। लेकिन सरकार सुन नहीं रही है।

विभाग में स्पेशलिस्टों की संख्या काफी कम है। 2000 में से 700 स्पेशलिस्ट हैं। ऐसे में महामारी और बीमारियों में वे कैसे बेहतर इलाज दे सकेंगे। अगर एसएमओ की सीधी भर्ती होती है तो सालों से जनता की सेवा कर रहे चिकित्सक पदोन्नति से वंचित रह जाएंगे।

**दर्जा दिया, सुनवाई नहीं** : एसोसिएशन के जनरल सैकेट्री डॉ. मान सिंह ने कहा कि सरकार कोरोनाकाल में बेहतर सेवा देने के लिए प्रोत्साहन देने का दावा तो कर रही है। लेकिन मांगें नहीं मान रही। कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच जान की बाजी लगाकर उन्होंने काम किया है। जिले में करीब 30 लाख जनसंख्या में से 25 से 27 लाख मरीज सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र व सिविल अस्पतालों में आते हैं। जिसे देखते हुए सरकार सीधी भर्ती के बजाय चिकित्सकों की पदोन्नति करके पदों को भरें।

# कोरोना: 1015 नए आने से कुल एक्टिव केस हुए 4766

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिले** में लगातार कोरोना पॉजिटिव मरीजों की संख्या का आंकड़ा बढ़ रहा है। जिसमें जिला जेल नीमका के कैदियों समेत पुलिस कर्मियों के अलावा चिकित्सक, स्टाफ, स्वास्थ्य कर्मी और आम पब्लिक सभी शामिल है। जिसमें जिला जेल से पॉजिटिव मरीजों को बीके अस्पताल में बने अस्थाई कोविड-19 वार्ड में भर्ती किया गया है।

जिसमें 9 कैदी भर्ती है। वहीं मंगलवार को 1015 नए मामले सामने आए। जिस कारण जिले में एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 4766 पर पहुंच गया है। जिसमें 92 मरीज अस्पताल में है, इनमें से 26 ऑक्सीजन पर और पांच मरीजों को वैंटीलेटर पर भर्ती किया गया है। वहीं राहत की बात यह रही कि जिले में 148 रोगियों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले का रिकवरी रेट 94.79 प्रतिशत पर पहुंच गया। वहीं करंट सैम्पल पॉजिटिवटी रेट 19.60 प्रतिशत है। कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए वैक्सीनेशन और कोरोना जांच को बढ़ावा दिया गया है। जिसके तहत पिछले 24 घंटे में 5178 सैम्पल जांच किए गए है। लेकिन सरकारी में 3917 और निजी में 1482 सैम्पलों की रिपोर्ट आनी बाकी है। जिससे लोग परेशान हो रहे है।

**यहां से पॉजिटिव** : चार्मवुड विलेज से 4, सेक्टर-9 से 23, सेक्टर-22 से 3, सेक्टर-23 से 12, स्प्रींग फील्ड कालोनी से 10, जवाहर कालोनी से 10, सेक्टर-87 से 8, भारत कालोनी से 2, एसजीएम नगर से 11, सेक्टर-48 से 3, अमर नगर से 8, खेड़ी कला से 12, सैनिक कालोनी से 20 मरीज है। वहीं सेक्टर-16 से 40, सेक्टर-11 से 3, सेक्टर-29 से 11, सेक्टर-15 से 32, सेक्टर-88 से 46, सेक्टर-85 से 12, सेक्टर-21 से 37, सेक्टर-86 से 31, सेक्टर-17 से 10, सेक्टर-82 से 20, ग्रीन फिल्ड कालोनी से 39, सेक्टर-37 से 12, एनएच-दो से 22, सेक्टर-42 से 4, सेक्टर-77 से 15, सेक्टर-14 से 19, सेक्टर-19 और 87 से 8-8 मरीज शामिल है। ग्रीन वैली से 12, ओमेक्स हिल्स से 19, आईपी कालोनी से 23, सेक्टर-19 से 8, सेक्टर-63 से 7, तिलपत से 2 मरीज शामिल है। वहीं अन्य एरियों से 453 मरीज है।


कोरोना की जांच करवाती एक युवती।

## कोरोना: बनाए पांच नए कंटेनमेंट जोन

**फरीदाबाद।** जिला प्रशासन की तरफ से कंटेनमेंट जोन की सूची को एक बार फिर से रिवाइज किया गया है। पिदले 5 दिनों के दौरान जिले में 5 नए कंटेनमेंट जाने बनाए गए हैं। अब जिले में कंटेनमेंट जोन की संख्या बढ़कर 57 हो गई है।

कोरोना संक्रमण के मामले कम होने के चलते जिले में कंटेनमेंट जोन की संख्या घटकर केवल तीन तक रह गई थी, लेकिन पिछले कुछ दिनों से नए मरीजों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। ऐसे में जिला प्रशासन लगातार कंटेनमेंट जोन की सूचवी को रिवाइज कर रहा है। मंगलवार को एक बार फिर से यह सूची रिवाइज की गई है। जिन क्षेत्रों में लंबे समय से कोरोना संक्रमित नहीं मिले हैं, उन्हें कंटेनमेंट जोन से हटा दिया गया है।

# सीरियल किलर सिंहराज पर पहले भी दर्ज हैं कई मामले

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच डीएलएफ ने आरोपी को 22 वर्षीय युवती हत्या के मामले में गिरफ्तार करके पुलिस रिमांड पर लिया था। आरोपी ने फरीदाबाद के भिन्न थानों में हत्या, चोरी और फ्रॉड की घटनाओं को अंजाम दिया था।

पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की आरोपी सिंह राज की क्राइम कुंडली में लगातार मुकदमों का इजाफा होता जारहा है जैसा कि कल बताया गया था कि आरोपी ने वर्ष 1986 में अपने चाचा और उसके लडके की हत्या कर दी थी जिसका मुकदमा थाना छायंसा में दर्ज है। थाना छायंसा में ही आरोपी के खिलाफ 1चोरी का मुकदमा भी वर्ष 1991दर्ज हुआ था। आरोपी के खिलाफ थाना ओल्ड में चोरी के 2 मुकदमे वर्ष 1992 दर्ज हुऐ थे। थाना तिगांव में धोखाधड़ी का मुकदमा वर्ष 2015 में दर्ज हुआ था। इसके अलावा कल खुलासा किया गया था की अलग-अलग केस मे नाबालिग लड़कियों के साथ छेड़छाड़, दुष्कर्म की कोशिश का विरोध करने पर गला दबाकर तीन नाबालिग लड़कियों की हत्या कर शव नहर में फेंक चुका है।


कई हत्या और अन्य वारदातों का आरोपी सिंहराज।

# शहर स्वच्छ व अतिक्रमण न हटा तो होगी कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**नगर** निगम के आयुक्त यशपाल यादव ने अतिक्रमणों को हटाना, सड़कों का सौंदर्यीकरण, पीने के पानी-सीवरेज की व्यवस्था को दुरूस्त करने, पार्कों की सफाई तथा पार्कों और सड़कों पर लाईटों की व्यवस्था, पार्कों में घास की कटाई, पेड़ों की छटाई आदि को लेकर इंजीनियरिंग ब्रांच के अधिकारियों के साथ मीटिंग ली।

मीटिंग में अतिरिक्त आयुक्त, मुख्य अभियंता, मुख्य अभियंता (बागवानी) अधीक्षण अभियंता-1 तथा कार्यकारी अभियंता, सहायक अभियंता उपस्थित थे। निगमायुक्त ने मीटिंग में 12 जनवरी, 2022 को सभी 40 वार्डों में चिन्हित किये गये एक-एक गैर कानूनी निर्माणों के विरूद्ध कार्यवाही करने के लिये भी संबंधित इंजीनियर्स को आदेश दिये।


निगम के अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते निगमायुक्त यशपाल यादव।

निगमायुक्त ने इंजीनियरिंग ब्रांच के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जो नाले/नालियों की सफाई का कार्य या अतिक्रमणों को हटाने का कार्य हो रहा है वैसे ही सभी वार्डों में जारी रहेगा और नाले/नालियों की सफाई तथा अतिक्रमण मुक्त का काम 30 अप्रैल, 2022 तक पूरा करना होगा। अन्यथा संबंधित अधिकारी इसका जिम्मेवार होगा और इन सभी कार्यो की कागजी कार्यवाही हो। ताकि स्वच्छता सवेक्षण 2022 के लिये इसको प्रस्तुत किया जा सके। मुख्य अभियन्ता को यह भी आदेश दिये कि सीवर मैनहोल की कोई मैनुअल सफाई नहीं करवानी चाहिए और वह केवल मशीनीकृत सफाई ही होनी चाहिए। ताकि माननीय उच्त्तम न्यायालय के आदेशों की पालना हो सके।

जनता की सुविधा के लिए टोल फ्री नंबर-14420 जो केन्द्रीय सरकार ने जारी किया है। जिसे नगर निगम द्वारा अपनाया जायेगा। बैठक में मुख्य अभियन्ता बागवानी को आदेश दिये कि ग्रीन बेल्ट के रख-रखाव के लिये डिजाइन प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया। ताकि ऐसे डिजाइन के मुताबित निगम में पड़ने वाली सभी हरी पट्टियों को विकसित किया जा सके। ताकि एकरूपता हो व व सुन्दर लगे।

# कोरोना रोकथाम: बाजार अब शाम छह बजे तक

## आवश्यक सेवाओं व सामान की दुकानों को रहेगी छूट

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**कोरोना** संक्रमण फैलाव को रोकने के दृष्टिगत हरियाणा सरकार की ओर से नई कोविड गाइडलाइन निर्धारित कर मजबूत सुरक्षा चक्र तैयार किया जा रहा है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण चेयरमैन एवं डीसी जितेंद्र यादव ने बताया कि हरियाणा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के चेयरमैन एवं मुख्य सचिव हरियाणा सरकार द्वारा महामारी अलर्ट-सुरक्षित हरियाणा के लिए नए आदेश जारी करते हुए नियमों की पालना 19 जनवरी सुबह 5 बजे तक प्रभावी रखने के आदेश दिए हैं।


एक नंबर मार्केट में भीड़ का दिखता नजारा।

सरकार द्वारा जारी नए आदेश के तहत कोरोना संक्रमण फैलाव के मद्देनजर स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से अब फरीदाबाद जिला को ग्रुप ए श्रेणी में शामिल किया गया है।

ए श्रेणी में आने के साथ ही फरीदाबाद जिला में आवश्यक सेवाओं( दवाई, दूध, राशन, फल, सब्जी) को छोड़कर बाकि सभी दुकानें व बाजार प्रतिदिन शाम 6 बजे तक खोलने की अनुमति रहेगी। उन्होंने बताया कि जिला की राजस्व सीमा में नवीनतम गाइडलाइन की पालना सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

डीसी जितेंद्र यादव ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नागरिकों को कोरोना संक्रमण से बचाने के लिए नवीनतम गाइडलाइन की दृढ़ता से पालना सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बताया कि सभी स्पोर्ट्स कंपलेक्स, स्टेडियम व स्विमिंग पूल बंद रहेंगे। केवल राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के ट्रेनिंग संबंधी खिलाडियों को अनुमति रहेगी। इसके साथ ही राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेलों के आयोजन की बिना दर्शकों के अनुमति होगी।

डीसी ने बताया कि प्रतिदिन पॉजिटिव केस की रिपोर्ट के आधार पर जिला में कुछ और प्रतिबंध भी लगाए गए हैं। सभी एंटरटेनमेंट पार्क और बिजनेस टू बिजनेस प्रदर्शनी पर भी प्रतिबंध रहेगा। इमरजेंसी और आवश्यक सेवाओं को छोड़कर सभी सरकारी तथा प्राइवेट संस्थानों के कार्यालयों में 50 प्रतिशत स्टाफ के साथ काम करने की सलाह दी गई है। नई गाइडलाइन के अनुसार मार्केट शाम 6 बजे तक खुली रहेगी। बार और रेस्टोरेंट 50 प्रतिशत सीटिंग क्षमता के साथ ही संचालित होंगे।

# टीकाकरण: जिले में अब तक 18842 को लगे टीके

**फरीदाबाद।** जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोरोना बचाव के लिए टीकाकरण अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। 18 साल से अधिक उम्र के 89.86 प्रतिशत टीकाकरण पूरा हो चुका है। जिसके तहत मंगलवार को 9640 को डोज लगाई गई। 14 लाख से अधिक लोग टीके की दोनों डोज लगवा चुके हैं। वहीं, 15 से 17 साल तक की उम्र के 49 हजार से अधिक किशोर टीके की पहली डोज ले चुके हैं। जिसमे मंगलवार को 5948 ने प्रथम डोज लगवाई।

जिले में टीकाकरण अभियान को शुरू हुए एक साल पूरा होने वाला है और अभी तक यहां पर टीके की 33 लाख 77 हजार 119 डोज लगाई जा चुकी हैं। शुरूआती टारगेट के अनुसार जिले में 18 साल से अधिक उम्र के 15 लाख 81 हजार 411 लोगों को टीके लगाए जाने थे। लेकिन आंकड़ा दौगुने से पार हो चुका है। मंगलवार को भी 18842 को लगाई गई। जिसमें बुस्टर डोज लगवाने वालों में 212 हेल्थ वर्करों और 92 फ्रंट लाईन वर्कर और 60 प्लस आयुवर्ग में 452 बुजुर्ग शामिल थे। वहीं 15 प्लस आयुवर्ग में कुल 5948 किशोरों को डोज लगी।


टीकाकरण को लेकर जुटी भीड़ में टीका लगवाती महिलाएं।

# संक्षिप्त समाचार

## हॉमर्टन ग्रामर स्कूल में लगा वैक्सीनेशन कैम्प

**फरीदाबाद।** हॉमर्टन ग्रामर स्कूल में मंगलवार को 15 से 18 वर्ष उम्र तक के बच्चों के लिये कोरोना वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के छात्रों के साथ उनके अभिभावक भी साथ आये और स्कूल के इस आयोजन की सराहना की। सभी ने कोरोना नियमों का पालन करते हुए इस आयोजन को सफल बनाया। शिविर का शुभारम्भ स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर राजदीप सिंह और प्रधानाचार्या अर्चना डोगरा ने किया। राजदीप सिंह ने किशोर उम्र के बच्चों के टीकाकरण की शुरुआत के लिये देश के प्रधानमंत्री और हरियाणा सरकार का धन्यवाद किया। इस शिविर में आये बच्चों और उनके अभिभावकों से अपील की कि वे अपने मिलने जुलने वाले सभी लोगों को प्रोत्साहित करें कि सभी किशोर यह वैक्सीन अवश्य लगवाये तभी हम कोरोना को हरा देश के विकास में सहयोग दे सकेंगे। स्कूल की प्रधानाचार्या ने बच्चों को बताया कि वैक्सीन लेने के बाद भी वो कोरोना गाइड लाइन का पूर्णत: पालन करें, लापरवाही बिल्कुल न बरतें। मास्क लगा कर रखें, निरंतर हाथ साबुन से धोयें और सामाजिक दूरी बना कर रखें। शिविर में लगभग 110 बच्चों ने इसका लाभ उठा वेक्सीन की पहली डोज लगवाई। इस शिविर के सफलतापूर्वक संचालन में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के साथ साथ स्कूल प्रबंधन की तरफ से सरंजीत कौर, मलकीत कौर, मंजीत सिंह, जयपाल, गिर्राज, गौरव मल्होत्रा, सिखा शर्मा, मनीषा, रोहित, आन्या, करिश्मा कालरा, प्रीति गर्ग, रक्षपाल यादव आदि ने सहयोग किया।


हॉमर्टन ग्रामर स्कूल में शिविर के दौरान बच्चों को कोरोना वैक्सीन का टीका लगाती स्वास्थ्य कर्मी।

## इंडियन ऑयल में विश्व हिन्दी दिवस का हुआ आयोजन

**फरीदाबाद।** इंडियन ऑयल अनुसंधान एवं विकास में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व हिन्दी दिवस समारोह का सफल आयोजन वर्चुयल माध्यम से किया गया। विषय इलेक्ट्रोनिक साधनों में हिन्दी का प्रयोग बढ़ाएं, आइए, हिन्दी को वैश्विक भाषा बनाए के अंतर्गत डा. दीपक सक्सेना, कार्यकारी निदेशक (एलटी) एवं अध्यक्ष राजभाषा क्रियान्वयन समिति के अध्यक्षता में हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में कर्मचारियों, अधिकारियों द्वारा कविता का अनुवाचन, जिसमे 12 कर्मचारियों, अधिकारियों ने कविता का अनुवाचन किया। एक व्याख्यान विश्व में हिन्दी के बढ़ते आयाम विषय पर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्र के लगभग 120 कर्मचारियों, अधिकारियों की सहभागिता रही। नराकास फरीदाबाद द्वारा नगर सौरभ नामक पत्रिका का प्रकाशन प्रत्येक तिमाही में किया जाता है। इस तिमाही में प्रकाशित पत्रिका में अनुसंधान एवं विकास केंद्र के तीन वैज्ञानिकों, अधिकारियों के कविता का प्रकाशन हुआ है। अत: इस विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर इन वैज्ञानिकों, अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर डा. दीपक सक्सेना, कार्यकारी निदेशक एलटी अध्यक्ष, राजभाषा क्रियान्वयन समिति एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## जनकल्याण मंदिर में लगाया वैक्सीनेशन शिविर

**फरीदाबाद।** सेक्टर-7सी के जनकल्याण मंदिर में कोरोना वैक्सीन का शिविर लगाया गया। जिसमें 15 से 18 वर्ष के बच्चों को कोरोना रोधी टीका लगयाय गया। इसके अलावा जिन लोगों को पहली व दूसरी डोज नहीं लगी थी उन्हें भी टीका लगाया गया। इस शिविर को लगाने में जजपा इनसो चेयरमेन रवि शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। स्वास्थयकर्मी सविता और पूजा की टीम द्वारा पंजीकृत लोगों को टीका लगाया गया। टीका लगाने के बाद बच्चों व अन्य लोगों को 30 मिनट तक निगरानी में भी रखा गया। इस अवसर पर रवि शर्मा ने कहा कि कोरोना वायरस से बचने का सबसे सरल उपाय टीकाकरण करवाना है। उन्होंने कहा कि वैक्सीन हमारे इम्युनिटी सिस्टम को मजबूत करके कोरोना वायरस से लड़ने की शक्ति प्रदान करती है। रवि शर्मा ने कहा कि जिन व्यक्तियों ने वैक्सीनेशन नही करवाया है जरूर करवा लें, ताकि वे अपने और अपने परिवार की इस कोरोना महामारी से स्वास्थ्य पर पडने् वाले बुरे प्रभाव से बचा सके। रवि शर्मा ने कहा कि हमारा दायित्व बनता है कि हम केन्द्र सरकार व हरियाणा की जजपा-भाजपा गठबंधन सरकार द्वारा समय समय पर जारी दिशा निर्देशो का गंभीरता से पालन करें जिससे की समाज और देश को बचाया जा सके।

## शहर में फिर बढ़ने लगा है प्रदूषण का स्तर

**फरीदाबाद।** बरसात के बाद एक बार फिर खिली धूप के साथ ही जिले में प्रदूषण का स्तर बढ़ना शुरू हो गया है। मंगलवार को फरीदाबाद का एयर क्वालिटी इंडेक्स बढ़ गया। पिछले दिनों की तुलना में हवा फिलहाल कुछ हद तक साफ बनी हुई है, लेकिन एयर क्वालिटी इंडेक्स में रोजाना वृद्धि हो रही है। जानकारी के मुताबिक बारिश होने के बाद जिले में प्रदूषण लगभग खत्म हो गया था। एयर क्वालिटी इंडेक्स संतोषजनक श्रेणी में सामान्य के करीब पहुंच गया था, लेकिन बारिश का असर खत्म होते ही हवा की स्थिति फिर से बिगड़ना शुरू हो गई है। रविवार को फरीदाबाद का एयर क्वालिटी इंडेक्स 74 दर्ज किया गया था, जो सोमवार को बढ़कर 140 तक पहुंच गया था और मंगलवार को एयर क्वालिटी इंडेक्स 196 दर्ज किया गया है, जो सामान्य से लगभग 4 गुना अधिक है। सुबह के समय तो एयर क्वालिटी इंडेक्स 200 से ऊपर पहुंच गया था, लेकिन दोपहर को हवा चलने के कारण इसमें फिर से थोड़ी गिरवाट देखी गई है। यह प्रदूषण की मध्यम श्रेणी में आता है। बल्लभगढ़ क्षेत्र के एयर क्वालिटी इंडेक्स में भी वृद्धि होना शुरू हो गई है।

## जांगिड़ ब्राह्मण सभा ने किया सम्मान समारोह का आयोजन


अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण सभा द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में गोल्ड मेडल विजेता दिव्यांश शर्मा का सम्मान करने के बाद खड़े सभा के पदाधिकारी।

**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण जिला सभा फरीदाबाद द्वारा एक सम्मान समारोह का आयोजन विश्वकर्मा मंदिर एन एच.चार फरीदाबाद के प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रधान चरण पाल जांगिड़ व संचालन देवी दयाल दिसोदिया द्वारा किया गया। इस कड़ी में आल इंडिया कोशिकी फैडरेशन व कोशिकी एसोसिएशन महाराष्ट्र द्वारा नागपुर में आयोजित थर्ड नैशनल कोशिकी चैम्पियनशिप. 2021 के कैडिट ऐज ग्रुप अंडर 65 के जी, 14 वर्ष की श्रेणी में गोल्ड मेडल जीतने पर दिव्यांश शर्मा पुत्र प्रदीप शर्मा जांगिड़ का सम्मान किया गया। इस आयोजन में 10 राज्यों के लगभग 600 खिलाडि़यों ने हिस्सा लिया। दिव्यांश शर्मा ने तमिलनाडु के खिलाड़ी को हराकर गोल्ड मेडल हासिल किया। इससे पहले भी यह बच्चा डिस्ट्रिक्ट फाइट में गोल्ड मेडल व स्टेट फाइट ताइक्कांडो में बरांज मेडल जीत चुका है। समारोह में एसजीएम नगर शाखा के प्रधान सुरेश कुमार, ओल्ड फरीदाबाद शाखा के प्रधान राजू, रामवतार जांगड़ा, बिमला देवी, तेजस्विनी शर्मा, वेद प्रकाश शर्मा, धर्म चंद जांगिड़, नरेंद्र कुमार, जोगेंद्र जांगिड़ व विक्रम सहित गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

## आईटीआई में दाखिला लेने का अंतिम अवसर

**फरीदाबाद।** हरियाणा में स्थित सभी राजकीय एंव निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में दाखिला प्रक्रिया के तहत अंतिम अवसर प्रदान करते हुए 15 जनवरी तक सभी संस्थानों में रिक्त सीटों पर तत्काल प्रवेश प्रदान किया जाएगा। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान फरीदाबाद के प्राचार्य गजेंद्र कुमार ने बताया कि राज्य के सभी राजकीय एंव निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में जारी प्रवेश प्रक्रिया में रिक्त सीटों को भरने के लिए हरियाणा कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। जिसके तहत सभी संस्थानों में 15 जनवरी तक तत्काल मौके पर ही एडमिशन किया जाएगा।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 12 जनवरी, 2022



# नौसेना का गौरव

## विक्रांत का परीक्षण

**वैश्विक** महामारी की निराशा में आईएनएस विक्रांत की तस्वीरें जैसे डाक्टर द्वारा उत्साह जगाने की दवा जैसी हैं। भारत के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत के समुद्र पर तीसरे चरण के परीक्षण हो रहे हैं। विभिन्न स्थितियों में इसके जटिल परीक्षण होंगे। इसने प्रोपल्शन व मूल नौवहन आपरेशनों तथा मशीनरी व उड़ान परीक्षणों में अपनी पहचान बनाई है। परीक्षणों को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद इसे अगस्त में नौसेना में शामिल किया जाएगा। उस समय तक देश का एकमात्र आपरेशनल विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य है। इससे भारतीय नौसेना की स्थिति में काफी सुधार होगा क्योंकि यदि एक जहाज का रखरखाव होगा तो दूसरा कारगर बना रहेगा। विक्रान्त को सही समय पर शामिल किया जा रहा है क्योंकि भारत हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की बढ़ती नौसैनिक उपस्थिति को देखते हुए अपनी स्थिति मजबूत करना चाहता है। यह विमानवाहक पोत घरेलू विनिर्माण को प्रोत्साहन देगा, खर्च बचाएगा तथा पहले की तुलना में और जहाज प्राप्त करने की नौसेना की क्षमता मजबूत करेगा। वर्तमान समय में नौसेना देश में लगभग 50 जहाज तैयार कर रही है जिनमें सर्वे जहाज, फ्रिगेट, डीजल व बिजली संचालित पनडुब्बियां तथा नाभिकीय शक्ति संचालित पनडुब्बियां शामिल हैं। लेकिन दीर्घकालीन क्षमताओं को देखते हुए विक्रांत को शामिल करने से यह बहस पुनर्जीवित हो जाएगी कि क्या भारत को तीसरे विमानवाहक पोत की आवश्यकता है? नौसेना तीसरा विमानवाहक पोत चाहती है। चीन अपने तीसरे विमानवाहक पोत को शामिल करने जा रहा है जबकि चौथे को बनाने की तैयारी जारी है। भारत और चीन की नौसेना की



शक्ति का विकास विमानवाहक पोतों पर निर्भर है। नौसेना की योजना तीसरे विक्रांत श्रेणी के विमानवाहक पोत की थी, पर पूर्व प्रमुख रक्षा अध्यक्ष स्वर्गीय जनरल बिपिन रावत का मानना था कि भारत को तीसरे विमानवाहक पोत के बजाय पनडुब्बियों को प्राथमिकता देनी चाहिए।

नौसेना का अधिग्रहण कार्यक्रम हिंद महासागर क्षेत्र में बढ़ते खतरे के आंकलन पर निर्भर है। उसे सटीक समुद्री संसाधनों की आवश्यकता है ताकि समुद्र पर नियंत्रण तथा दूसरों को लाभ देने से वंचित किया जा सके। पनडुब्बियां दूसरी श्रेणी में प्रभावी हैं। लेकिन नौसेना का तर्क है कि विमानवाहक पोत ज्यादा महत्वपूर्ण हैं। इससे विस्तृत तटों तक आपरेशन सुनिश्चित होते हैं। हिंद महासागर क्षेत्र का बहुत विस्तार है। इसमें पूरा हिंद महासागर आता है जो हर्मुज जलडमरूमध्य से लेकर रियूनियन द्वीप, पूर्वी अफ्रीका से लेकर आस्ट्रेलिया तथा लोंबार्क जलडमरूमध्य से लेकर मलक्का खाड़ी तक फैला है। ऐसे में मुख्यभूमि से संचालित होने वाले जहाज प्रभावी रूप से पूरे समुद्र पर नियंत्रण नहीं कर सकते हैं। इसमें विमानवाहक पोत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विमानवाहक पोतों को नाभिकीय पनडुब्बियों के साथ जोड़ कर चौबीसों धंटे व सातों दिन आपरेशनल तैयारी बनी रहती है जो हिंद महासागर क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रवेश को देखते हुए जरूरी है। चीन इस क्षेत्र में नौसैनिक अड्डे विकसित कर रहा है, अपनी संचार लाइनों की सुरक्षा के लिए लंबी दूरी वाले जहाज तैनात कर रहा है तथा पाकिस्तान के साथ संयुक्त कार्रवाई कर रहा है। हिंद महासागर क्षेत्र में बदलती भू-राजनीति को देखते हुए समुद्री हितों की सुरक्षा का अर्थ विमानवाहक युद्धक समूहों का विकास है जो इस विशाल क्षेत्र में आपरेशनों के लिए तैयार रहेंगे तथा प्रभावी भूमिका निभाएंगे। इसे देखते हुए वर्तमान स्थिति में विमानवाहक पोत न केवल केन्द्रीय, बल्कि अनिवार्य भूमिका में आ जाते हैं।

# खुदरा क्षेत्र में एफडीआई पर दुविधा

### उचित रास्ता भारतीय आनलाइन खुदरा व्यापार में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को वैध बनाना आफ्लाइन खुदरा व्यापार में बिना शर्त 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति देना है।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)




**वर्ष** 2020 में उपभोक्ता मामलों, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के उपभोक्ता मामला विभाग ने उपभोक्ता संरक्षण कानून, 2019 की धारा 101 के अंतर्गत उपभोक्ता संरक्षण ई-कामर्स नियम जारी किए। इन नियमों में भारत में आने वाली सभी नए ई-कामर्स उद्यमों को वाणिज्य मंत्रालय में उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग में पंजीकरण अनिवार्य करना शामिल है। इसके साथ ही संबंधित उद्यमों को ई-कामर्स प्लेटफार्मों पर बिक्री करने व 'फ्लैश सेल' पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके साथ ही विक्रेता को वस्तुओं के प्रोत्साहन के लिए नाम या ब्रांड नाम प्रयोग करने की अनुमति ई-कामर्स मार्केटप्लेस में नहीं है। एक साल के भीतर सरकार ने उपभोक्ता संरक्षण संशोधन नियम, 2021 जारी कर दिए। इन संशोधनों में ई-कामर्स में बिजनेस टु बिजनेस यानी बीटूबी बिक्री पर नियंत्रण लगाया गया, ई-कामर्स फर्मों के प्रभुत्व स्थापित करने से रोकने का प्राविधान किया गया तथा एक फालबैक दायित्व क्लाज़ बनाया गया। इससे ई-कामर्स कंपनियां अपने प्लेटफार्मों पर बिकने वाले उत्पाद या सेवाओं के विफल होने पर ग्राहकों को होने वाले नुकसान के प्रति जवाबदेह हो गईं। ये संशोधन आल इंडिया ट्रेडर्स व अन्य असोसियेशनों की शिकायत पर किए गए कि वैश्विक ई-कामर्स कंपनियां प्रत्यक्ष विदेशी निवेश नीति का उल्लंघन कर रही हैं जिनमें अमेजन व वालमार्ट के स्वामित्व वाली फ्लिपकार्ट शामिल हैं। लगभग पांच साल से ये संस्थायें भारतीय रिजर्व बैंक, प्रवर्तन निदेशालय, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के समक्ष विरोध दर्ज करा रही थीं। इसके साथ ही उन्होंने मार्केटप्लेस में बड़ी विदेशी कंपनियों द्वारा किए 'अनुचित' व 'भेदभावपूर्ण' व्यवहार के लिए न्यायपालिका का दरवाजा भी खटखटाया था। लेकिन इन याचिकाओं का कोई प्रभाव नहीं पड़ा। इस संबंध में कुछ तथ्यों पर गौर किया जाना चाहिए।

रिटेलर्स असोसियेशन आफ इंडिया ने 2018 में दायर एक पीआईएल में ई-कामर्स में एफडीआई मानकों के उल्लंघन का आरोप लगाया था। प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली उच्च न्यायालय को 31 अक्टूबर, 2018 को बताया कि वह विदेशी मुद्रा प्रबंधन कानून के उल्लंघन की जांच अमेजन आदि के खिलाफ कर रहा था, पर एजेंसियों व अदालतों की लापरवाही के कारण कार्यवाही फंसी रही। आल इंडिया आनलाइन वेंडर्स असोसियेशन ने भारतीय प्रतियोगिता आयोग को शिकायत की कि फ्लिपकार्ट, इंडिया तथा ई-कामर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट इंटरनेट प्राइवेट लिमिटेड बाजार पर प्रभुत्व स्थापित करना चाहती हैं। लेकिन सीसीआई को इसमें कुछ गलत नहीं लगा। उसने सवाल उठाया, 'बाजार में कोई एक तत्व बाजार पर प्रभुत्व कैसे स्थापित कर सकता है।' हालांकि, राष्ट्रीय कंपनी ला अपीलीय न्यायाधिकरण-एनसीलैट ने सीसीआई का फैसला रद्द कर जांच का आदेश दिया, लेकिन इस मामले में कोई प्रगति नहीं हुई है। एक अन्य शिकायत में 13 जनवरी, 2020 को दिल्ली व्यापार महासंघ ने अमेजन सेलर सर्विसेज़ तथा फ्लिपकार्ट इंटरनेट पर प्रतियोगिता-विरोधी व्यवहार का आरोप लगाया। सीसीआई ने जांच के आदेश दिए, पर कर्नाटक उच्च न्यायालय ने इसे स्थगित कर दिया। जहां तक केन्द्र सरकार से की गई शिकायतों का सवाल है, केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अमेजन प्रमुख जेफ बेजोस की खिंचाई की तथा डीपीआईआईटी ने आरबीआई व ईडी को निर्देश देकर नियमों का उल्लंघन करने वाली ई-कामर्स कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए कहा। अब डीओसीए द्वारा बनाए नियम ई-कामर्स फर्मों पर लगाम लगाने के प्रयास कर रहे हैं। लेकिन सवाल है कि क्या इन नियमों से लक्ष्य पूरा होगा? क्या पुराने नियमों में कुछ गलत था?

2016 में जारी दिशानिर्देशों के अनुसार मार्केटप्लेस माडल में 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति थी। इसका अर्थ वह प्लेटफार्म है जहां विक्रेता अपने उत्पाद उपभोक्ताओं को बेचते हैं, जबकि उनका स्वामी केवल फैसिलिटेटर की भूमिका अदा करता है। वह सेवायें देता है, आर्डर बुक करता है, इन्वायस तैयार करता है, सामान देने की व्यवस्था करता है तथा भुगतान प्राप्त करता है। सीधे बिक्री की कोई इन्वेंटरी नहीं की जा सकती है। शर्त थी कि उद्यम मार्केटप्लेस में कुल बिक्री के 25 प्रतिशत से अधिक एक वेंडर या उसकी समूह कंपनियों से नहीं ले सकता था। इसके साथ ही वह प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से बिक्री मूल्य को प्रभावित नहीं कर सकता था। ऐसे में बिना वेंडर का उल्लेख किए कोई फर्म मार्केटप्लेस से अपनी सहायक या भारतीय कंपनी से संयुक्त उद्यम बना कर जुड़ सकती थी। हालांकि, यह स्थापित करना आसान नहीं था कि मार्केटप्लेस के स्वामी ने बिक्री मूल्य प्रभावित किया है या नहीं। इस प्रकार ई-कामर्स क्षेत्र की बड़ी कंपनियों को सीधे विक्रेता के रूप में अपनी सहायक या संयुक्त उद्यम वाली कंपनी के माध्यम से बिक्री के नियम बनाए गए। 26 दिसंबर, 2018 को जारी स्पष्टीकरण में कहा गया था, 'मार्केटप्लेस या उसकी सहायक या भारतीय कंपनी के साथ संयुक्त उद्यम वाली कंपनी का स्वामी बिक्री करने वाली कंपनी का स्वामी नहीं हो सकता है।' इसके साथ ही 'प्लेटफार्म पर कोई विक्रेता 25 प्रतिशत से अधिक इन्वेंट्री किसी फर्म नहीं जोड़ सकता है।'

लेकिन स्वामी ये दोनों लक्ष्य प्राप्त कर सकता था। वह अपनी बिक्री फर्म में 50 प्रतिशत से कम शेयर रख कर दावा कर सकता था कि उसका कंपनी पर कोई नियंत्रण नहीं है तथा वह अपनी थोक शाखा के माध्यम से बिक्री की 25 प्रतिशत सीमा से भी मुक्ति पा सकता था। ऐसे में कोई आश्चर्य नहीं कि बड़ी ई-कामर्स कंपनियों का अपने द्वारा संचालित मार्केटप्लेस पर दबदबा बना रहा। उदाहरणार्थ अमेजन प्लेटफार्म पर 4,00,000 विक्रेताओं में से केवल तीन दर्जन कंपनियों का कुल बिक्री के 67 प्रतिशत पर कब्जा है।

अब 2020 व 2021 में प्रस्तावित नियमों पर गौर करने से पता चलता है कि इनका जोर मार्केटप्लेस में विक्रेता से संबंध 'तोड़ना' है। इसके लिए मार्केटप्लेस पर लेनदेन में नियंत्रण तथा विक्रेता को 'प्रभुत्वकारी स्थिति के दुरुपयोग' से रोकने के प्रयास किए गए। इसके साथ ही विक्रेता को मार्केटप्लेस का नाम या ब्रांड प्रयोग से भी प्रतिबंधित किया गया। इन नियमों को 2016 के दिशानिर्देशों तथा 26 दिसंबर, 2018 को दिए स्पष्टीकरण के साथ रख कर देखना चाहिए। इन दोनों के उद्देश्य अलग हैं। जहां पहले पूर्ण संबंध विच्छेद के लिए मार्केटप्लेस के स्वामी या उसकी सहायक कंपनी द्वारा प्लेटफार्म पर बिक्री में 1 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी पर प्रतिबंध था, वहीं विक्रेता मार्केटप्लेस से जुड़ी कंपनी से सप्लाई नहीं प्राप्त कर सकता था। लेकिन बाद में बड़ी ई-कामर्स कंपनी को सीधे बिक्री की अनुमति मिल गई, भले ही इसका रास्ता टेढ़ा था। यह एक गंभीर विरोधाभास है। यदि मोदी सरकार वर्तमान नियमों पर आगे बढ़ती है तो इसका अर्थ 2016 व 2018 दिशानिर्देशों को उलटना होगा। इसे नीति में पूर्वगामी प्रभाव से परिवर्तन समझा जाएगा तथा इससे विदेशी निवेशकों को गलत संकेत जाएगा। दूसरी ओर यदि वर्तमान नीति जारी रही तो इसका अर्थ सरकार द्वारा छोटे व्यापारियों से किए वादों से पीछे हटना होगा। इस विरोधाभास में फंसने के कारण प्रधानमंत्री मोदी की टीम केवल विचार-विमर्श के नाम पर समय काट रही है। लेकिन इस पर फैसला अनिश्चित काल के लिए नहीं टाला जा सकता है। इस पर आगे बढ़ने का रास्ता भारतीय आनलाइन खुदरा व्यापार में एफडीआई को वैधता प्रदान करना होगा। मोदी सरकार को आफ्लाइन खुदरा व्यापार में भी 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति देनी चाहिए। वर्तमान समय में यह सीमा 51 प्रतिशत है, लेकिन अनेक शर्तें लगाई गई हैं जिनका अर्थ एक प्रकार का निषेध हो जाता है। इस निर्णय से सभी खुदरा विक्रेताओं को समान शर्तों पर एक दूसरे से प्रतियोगिता का अवसर मिलेगा, फिर चाहे वे आफ्लाइन हों या आनलाइन अथवा छोटे या बड़े। यह सभी हितधारकों के लिए बहुत अच्छी स्थिति होगी और सरकार को इस क्षेत्र को नियंत्रित करने की कठिनाई से मुक्ति मिलेगी।

# प्रभावी संचार रणनीति की आवश्यकता

**आलोक रंजन**
(लेखक पूर्व मुख्य सचिव हैं)



**मैं** हाल ही में लखनऊ में मध्यम और लघु उद्योग क्षेत्र (एमएसएमई) के एक सेमिनार में मुख्य अतिथि था और मुझे यह जानकर आश्चर्य हुआ कि सबसे बड़ी समस्या सरकार और उद्यमियों के बीच एक बड़ा संचार अंतर प्रतीत होता है। अधिकांश एमएसएमई सदस्य अपने लिए उपलब्ध सरकारी योजनाओं से अवगत नहीं हैं और उनका लाभ लेने में असमर्थ हैं। यही कारण है कि योजनाओं के उद्देश्य पूरी तरह से साकार नहीं हो पाते हैं। एमएसएमई एक प्रमुख क्षेत्र है। देश में लगभग 60 मिलियन एमएसएमई इकाइयां लगभग 110 मिलियन लोगों को रोजगार देती हैं और सकल घरेलू उत्पाद में 30 प्रतिशत और निर्यात में 48 प्रतिशत का योगदान करती हैं। संगोष्ठी में, मैंने पाया कि अधिकांश उद्योगपतियों ने इस क्षेत्र के लिए ऋण प्राप्त करने, अपने उत्पादों के विपणन और तकनीकी नवाचार की समस्या के बारे में बात की। बाद में, जब विभिन्न योजनाओं की रूपरेखा तैयार की गई और उन्हें समझाया गया, तो उन्हें यह जानकर आश्चर्य हुआ कि वे सरकार द्वारा दिए जाने वाले प्रोत्साहनों का उपयोग करके अपने उद्योग को बेहतर तरीके से चला सकते हैं।

तब यह निर्णय लिया गया कि विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों, जिलों और शैक्षणिक संस्थानों में जागरूकता बैठकें आयोजित करने की आवश्यकता है और सरकार को पहल करनी चाहिए ताकि लक्षित लाभार्थियों को ठीक से जागरूक किया जा सके। आश्चर्यजनक रूप से, सरकार का संपूर्ण प्रदर्शन उसकी नीतियों और योजनाओं के उचित संचार पर निर्भर करता है, लेकिन इस दिशा में बहुत कम या कोई प्रयास नहीं किया जाता है। यह अन्य क्षेत्रों के लिए भी सच है - कृषि, पर्यावरण, स्वास्थ्य और शिक्षा। इस प्रकार केंद्र और राज्य सरकारों के स्तर पर संचार रणनीति की आवश्यकता है। मैं एक आईएएस अधिकारी के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान यूपी के सूचना विभाग के साथ निकटता से जुड़ा हुआ था। सरकार की उपलब्धियों को उजागर करने के लिए विभाग ने मीडिया को विज्ञापन जारी किए। महत्वपूर्ण योजनाओं का उल्लेख किया गया है लेकिन विवरण नहीं दिया गया है। केवल एक विज्ञापन जारी करने से लोगों को योजनाओं के लाभों से अवगत नहीं कराया जाता है। जिला मजिस्ट्रेट के रूप में मेरे कार्यकाल के दौरान, हमारे पास एक सूचना अधिकारी था जिसका काम लोगों को सरकारी योजनाओं और परियोजनाओं से अवगत कराना था। उनसे स्थानीय लोक कलाकारों और रंगमंच का उपयोग सरकारी योजनाओं को लोकप्रिय बनाने और उन्हें सरल और मनोरंजक तरीके से नागरिकों तक पहुँचाने की उम्मीद की गई थी। यह काफी प्रभावी हुआ करता था लेकिन समय के साथ संचार के इन नवीन साधनों का सहारा नहीं लिया जा रहा है। लाखों लोगों तक पहुंचने का सबसे तेज़ तरीका सोशल मीडिया का उपयोग है। तेजी से सरकार और उसके अधिकारी अपने विचारों और योजनाओं को संप्रेषित करने के लिए ट्विटर, फेसबुक, यूट्यूब और व्हाट्सएप मैसेजिंग का उपयोग कर रहे हैं। आम तौर पर सूचना विभाग को बड़े बजट आवंटित किए जाते हैं लेकिन किसी तरह इसे महंगे विज्ञापनों पर खर्च किया जाता है। हमें यह मूल्यांकन करने की आवश्यकता है कि क्या इस बजट का प्रभावी ढंग से उपयोग किया जा रहा है और क्या लोगों को सरकारी योजनाओं और नीतियों से अवगत कराया जा रहा है।




एकतरफा संचार हमेशा सही परिणाम नहीं देता है। संचार के प्रभावी होने के लिए, प्रतिक्रिया की आवश्यकता होती है। सौभाग्य से, प्रौद्योगिकी ने इसे एक साधारण मामला बना दिया है। मुझे याद है कि मुख्य सचिव के रूप में, मैं जानना चाहता था कि क्या विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी वास्तविक हैं और उन्हें वांछित लाभ मिला है। अतीत में, जानने का एकमात्र तरीका भौतिक रूप से चीजों को सत्यापित करना था। प्रौद्योगिकी अब 100 प्रतिशत सत्यापन और कुछ ही समय में करना संभव बनाती है। हमने सूचीबद्ध लाभार्थियों से उनके सेल फोन पर संपर्क करने के लिए एक कॉल सेंटर स्थापित किया है ताकि यह पता लगाया जा सके कि उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत सहायता मिली थी या नहीं। हमने उन्हें फोन पर योजनाओं की जानकारी भी दी और उनका फीडबैक और सुझाव लिया। यह वास्तव में अच्छी तरह से काम करता है और मैं इस टेम्पलेट का उपयोग प्रौद्योगिकी-आधारित संचार के भविष्य के उपयोग के लिए करना चाहता हूं।

ग्रामीण क्षेत्रों में रेडियो संचार का एक उत्कृष्ट माध्यम है। टेलीविजन भी एक उपयोगी भूमिका निभाता है। हालांकि, पुराने जमाने के आमने-सामने की बातचीत का कोई विकल्प नहीं है। मुझे याद है कि एक जिला अधिकारी के रूप में मैं गांवों का दौरा करता था और ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं के बारे में समझाता था कि वे इसका लाभ कैसे उठा सकते हैं। दर्शकों को अपनी शंकाओं को दूर करने और अपनी शिकायतों को सामने रखने का समय दिया गया। वर्षों से कागजी कार्रवाई इतनी बढ़ गई है कि आंतरिक क्षेत्रों में दौरा दुर्लभ हो गया है।

नागरिकों के साथ सूचना और संचार के प्रसार के लिए सरकार को एक पेशेवर दृष्टिकोण की आवश्यकता है। प्रिंट मीडिया, टेलीविजन, फील्ड विजिट और लोक कला के उपयोग के अलावा, रणनीति डिजिटल होने की है। सोशल मीडिया की जबरदस्त पहुंच है और इसलिए यह एक महत्वपूर्ण माध्यम बन जाता है। प्रौद्योगिकी सूचना को सभी के लिए सुलभ बना सकती है।

यदि सरकार वास्तव में विकास योजनाओं पर खर्च किए जा रहे बजट का पूरा लाभ प्राप्त करना चाहती है तो संचार रणनीति और परिणामी कार्य योजना को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक बनाने की सलाह दी जाएगी।

## आप की बात

### सख्ती बरते चुनाव आयोग

**आने** वाले 2 माह देश के लिए अग्निपरीक्षा को साबित होने हैं। एक तरफ जनतीसरी लहर का सामना करेंगे तो दूसरी तरफ तंत्र में चुनावी सरगर्मियां उफान पर होगी। दो बड़ी चुनौतियां देश के सामने है जिन से सफलतापूर्वक बाहर होने में ही देश की भलाई है। महामारी को लेकर पश्चिम बंगाल चुनाव के समय जो परिस्थितियां बनी थी उससे कहीं अधिक खराब हालात इस समय देश में बन रहे है ऐसे में चुनाव आयोग की जवाबदारी अधिक बढ़ जाती है। महामारी का दंश फिर चुभता दिख रहा है। आज जिस तरह से संक्रमण के आंकड़े सामने आ रहे हैं वह भविष्य के भयावह होने का संकेत है। राहत वाली बात यही है कि फिलहाल मौतों का आंकड़ा कम है। महामारी की तीसरी लहर धीरे धीरे पीक की और बढ़ रही है ऐसे में संभलकर कदम रखने होंगे। ऐसे में राजनीतिक घमासान मचना स्वाभाविक है। इस बार पश्चिम बंगाल में की गई गलतियों से सबक लेने की जरूरत है। चुनाव प्रचार जहां तक हो सके वर्चुअल ही हो तो ठीक है क्योंकि भले ही उपस्थिति की संख्या आयोग द्वारा तय कर दी जाती है परंतु नेता उसे लांघने में जरा भी देर नहीं करते। चुनाव आयोग को चाहिए कि वह प्रचार-प्रसार और जनसंपर्क के लिए सख्त दिशा निर्देश जारी करें।

- **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

### बेटी को बेटी ही कहें

**एनएफएचएस** के 2019-20 के सर्वेक्षण में ऐसा पहली बार हुआ है कि जब स्त्रियों का अनुपात पुरुषों के मुकाबले ज्यादा हैं। 1000 पुरुषों के मुकाबले 1020 महिलाएं हैं लेकिन हमें इतने पर ही यह नहीं मान लेना चाहिए कि महिला सशक्तिकरण के लिए उठाए गए कदम पर्याप्त हैं। आज भी दिल्ली में 1000 पुरुषों पर 929 और हरियाणा में 914 महिलाएं हैं। आज 21वीं सदी के बाद भी बेटियों का जन्म लेना एक अभिशाप की तरह समझा जाता है। शहरों में गर्भ में पल रहा शिशु लड़का है या लड़की इसका पता आसानी से लगा लेते हैं। हम प्राय सुनते हैं कि भगवान अगर गरीबी देना तो बेटी मत देना क्योंकि उसके पालन-पोषण और शादी का खर्च कौन उठाएगा। लेकिन संपन्न वर्गों में प्राय ऐसा देखा जाता है कि उनके बेटों की चाहत अभी भी विद्यमान कि और वे गर्भपात का कोई न कोई रास्ता निकाल लेते है। भारत सरकार ने बेटियों के उज्जवल भविष्य के लिए बेटी बचाओ -बेटी पढ़ाओ ,सुकन्या समृद्धि खाता इत्यादि जैसी योजनाएं शुरू की कि ताकि गरीब घर की बेटी भी अपना जीवन संवार सके। यह तर्क तब और निराधार हो जाता है जब हम वृंदावन में वृद्धजन की बढ़ती संख्या देखते हैं, उनके पुत्र ही लाकर उन्हें वहां छोड़ जाते हैं।

- **मंगल सिंह,** मेल से

### तीसरी लहर का कहर

**कोरोना** की तीसरी लहर में 30 करोड़ से अधिक संक्रमित लोगों का वैश्विक आंकड़ा पहुंच गया है। अमेरिका, फ्रांस आदि विकसित देशों में कोरोना से लाखों लोग संक्रमित हो रहे है। जहां बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और सुविधा सम्पन्न लोग है। देश के पीएम मोदी ने कोरोना संकट से निपटने के के लिये समीक्षा की और देश के लोगों और व्यापारिक गतिविधियों को प्रभावित किये बिना ऐसे उपाय करने के निर्देश दिए। लोगों को भी कोरोना के संभावित खतरे से बचाने के लिए टीकाकरण, मास्क और भीड़ में न जाने की ओर ध्यान देना चाहिये। 15 से अधिक उम्र के बच्चों का भी टीकाकरण करने की व्यवस्था अभियान चलाकर सारे देश मे किया जा रहा है। चिन्तनीय है कि देश मे सरकार ने 14 महीने में सत्रह बार चिट्ठी लिख कर तीसरी लहर से निपटने के लिये जीनोम सिक्वेंसिंग की लैब विकसित करने और वेन्टीलेटर्स को डिब्बों से बाहर निकलने के लिये लिखा। लेकिन 20 प्रतिशत वेंटिलेटर चालू नही और सिक्वेंसिंग लैब की हालत ठीक नही है। कोरोना से तमाम स्वास्थ्य कर्मी संक्रमित हैं।

- **कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** जरगांव

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**हल्के** लक्षणों के साथ मेरी कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। मैं घर में ही एकांतवास पर हूं।

- **राजनाथ सिंह**
रक्षा मंत्री



**हमें** लोगों की ईंधन के खर्च की कीमत पर उनकी मदद करनी है, और हम ऐसा ही करने जा रहे हैं।

- **बोरिस जॉनसन**
ब्रिटिश प्रधानमंत्री



**मैं** कुछ कहता हूं और टीवी चैनल कुछ और कहते हैं। इसलिए मैंने तीन दिनों से मौन धारण कर रखा है।

- **डीके शिवकुमार**
कर्नाटक कांग्रेस प्रमुख

# भाजपा ने शुरू की डोर-टू-डोर कैंपेन, बताईं सरकार की उपलब्धियां

● यूपी के 174000 बूथों पर घर-घर पहुंचे भाजपा के नेता और कार्यकर्ता

● विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी के सांसद, विधायक, मंत्री और जनप्रतिनिधि भी हुए सम्मिलित

## स्वतंत्र देव सिंह ने की पार्टी के जनसंपर्क अभियान की शुरुआत



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बीजेपी** प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने मंगलवार को लखनऊ के बालू अड्डे से पार्टी के घर-घर जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की। इसके साथ ही यूपी के सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों में चलाए जाने वाला यह जनसंपर्क अभियान आज से प्रारम्भ हो गया। मंगलवार को राज्य के 174000 बूथों पर बीजेपी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने घर-घर पहुंच कर लोगों को सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी। लोगों को बताया कि केंद्र और राज्य सरकार ने लोगों के हितों के क्या क्या किया है? पार्टी नेताओं ने लोगों के घर-घर जाकर सरकार की उपलब्धियों को बताने वाला पत्रक पूरी हुई हर आस, घर-घर हुआ विकास भी दिया और स्टीकर लगाये।

अभियान की शुरुआत करते हुए स्वतंत्र देव सिंह केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकार की योजनाओं का लाभ पाने वाले लाभार्थियों के घर गए। जहां उन्होंने लाभार्थियों को चंदन और कुमकुम का तिलक लगाकर उन्हें प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को बताने वाला पत्रक दिया और एक बार फिर से भाजपा को वोट देने की अपील की। कहा कि इस अभियान के जरिए पार्टी कार्यकर्ता उन करोड़ों लोगों के घर-घर जा रहे हैं, जिन्हें योजनाओं का लाभ मिला है। हमने जो कहा है वह किया है, जो कहेंगे उसे भी करेंगे। इस अभियान के जरिए हम जनता के आशीर्वाद के साथ ही उनसे सुझाव भी ले रहे हैं। इस जनसंपर्क अभियान के तहत पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पांच-पांच की संख्या में घर-घर जाकर केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी लोगों को दी। राज्य में जिन लोगों ने केंद्र और राज्य सरकार की योजना का लाभ पाया है, उन लाभार्थियों के घर जाकर पार्टी नेताओं ने उनका सम्मान किया और पार्टी के लिए वोट मांगा। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के जारी दिशानिर्देशन के अनुरूप शुरू हुए भाजपा के इस जनसंपर्क अभियान के तहत पांच-पांच की संख्या में पार्टी के नेता और कार्यकर्ता कोरोना प्रोटोकॉल पालन करते हुए घर-घर जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किसानों, श्रमिकों, महिलाओं, युवाओं के लिए किए गए कार्यों की जानकारी लोगों को देंगे। लोगों को बताएंगे कि प्रदेश की योगी सरकार ने कैसे अपराधियों पर नकेल कसी, कैसे बेघरों को आवास मुहैया कराएं, घर-घर बिजली पानी पहुंचाने के लिए प्रयास किए तथा कैसे यूपी को रोजगार प्रदेश बनाया और कैसे किसानों के जीवन को खुशहाल बनाया है। जनसंपर्क अभियान के कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता सभी सांसद और विधायकों के साथ प्रदेश सरकार के मंत्रियों ने भी अपने विधानसभा क्षेत्रों में जन-जन से सम्पर्क कर सरकार की योजनाओं को बताया और आगामी विधानसभा चुनाव में एक बार फिर से प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा सरकार बनाने की अपील की।

## चुनाव में जनता अखिलेश को सच और झूठ के बीच का फर्क ठीक से समझा देगी: स्वतंत्र देव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीजेपी** प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि मनोविज्ञान का एक नियम है, प्रोजेक्शन। मसलन व्यक्ति जैसा होता है, वैसा ही दूसरों के बारे में भी सोचता है। बोलता है। ऐसे लोंगों के बारे में गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरित मानस में कहा है कि जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर प्रोजेक्शन का यही नियम लागू होता है। खुद वो झूठ के पुतले हैं। यही वजह है कि अपने ट्वीट और मंचों से जब भी मौका मिलता है, दूसरों को झूठा बताते हैं। यह तो चोर की दाढ़ी में तिनका वाली बात हो गई। स्वंत्रदेव सिंह ने कहा कि कौन झूठा है, कौन सच्चा। यह जनता 2017 से लगातार साबित करती आ रही है। आगे भी करेगी। लिहाजा नतीजे आने तक उनको धैर्य से इंतजार करना चाहिए। सच तो यह है कि अखिलेश नंबर एक के ढपोरशंख हैं। सत्ता में रहते हुए डींगे मारने के अलावा कुछ किया नहीं। सत्ता जाने के बाद भी उनकी आदत नहीं गई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा ने पूर्व की सरकार की अराजकता व तुष्टिकरण तथा वर्तमान सरकार के समग्र विकास के बीच का फर्क दुनिया के सामने रखा है तो चुनाव में जनता अखिलेश को भी सच और झूठ के बीच का फर्क ठीक से समझा देगी। प्रदेश को चारागाह समझ फिर से चरने की मंशा पाले बैठे अखिलेश जैसे लोगों को खदेड़ने के लिए जनता वोट की लाठी लेकर तैयार बैठी है।

## कांग्रेस एमएलसी ने आयोग को पत्र लिखकर भाजपा पर लगाया कोरोना फैलाने का आरोप

**लखनऊ।** कांग्रेस एमएलसी दीपक सिंह ने मुख्यनिर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर भाजपा पर कोरोना फैलाने का लगाया आरोप लगाया है। पत्र में उन्होंने लिखा है कि सोमवार 10 जनवरी को भाजपा के पार्टी कार्यालय में प्रदेश कार्यसमिति की बैठक हुई। जिसमें भाजपा उत्तर प्रदेश के प्रभारी राधा मोहन सिंह शामिल हुए। इस बैठक के बाद ही राधा मोहन सिंह कोरोना पॉजीटिव पाए गए हैं। उन्होंने खुद अपने संपर्क में आए सभी लोगों को कोविड .19 का टेस्ट कराने की सलाह दी है, पर भारतीय जनता पार्टी के तमाम नेता जो उक्त बैठक में उनके ठीक बगल और साथ बैठे थे वह एक चुनाव अभियान के तहत भारी भरकम भीड़ के साथ जनसंपर्क कर रहे हैं। जिससे कोविड 19 के संक्रमण फैलने की पूर्ण संभावना है। कांग्रेस एमएलसी ने लिखा है कि यदि भाजपा का यह प्रचार घर-घर जनसंपर्क अभियान नहीं रोका गया तो यह घर घर कोरोना वायरस फैलाओ अभियान साबित हो सकता है। उन्होंने आयोग से मांग की है कि उक्त सभी नेताओं को कोविड प्रोटोकॉल अनुसार होम क्वारंटाइन कराने तथा उनके प्रचार अभियान पर रोक लगाने का कष्ट करें ।

## सरकार ने भरी गन्ना किसानों की झोली

● पिछली सरकारें बेच रही थीं चीनी मिलें, बकाया भुगतान के लिए दर-दर भटक रहे थे गन्ना किसान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** सरकार के कैबिनेट मंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश में गन्ना किसानों के जीवन में खुशियां लाने का बड़ा काम किया। प्रदेश के कानून मंत्री ब्रजेश पाठक ने पूर्व की बसपा और सपा सरकारों पर आरोप जड़ते हुए कहा कि पिछली सरकारों के कार्यकाल में चीनी मिलों को बंद कर औने पौने दामों में सौदा किया गया। गन्ना किसानों को उबरने तक का मौका नहीं दिया गया। किसानों को बकाये भुगतान के लिए दर दर भटकना पड़ रहा था। हालात से परेशान किसान जमीन बेच कर पलायन करने को मजबूर हो गए थे। भाजपा की सरकार ने पांच साल के कार्यकाल में गन्ना किसानों की उन परेशानियों को दूर किया जिससे वे वर्षों से जूझ रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने 2017-18 से 2021-22 तक गन्ना किसानों को अब तक कुल 151568 करोड़ रुपये से अधिक गन्ना मूल्य का भुगतान किया जो पिछली सरकारों से काफी ज्यादा है। कानून मंत्री ने कहा कि प्रदेश में संचालित 119 से अधिक चीनी मिलों ने वर्तमान पेराई सत्र 2021-22 में 119 में 330.78 लाख टन गन्ने की पेराई एवं 32.14 लाख टन चीनी का उत्पादन किया गया। इतना ही नहीं किसानों को उनको गन्ने के मूल्य की पाई-पाई देकर सम्मान देने का काम किया।

## भाजपा का हर वादा झूठा निकला, इसके विज्ञापन भी झूठे

● जनता इस बार भाजपा का सफाया करके समाजवादी पार्टी की सरकार लाएगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि जनता समाजवादी पार्टी को भाजपा का विकल्प मानती है। जनता इस बार भाजपा का सफाया करके समाजवादी पार्टी की सरकार लाएगी। समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर तीन सौ यूनिट बिजली मुफ्त देंगे, छात्रों-नौजवानों को पहले की तरह लैपटाप देंगे। पढ़ाई, रोजगार का इंतजाम होगा। सिंचाई मुफ्त होगी। अखिलेश यादव मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में बड़ी संख्या में आए कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा समाजवादी पार्टी सभी वर्गों को साथ लेकर चल रही है। समाजवादी पार्टी ने क्षेत्रीय दलों के साथ गठबंधन किया है। इस बार जनता पुराने मुद्दों पर वोट नहीं देगी। समाजवादी पार्टी चुनावों की तैयारी पिछले दो साल से कर रही है। पार्टी के तमाम कार्यकर्ताओं को ट्रेनिंग दी गई है कि कैसे अपना काम जनता तक पहुंचाएं। श्री यादव ने कहा कि भाजपा ने किसान, नौजवान को धोखा दिया। डीजल, बिजली, खाद, सब महंगे हो गए है। किसान की कमाई आधी हो गयी और महंगाई दुगनी हो गयी है। भाजपा के नेता एक बार भी किसान, नौजवान का नाम नहीं लेते हैं। भाजपा ने तीन कृषि कानून किसानों को संकट में डालने और उनको बर्बाद करने के लिए लाए थे। भाजपा ने जिन किसानों को आतंकवादी कहा था, वोट के लिए अब उनकी पूजा कर रही है। किसान जानता है कि भाजपा धोखा दे रही है। श्री यादव ने कहा भाजपा का हर वादा झूठा निकला। इसके विज्ञापन भी झूठे हैं। समाजवादी पार्टी ने हमेशा महिलाओं को सम्मान दिया। माताओं बहनों को समाजवादी पेंशन, कन्या विद्याधन, लैपटाप, रानी लक्ष्मीबाई योजना के जरिए सम्मान दिया था। समाजवादी पार्टी के घोषणा पत्र में आधी आबादी की सुरक्षा, सम्मान और रोजगार के लिए काम किया जाएगा। श्री यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी की जनसभाओं में उमड़ते जनसैलाब से घबड़ाकर सरकारी पार्टी के अनुकूल व्यवस्थाएं की जा रही है। लेकिन मतदाता साइकिल पहचानता है। वह साइकिल का बटन ही दबाएगा।

## सपा में पदाधिकारी नामित

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति से समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश की राज्य कार्यकारिणी में निर्मल सिंह बस्ती, बाबू सिंह आर्य गाजियाबाद को प्रदेश सचिव, मुक्तिनाथ राय आजमगढ़ को विशेष आमंत्रित सदस्य तथा मोहम्मद श्वाले को समाजवादी पार्टी बस्ती का जिला उपाध्यक्ष नामित किया गया है। समाजवादी लोहिया वाहिनी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप तिवारी द्वारा मयंक महेन्द्र सिंह जौनपुर, अतुल यादव प्रतापगढ़ को राष्ट्रीय सचिव नामित किया गया है। समाजवादी युवजन सभा उत्तर प्रदेश की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द गिरि द्वारा हरीश कुमार शुक्ला प्रतापगढ़, निशात उद्दीन कुरैशी आगरा को प्रदेश सचिव नामित किया गया है। समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजपाल कश्यप द्वारा प्रकाश गुप्ता पूर्व चेयरमैन बस्ती को प्रदेश सचिव एवं हरिशंकर विश्वकर्मा सोनभद्र को प्रदेश सदस्य नामित किया गया है।

## बसपा नेता समर्थकों के साथ सपा में शामिल

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के प्रति आस्था जताते हुए आज गोण्डा के बसपा के दर्जन भर से ज्यादा नेताओं ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। करनैलगंज गोण्डा में बसपा के प्रभारी रहे अनिल कुमार मिश्र के साथ पंकज तिवारी बाबा विहिप, सुल्तानपुर के कई नेता समाजवादी पार्टी में शामिल हुए है। इनके अतिरिक्त सत्यम मिश्रा, गोविन्द मिश्रा सहित तमाम समर्थको ने समाजवादी पार्टी में शामिल होने की घोषणा की।

## आठ करोड़ लोगों को मिली टीके की दोनों डोज

**लखनऊ।** प्रदेश में आठ करोड़ लोगों का कोविड टीकाकरण पूरा हो गया है। यह प्रदेश की कुल वयस्क आबादी का करीब 55 फीसदी है जबकि 91 फीसदी से ज्यादा लोगों को पहली डोज लग गई है। स्वास्थ्यकर्मियों, फ्रंटलाइन वर्कर, कोरोना वॉरियर प्री-कॉशन डोज देने का काम भी जोरों से चल रहा है और महज दो दिन में करीब 1 लाख लोगों को प्री-कॉशन डोज मिल गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चुनावों से पहले प्रदेश में 100 फीसदी टीकाकवर का लक्ष्य रखा है। नई नीति के अनुसार मतदान तिथि के 10 दिन पहले तक संबंधित जनपद में सभी का टीकाकरण कर दिया जाएगा। घोषित निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार जिस जिले में पहले मतदान होना है, वहां अतिरिक्त वैक्सीनेशन सेंटर और वैक्सीनेटर लगाए जाएंगे। सीएम के निर्देश के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा नई रणनीति के साथ टीकाकरण कार्यक्रम लागू किया जा रहा है।

## प्रदेश में स्वास्थ्य व्यवस्था के हर मोर्चे पर नाकाम रही योगी सरकार: पीएल पुनिया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** की दूसरी लहर से मची तबाही के बाद अब तीसरी लहर की भी शुरुआत हो गई है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के इलेक्शन कैंपेन कमेटी के चेयरमैन पीएल पुनिया ने योगी सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि बीते साल ही कोरोना की दूसरी लहर में प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था ध्वस्त हो गई थी। अस्पतालों में बेड के लिए मारामारी, ऑक्सीजन की कमी से हो रही मौतों और गंगा किनारे दबाई गई और तैरती लाशों का खौफनाक मंजर अभी भी प्रदेश के लोगों की जेहन में ताजा है। उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था पर टिप्पणी करते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट तक ने कहा कि राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था राम भरोसे चल रही है। उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य व्यवस्था के हर मोर्चे पर योगी सरकार नाकाम रही है।

पुनिया ने कहाए दूसरी लहर से मची तबाही के बावजूद भी योगी सरकार ने कोई तैयारी नहीं की। रिपोर्ट्स बताती हैं कि उत्तर प्रदेश में पीएम केयर्स फंड से मिले 230 से अधिक वेंटिलेटर का डिब्बा तक नहीं खोला गया है। विज्ञापनों, पोस्टरों के जरिये अपना भ्रष्टाचार छुपाने वाली योगी सरकार ने आधे अधूरे बने कुछ जीनोम सिक्वेंसिंग लैब का उद्घाटन प्रधानमंत्री के हाथों करवा दिया, पर सच यह है कि यह सब शोपीस बनकर रह गए हैं। पुनिया ने कहा अभी कुछ ही दिन बीते हैं जब नीति आयोग की एक रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को निचला स्थान मिला। उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य सुविधाओं के मामले में देश में सबसे फिसड्डी साबित हुआ है। पुनिया ने कहा कि कांग्रेस के पास स्वास्थ्य क्षेत्र में बदलाव के लिए पूरी योजना हैए हमने उस पर काम किया है। कांग्रेस की सरकार बनने पर प्रदेश के अस्पतालों में डॉक्टरों के खाली पद भरे जायेंगे, दवाओं की उपलब्धता आसान की जाएगी और पूरे प्रदेश में अस्पतालों में बुनियादी सुधार किए जाएंगे।

## स्वामी प्रसाद मौर्य ने भाजपा के झूठ का गुब्बारा फोड़ दिया: कांग्रेस

**लखनऊ।** कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा इस्तीफा दिए जाने के बाद प्रदेश कांग्रेस ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि एक तरफ मुख्यमंत्री आदित्यनाथ की भाजपा सरकार बड़े-बड़े दावे कर रही है दूसरी तरफ उनके मंत्री छोड़कर जा रहे हैं। इससे पता चलता है कि भाजपा का जहाज डूब रहा है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ उमाशंकर पांडेय ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा की नैया डूब रही है और स्वामी प्रसाद मौर्य ने पार्टी छोड़ने के बाद सारे छेद गिना दिए हैं। उन्होंने कहा कि बीते पांच साल में भाजपा सरकार ने विकास के नाम पर दलितों, पिछड़ों ,व्यापारियों और नौजवानों को धोखे में रखकर प्रचार और प्रोपगंडा फैलाया। अब उन्हीं की सरकार के वरिष्ठ कैबिनेट स्वामी प्रसाद मौर्या ने भाजपा के झूठ का गुब्बारा फोड़ दिया है। किसान, बेरोजगार, महिलाओं के मुद्दों पर भाजपा ने सिर्फ झूठ परोसा है। पांडेय ने कहा कि भाजपा की गलत नीतियों के चलते उत्तर प्रदेश की जनता त्रस्त है। नफरत की राजनीति करने वाली इस पार्टी की ढोल फट चुकी है।

## कई समाजसेवी, नेता व कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मंगलवार को कई समाजसेवी व नेताओंए कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पूर्व मंत्री एवं मीडिया चेयरमैन नसीमुद्दीन सिद्दीकी और प्रदेश कोषाध्यक्ष सतीश आजमानी ने नए सदस्यों का कांग्रेस पार्टी में स्वागत किया।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता उमाशंकर पाण्डेय ने बताया कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में संभल की रहने व टीवी मीडिया की वरिष्ठ पत्रकार निदा अहमद एवं समाजसेवी रजा अहमद ने अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि कांग्रेस का कुनबा लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सबको सम्मान और जिम्मेदारी देती है। कांग्रेस पार्टी एक परिवार है। प्रियंका गांधी के नेतृत्व में प्रदेश में कांग्रेस पार्टी दिन प्रतिदिन आगे बढ़ रही है। बहुत सारे लोग हमारे साथ जुड़ रहे हैं। हम उत्तर प्रदेश में मजबूत स्थिति में हैं।

इस मौके पर निदा अहमद ने पार्टी में शामिल होते हुए कहा कि इस बार कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में हमने आधी आबादी की जंग लड़ने की ठानी है, वह हमारी जंग आगे ऐसे ही जारी रहेगी। लड़की वह होती है जो अपने हौसले से तकदीर को बदल देती है। मैं समाज में महिलाओं को अपने हक़ की लड़ाई लड़ने के लिए जागरूक करूंगी।

## कोरोना की तीसरी लहर के नियंत्रण पर काम शुरू

● युद्धस्तर पर चल रहा है फोकस टेस्टिंग, टीकाकरण, सर्विलांस, सैनिटाइजेशन का काम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** संक्रमण की तीसरी लहर पर नियंत्रण के लिए सरकार ने सभी जिलों में पूरी सक्रियता से काम शुरू कर दिया हैं। स्वच्छता, कोविड गाइडलाइन, प्रोटोकॉल, फोकस टेस्टिंग, टीकाकरण, सर्विलांस, सैनिटाइजेशन का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। सभी मेडिकल कॉलेज में 100 बेड वाले पीकू नीकू और सीएचसी और पीएचसी में 50 नए बेड की व्यवस्था कर दी गई है। सीएम ने आला अधिकारियों को नए वैरिएंट को लेकर अस्पतालों में व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। मु यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ट्रेसिंग, टेस्टिंग और टीकाकरण को तेज करने के निर्देश दिए हैं। उन्होने यह भी कहा है कि लोगों में पैनिक न हो इसलिए उन्हें सही, सटीक और समुचित जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि लोगों को बताया जाना चाहिए कि घबराने की नहीं, सावधानी और सतर्कता की जरूरत है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कार्यालयों, औद्योगिक इकाइयों में कोविड हेल्प डेस्क की स्थापना अनिवार्य रूप से हो। बिना स्क्रीनिंग किसी को प्रवेश न दिया जाए। मुख्यमंत्री ने होम आइसोलेशन में उपचाराधीन लोगों से संवाद बनाये रखने और मेडिकल किट पहुँचाने के निर्देश भी दिए हैं। इसके साथ ही सरकार ऑक्सीजन, बेड, लैब जैसी व्यवस्थाओं पर अपनी पैनी नजर बनाए हुए है। प्रदेश की 3011 पीएचसी और 855 सीएचसी को सभी अत्याधुनिक संसाधनों से लैस किया जा रहा है। सरकार ने प्रदेश में 75000 निगरानी समितियों को भी जि मेदारी सौंपी हैं। कोरोना प्रबंधन में अव्वल रहने वाली उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में कोरोना की पहली लहर में कम समय में जांच की रतार को बढ़ाया था जिसके बाद यूपी प्रतिदिन ढाई लाख से अधिक आरटीपीसीआर जांच करने में सक्षम है। ऐसे में नए वैरिएंट को ध्यान में रखते हुए भविष्य में जीनोम सीक्वेंसी की र तार को बढ़ाने में सक्षम यूपी में तेजी से जीनोम परिक्षण किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक डॉ वेद व्रत सिंह के मुताबिक प्रदेश में फोकस टेस्टिंग के दायरे को बढ़ाते हुए स्क्रीनिंग, सर्विलांस, जांच को तेजी से बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में बीएसएल.2 आरटीपीसीआर प्रयोगशालाओं का संचालन किया जा रहा है। सभी जिलों में स्वास्थ्य विभाग की ओर से जरूरी दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। प्रदेश के 500 से अधिक अस्पतालों में मॉक ड्रिल किया गया जिसमें सभी अस्पताल सुविधा से लैस पाए गए। तीसरी लहर को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण पूरा किया जा चुका है।

# सोशल मीडिया पर पुलिस मुख्यालय की पैनी नजर

● आपत्तिजनक पोस्ट, फर्जी खबरों व एमसीसी के उल्लंघन के प्रकरण में कार्रवाई के लिए 15 पुलिस कर्मियों की एक अतिरिक्त टीम नियुक्त

## विधानसभा चुनाव को देखते हुए तीन शिफ्टों में 24 घंटे कार्य करेगा पुलिस का मॉनिटरिंग सेंटर




पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**इस** बार के विधानसभा चुनाव में सोशल मीडिया की भूमिका काफी अहम हो गई है। इसे देखते हुए प्रदेश पुलिस ने अभी से कमर कस ली है। विधानसभा चुनाव के दौरान सोशल मीडिया पर पुलिस मुख्यालय की पैनी नजर रहेगी। इसके लिए पुलिस मुख्यालय में सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेंटर स्थापित किया गया हैए जो 3 शिफ्टों में 24 घंटे कार्यरत रहेगा। सोशल मीडिया मानिटरिंग सेंटर में वर्तमान में 1 पुलिस उपाधीक्षक, 3 प्रभारी निरीक्षक 8 उपनिरीक्षक, 21 हेड कॉन्स्टेबल, कॉन्स्टेबल कार्यरत हैं जो अपर पुलिस अधीक्षक सोशल मीडिया सेल के पर्यवेक्षण में कार्य करते हैं ।

एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि चुनाव के परिप्रक्ष्य में सोशल मीडिया मानीटरिंग सेन्टर द्वारा आपत्तिजनक पोस्ट, फर्जी खबरों एवं एमसीसी के उल्लंघन के प्रकरण में कार्यवाही करने के लिए 15 पुलिस कर्मियों की एक अतिरिक्त टीम नियुक्त की जा रही है । अपर पुलिस अधीक्षक, सोशल मीडिया सेल द्वारा पुलिस महानिदेशक एवं अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था उत्तर प्रदेश को सोशल मीडिया से प्राप्त चुनाव के समस्त महत्वपूर्ण प्रकरणों से प्रतिदिन अपडेट रखा जायेगा। अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था द्वारा समस्त जनपदों के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक, समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक एवं समस्त जोनल अपर पुलिस महानिदेशक सोशल मीडिया से प्राप्त चुनाव संबंधी महत्वपूर्ण प्रकरणों में कार्यवाही के लिए निर्देश दिये जायेंगे। सोशल मीडिया मानीटरिंग सेन्टर द्वारा चुनाव संबंधी कोई भी ट्वीट प्राप्त होने पर तत्काल सम्बन्धित जनपद, परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक एवं जोनल अपर पुलिस महानिदेशक को प्रेषित कर एवं उसमें अपेक्षित विधिक कार्यवाही के संबंध में जनपदों से जवाब देना सुनिश्चित कराया जायेगा । चुनाव से सम्बन्धित फर्जी खबरों का सत्यापन एवं खण्डन उप्र पुलिस के फैक्ट चेक ट्विटर हैण्डिल से किया जायेगा, जिसके लिए एक टीम अलग नियुक्त की गयी है । सोशल मीडिया के अन्य महत्वपूर्ण प्लेटफार्म जैसे फेसबुक, यूट्यूब, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम इत्यादि की भी राउण्ड द क्लाक मानटरिंग की जा रही है और उसके लिए भी एक पृथक टीम लगायी गयी है। प्रत्येक गांव एवं मोहल्ले से अविलम्ब सूचना प्राप्त कर कार्यवाही करने के लिए उप्र पुलिस के व्हाट्सएप के डिजिटल वालंटियर के नेटवर्क को और सुदृढ़ किया जा रहा है जिसमें 5 लाख ये अधिक लोग जुड़ चुके हैं । फर्जी खबरों के खण्डन के लिये भी व्हाट्सएप के डिजिटल वालंटियर्स ग्रुप के साथ फेसबुक एवं टेलीग्राम का भी प्रयोग किया जायेगा। इसके लिए उप्र पुलिस द्वारा 27 सितंबर 2021 को टेलीग्राम चैनल को लॉच किया गया। जिसमें लगभग 17 हजार से अधिक लोग जुड़ चुके हैं। किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर फर्जी या वैमनस्यकारी पोस्ट कर कानून व्यवस्था या साम्प्रदायिक तनाव की स्थिति पैदा करने वालों के विरूद्ध तत्काल विधिक कार्यवाही की जायेगी। अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था के अन्तर्गत कार्यरत नियंत्रण कक्ष द्वारा सी प्लान एप को संचालित किया जा रहा है जिसमें प्रत्येक गांव के 10 सम्भ्रांत व्यक्तियों को उनके मोबाइल नम्बर के साथ जोड़ा गया है, जो न सिर्फ गांव एव मोहल्ले में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने में सहायक सिद्ध होंगे अपितु फर्जी खबरों के खण्डन में कार्य करेंगे । चुनाव आयोग के सीवीआईजीआईएल एप के जरिये डीजीपी नियंत्रण कक्ष को कोई भी सूचना प्राप्त होने पर तत्काल उक्त सूचना से जनपद के समस्त एसएसपीए एसपी को अवगत कराया जायेगा एवं किसी भी आकस्मिकता की स्थिति में यूपी 112 की पीआरवी को भी अलर्ट किया जायेगा जिससे तत्काल स्थिति को नियंत्रित किया जा सके।

## जाली भारतीय नोटों का कारोबार करने के मामले में आरोप पत्र दाखिल

**लखनऊ ( विसं )।** देश के विभिन्न जगहों पर जाली भारतीय नोटों का कारोबार करने के मामले में निरुद्ध मुल्जिम सोहराब हुसैन के खिलाफएनआईए ने आरोप पत्र दाखिल कर दिया है। एनआईए की विशेष अदालत में आरोप पत्र पर संज्ञान के मामले में सुनवाई अभी बाकी है। एनआईए ने मुल्जिम सोहराब को आईपीसी की धारा 120बी व 489बी के साथ ही विधि विरुद्ध क्रिया कलाप निवारण अधिनियम की धारा 16 व 18 का आरोपी बनाया है। यह पश्चिम बंगाल के माल्दा का रहने वाला है। 25 नवंबर 2019 को एटीएस ने इंटौजा के पास जाली नोटों की खेप के साथ माल्दा निवासी नशीबा खातुन व अमीनुल इस्लाम के साथ ही लखीपुर खारी निवासी फूलंचद को गिर तार किया था। इनके पास से एक लाख 79 हजार का जाली भारतीय नोट बरामद हुआ था। इस मामले की एफआईआर एटीएस के निरीक्षक चैम्पियन लाल ने थाना एटीएस में दर्ज कराई थी। इसके बाद विवेचना एनआईए को सौंप दी गई। 16 जुलाई 2021 को एनआईए ने सोहराब हुसैन को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# महाराष्ट्र में पूर्व पुलिस प्रमुख को अपने बल पर भरोसा नहीं : न्यायालय

**भाषा।** नई दिल्ली



**उच्चतम न्यायालय** ने मंगलवार को कहा कि महाराष्ट्र में परिदृश्य बेहद परेशान करने वाला है जहां पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह को अपने ही बल पर भरोसा नहीं है और राज्य सरकार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) पर कोई विश्वास नहीं है। परमबीर सिंह के वकील ने न्यायमूर्ति एस के कौल और न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश की पीठ से कहा कि राज्य पुलिस विभागीय मामलों में उनके मुवक्किल को अलग-थलग करने का प्रयास कर रही है, जिसके बाद पीठ ने यह टिप्पणी की।

सिंह को गिरफ्तारी से संरक्षण देने की अवधि बढ़ाने से न्यायालय ने इनकार करते हुए कहा, यह वही पुलिस है जिसकी अगुवाई आप इतने समय तक करते रहे। हम क्या कहें कि पुलिस बल के प्रमुख को अब पुलिस बल में कोई भरोसा नहीं है और राज्य सरकार को सीबीआई में कोई विश्वास नहीं है। देखिए किस तरह का परिदृश्य बनाया जा रहा है। यह हमारे लिए बहुत परेशान करने वाला है। हम शांतिपूर्वक इसका समाधान नहीं निकाल सकते।

पीठ ने कहा, राज्य सरकार नहीं चाहती कि सीबीआई इस मामले की जांच करे और उन्होंने इस बाबत बंबई उच्च न्यायालय में याचिका भी दायर की थी लेकिन इसमें उसे विफलता मिली। अब मामला उच्चतम न्यायालय में है और हमें नहीं पता कि संबंधित पीठ के इस पर क्या विचार होंगे। हमने आपको पर्याप्त संरक्षण दिया और अब हम और संरक्षण नहीं देंगे। सीबीआई की ओर से सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने आशंका जताई कि राज्य सरकार कुछ ऐसे कदम उठा सकती है जिससे जांच पूरा करने का एजेंसी का काम मुश्किल हो सकता है।

पीठ से कहा कि मामले में सीबीआई ने हलफनामा दायर किया है और सिंह के खिलाफ महाराष्ट्र पुलिस द्वारा दर्ज किए गए आपराधिक मामलों में से एक की जांच अपने हाथों में लेने के लिए वह तैयार है।

# बघेल के पिता ने ईवीएम के बदले मतपत्र से चुनाव नही होने पर मांगी इच्छामृत्यु

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पिता नंद कुमार बघेल ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर देश में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के स्थान पर मतपत्र से चुनाव कराने की मांग की है तथा ऐसा नहीं होने पर इच्छामृत्यु की अनुमति मांगी है। राष्ट्रीय मतदाता जागृति मंच के अध्यक्ष नंद कुमार बघेल ने राष्ट्रपति को भेजे पत्र में लिखा है, देश के नागरिकों के सभी संवैधानिक अधिकारों का व्यापक स्तर पर हनन हो रहा है और लोकतंत्र के तीनों स्तंभ- विधायिका, न्यायपालिका तथा कार्यपालिका ध्वस्त होते जा रहे हैं। मीडिया भी लोकतंत्र के तीनों स्तंभों के इशारे पर कार्य कर रही है।

प्रार्थी सहित देश के नागरिकों के अधिकारों के संबंध में कोई सुनने वाला नहीं है। बघेल ने लिखा है कि आम नागरिकों के मन में भय व्याप्त है और देश में न्याय पाने के लिए नागरिकों की पीढ़ी दर पीढ़ी गुजर जाती हैं, लेकिन न्याय नसीब नहीं हो पा रहा है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 700 से ज्यादा किसानों की मृत्यु या हत्या गलत नीतियों के कारण हुई है। मुख्यमंत्री के पिता ने लिखा है, लोकतंत्र के सबसे बड़े अधिकार मतदान के अधिकार को ईवीएम मशीन द्वारा कराया जा रहा है। ईवीएम मशीन को किसी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मान्यताप्राप्त संस्था या सरकार ने शत-प्रतिशत शुद्धता से काम करने का प्रमाणपत्र नहीं दिया है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में ईवीएम से मतदान कराकर मेरे वोट के उस संवैधानिक अधिकार का हनन किया जा रहा है, जिससे मेरे और देश के नागरिकों के सभी अधिकारों की रक्षा होती है। पत्र में लिखा है कि निर्वाचन आयोग और केंद्र सरकार का संवैधानिक कर्तव्य एवं दायित्व है।




नई दिल्ली में कोविड-19 से प्रभावित बच्चे कोविड केयर सेन्टर में एडमिट।

# एसएफआई कार्यकर्ता हत्या में युवा कांग्रेस के दो कार्यकर्ता गिरफ्तार

**भाषा।** इडुक्की (केरल)

**इडुक्की इंजीनियरिंग कॉलेज** में हुई एसएफआई कार्यकर्ता की हत्या के मामले में पुलिस ने मंगलवार को युवा कांग्रेस के दो कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। कॉलेज छात्र व एसएफआई कार्यकर्ता धीरज राजेन्द्रन (21) की हत्या के मामले में युवा कांग्रेस के जिला स्तर के नेता निखिल पांडे और जेरिन जिजो को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इस संबंध में केएसयू इकाई के सचिव एलेक्स राफेल को हिरासत में लिया है।

इडुक्की के पुलिस अधीक्षक आर. करुप्पासामी ने मीडिया को बताया कि राफेल के अलावा अन्य कॉलेज के छात्र नहीं हैं और पुलिस पता लगाने का प्रयास कर रही है कि वे कॉलेज परिसर में चाकू लेकर क्यों पहुंचे थे। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, अपराध के पीछे साजिश के पहलू की जांच के लिए और लोगों को हिरासत में लेने की जरूरत है। पहले दो आरोपी कॉलेज के छात्र नहीं हैं। हमें पता करना होगा कि वे हथियार के साथ कॉलेज में क्यों आए थे। हमले में दो अन्य छात्र अभिजीत और अमल घायल भी हुए थे।

पुलिस ने प्राथमिकी में लिखा है कि हत्या राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के कारण हुई है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने आरोप लगाया है कि राज्य में पिछले छह सालों में पूर्व नियोजित तरीके से 21 वाम कार्यकर्ताओं की हत्या की जा चुकी है। कांग्रेस की प्रदेश इकाई के प्रभारी के सुधारकन ने आज कहा कि उनकी पार्टी किसी तरह की हिंसा का समर्थन नहीं करती। कांग्रेस ने राज्यभर में पार्टी दफ्तरों में हुई हिंसा को लेकर कार्वाई की मांग की है।

## तमिलनाडु में प्रतिमा को विरूपित करने के आरोप में हिंदू संगठन के दो कार्यकर्ता गिरफ्तार

**कोयंबटूर।** समाज सुधारक पेरियार ई वी रामासामी की प्रतिमा को विरूपित करने के आरोप में हिंदू मुन्नानी संगठन के दो पदाधिकारियों को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पेरियार स्टडी सेंटर के सामने स्थित मूर्ति रविवार की सुबह विरुपित पाई गई थी। प्रतिमा को चप्पलों की माला पहनाई गई थी और यह भगवा रंग के पाउडर से पोती हुई मिली, जिसके बाद द्रविड़ कषगम जैसे संगठनों ने विरोध शुरू कर दिया। उन्होंने बताया कि पास के इलाकों में सीसीटीवी कैमरा से एकत्र फुटेज के सत्यापन के बाद, पुलिस ने अपराध में शामिल दो लोगों की पहचान की और गिरफ्तार किए गए अरुण कार्तिक और मोहन राज को हिंदू मुन्नानी का वार्ड पदाधिकारी बताया जा रहा है। दोनों के जुर्म स्वीकार करने के बाद, उन्हें अदालत में पेश किया गया। अदालत ने दोनों को15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# पीएम की रैली के लिए पंजाब के बाहर से मंगवानी पड़ी थी एक हजार अतिरिक्त बसें: भाजपा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री व भारतीय जनता पार्टी के पंजाब मामलों के चुनाव प्रभारी गजेंद्र सिंह शेखावत ने मंगलवार को दावा किया कि प्रतिकूल मौसम के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फिरोजपुर रैली में जाने के लिए लोगों में इतना उत्साह था कि पंजाब के आसपास के चार राज्यों से करीब एक हजार अतिरिक्त बसें पार्टी को जुटानी पड़ी थी। ज्ञात हो कि पांच जनवरी को फिरोजपुर में किसानों द्वारा मार्ग अवरुद्ध किए जाने के बाद प्रधानमंत्री का काफिला एक फ्लाईओवर पर करीब 20 मिनट तक रूका रहा था। घटना के बाद प्रधानमंत्री पंजाब में रैली सहित अन्य कार्यक्रमों में भाग लिए बगैर ही लौट आए थे।



पंजाब की कांग्रेस नीत सरकार पर सुरक्षा चूक का आरोप लगाया और इस संबंध में तत्काल रिपोर्ट देने को कहा था। पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी सहित कांग्रेस के नेताओं ने दावा किया था कि भीड़ ना जुटने के कारण प्रधानमंत्री की रैली स्थगित करनी पड़ी थी और इसके लिए सुरक्षा चूक का बहाना बनाया जा रहा है। पंजाब की हर विधानसभा सीट से हजारों की संख्या में लोग अपने घरों से निकले थे। अपने लंबे राजनीतिक जीवन में मैंने कभी नहीं देखा कि जब मौसम इतना खराब हो, बारिश हो रही हो और कोहरा हो, इसके बावजूद लोग स्वत: ही बसों में बैठे और हजारों की संख्या में बसें रवाना हुईं। पंजाब में जितनी बसें उपलब्ध हो सकती थीं, की गईं, उसके अतिरिक्त हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान से और कुछ संख्या में जम्मू से भी लगभग इन चार प्रदेशों से हमें एक हजार खाली बसें जुटानी पड़ी थीं। शेखावत, पूर्व कांग्रेस विधायक अरविंद खन्ना, पंथ रत्न जत्थेदार गुरचरण सिंह तोहड़ा मेमोरियल ट्रस्ट के अध्यक्ष कंवर सिंह तोहड़ा, शिरोमणि अकाली दल के नेता गुरदीप सिंह गोशा और अमृतसर के पूर्व पार्षद धर्मवीर सरीन के भाजपा में शामिल होने के बाद पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे।

पंजाब चुनाव के सह प्रभारी एवं केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और भाजपा महासचिव व पंजाब प्रभारी दुष्यंत गौतम भी उपस्थित थे। शेखावत ने कहा कि खराब मौसम के बावजूद लाखों लोग प्रधानमंत्री को सुनने के लिए अपने घरों से रवाना हुए थे लेकिन राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने पुलिस, प्रशासन और सरकार की मिलीभगत से ना सिर्फ कार्यकर्ताओं को, बल्कि प्रधानमंत्री को भी रोका।

## क्विक न्यूज

### गोवा के निर्दलीय विधायक व मंत्री गोविंद गौडे भाजपा में शामिल

**पणजी।** गोवा के मंत्री और निर्दलीय विधायक गोविद गौडे ने मंगलवार को विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। वह भाजपा में शामिल होंगे। प्रियोल से निर्दलीय विधायक गौडे 2017 से भाजपा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार का समर्थन कर रहे हैं। वह मनोहर पर्रिकर सरकार में मंत्री थे। उनके निधन के बाद बनी प्रमोद सावंत सरकार में भी मंत्री हैं। उन्होंने कहा, मै भाजपा में शामिल होने के लिए उनकी ओर से दिए गए निमंत्रण का सम्मान करता हूं। मै पिछले पांच साल से उनके साथ हूं और मैने उनके साथ मिलकर काम किया है। गौडे तटीय राज्य के कला और संस्कृति और जनजाति कल्याण मंत्री हैं। उन्होंने कहा, एक निर्दलीय (विधायक) के रूप में, मैंने महसूस किया है कि कुछ मुश्किलें रहती हैं। जब आप राजनीतिक दल मे होते है, तो संगठन आपका समर्थन करने के लिए होता है। कार्यकर्ता बहुत अहम होते हैं। गौडे ने कहा कि वह आज भाजपा मे शामिल होंगे। मैंने एक राजनीतिक दल मे शामिल होने का फैसला किया है। यह मेरा निजी हित है क्योंकि मेरे निर्वाचन क्षेत्र मे भाजपा के अलावा किसी अन्य राजनीतिक दल का समर्थन नही है। पिछले महीने, तीन मौजूदा विधायक रवि नाइक (कांग्रेस), जएश सालगांवकर (गोवा फॉरवर्ड पार्टी) और रोहन खुंटे (निर्दलीय) विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा में शामिल हो गए थे।

### कुपवाड़ा में सहायक पुलिस उपनिरीक्षक रिश्वत लेते गिरफ्तार

**श्रीनगर ।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में मंगलवार को भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) के अधिकारियो ने पुलिस के एक सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) को अदालत से वाहन छुड़ाने के एवज में चालक से रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया। एसीबी के एक प्रवक्ता ने कहा कि शाखा को उसकी हेल्पलाइन पर शिकायत मिली थी कि कुपवाड़ा थाने का सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) मोहम्मद सुल्तान मीर शिकायतकर्ता के एक आवेदन पर अदालत के समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत करने के एवज में कथित तौर पर रिश्वत की मांग कर रहा है। शिकायतकर्ता ने दुर्घटना के मामले में पुलिस द्वारा जब्त किए गए अपने ट्रक और वाहन के दस्तावेज को छुड़ाने के लिए अदालत में आवेदन किया था। इसके संबंध में अदालत ने कुपवाड़ा थाने से रिपोर्ट मांगी थी। आरोप है कि मामले के जांच अधिकारी एएसआई मीर ने अदालत में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के एवज में शिकायतकर्ता से रिश्वत मांगी। एसीबी की टीम ने जाल बिछाकर मीर को 10,000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

### तमिलनाडु पुलिस से सिद्धार्थ के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग ने तमिलनाडु के पुलिस महानिदेशक से कहा है कि वह ट्विटर पर एक महिला एंकर के खिलाफ अनुचित टिप्पणी करने के लिए अभिनेता सिद्धार्थ के खिलाफ उचित कार्वाई करे। इससे एक दिन पहले सोमवार को आयोग ने ट्विटर से कहा था कि बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल के खिलाफ भद्दा और अनुचित ट्वीट करने के लिए सिद्धार्थ के अकाउंट को ब्लॉक किया जाए। महिला आयोग ने मंगलवार को एक बयान में कहा, आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने तमिलनाडु के पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर कहा है कि वह मामले में दखल दें और बार-बार इस तरह के व्यवहार करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कानून के संबंधित प्रावधानों के तहत कार्वाई की जाए ताकि भविष्य में उन्हें ऐसे बयान देने से रोका जा सके। आयोग ने सोमवार को ट्विटर से कहा कि बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल के खिलाफ भद्दा और अनुचित ट्वीट करने के लिए अभिनेता सिद्धार्थ के अकाउंट को ब्लॉक किया जाए। इसके साथ ही, उसने महाराष्ट्र पुलिस से कहा था कि सिद्धार्थ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाए।

### फैक्ट्री में अमोनिया गैस रिसाव, 20 श्रमिक अस्पताल में भर्ती

**मंगलुरु।** कर्नाटक के मंगलुरु स्थित बाइकम्पेडी औद्योगिक क्षेत्र में मंगलवार को एक समुद्री खाद्य प्रसंस्करण इकाई मे अमोनिया गैस का रिसाव होने के बाद इसकी चपेट मे आए कम से कम 20 श्रमिकों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी।सूत्रों ने बताया कि यह घटना पनम्बुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली एवरेस्ट सी फूड प्राइवेट लिमिटेड में हुई, जहां करीब 80 श्रमिक कार्यरत है। गैस का रिसाव होने से 20 श्रमिक प्रभावित हुए हैं। बीमार पड़े श्रमिकों को पड़ोस के मुक्का स्थित एक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल मे भर्ती कराया गया है।

### लापता पति की तलाश कर रही महिला की याचिका पर शीर्ष अदालत ने नोटिस जारी किए

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 2015 से लापता अपने पति की तलाश को लेकर एक महिला द्वारा दायर याचिका पर राजस्थान सरकार और मलेशियाई उच्चायुक्त से जवाब तलब किए है। न्यायमूर्ति उदय उमेश ललित की अध्यक्षता वाली तीन-सदस्ईय पीठ ने राजकुमारी की अपील पर राजस्थान सरकार और मलेशियाई उच्चायुक्त को नोटिस जारी किए। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया है कि अधिकारियो के समक्ष उसके अभ्यावेदन पर कोई कार्वाई नही हुई है।



पटना में गणतंत्र दिवस परेड की तैयारी करते हुए जवान।

# महाराष्ट्र के निर्माण को लेकर भाजपा ने की शिकायत

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विनय सहस्रबुद्धे और सुनील देवधर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को महाराष्ट्र के रायगढ़ और कुलाबा सहित विभिन्न किलों में धार्मिक ढांचों के पुनरुद्धार के इरादे से किए जा रहे निर्माण कार्यों के मुद्दे पर केंद्र से शिकायत की। राज्यसभा सदस्य सहस्रबुद्धे, भाजपा के राष्ट्रीय सचिव देवधर और दिल्ली मराठी प्रतिष्ठान के वैभव डांगे ने संस्कृति राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल से इस सिलसिले में मुलाकात की।

अवैध निर्माण कोल्हापुर स्थित विशालगढ़ में भी किए जाने की खबरें सामने आई हैं। उन्होंने मेघवाल से आग्रह किया कि वह इस गंभीर स्थिति के मद्देनजर चुने हुए प्रतिनिधियों और सरकारी अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय समिति का गठन करें। उन्होंने एक ट्वीट में कहा, सुनील देवधर और वैभव डांगे के साथ संस्कृति राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल से मुलाकात की और छत्रपति शिवाजी महाराज के काल के कई ऐतिहासिक किलों में कुछ धार्मिक समूहों द्वारा किए जा रहे अवैध निर्माण कार्यों पर रोक लगाने के लिए ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधमंडल ने मेघवाल को सौंपे एक ज्ञापन में कहा कि पूर्व में यह मामला संज्ञान में लाया गया था और हाल ही में अवैध निर्माण और धार्मिक पूजा पाठ संबंधी ढांचों के पुननिर्माण की ताजा घटनाएं भी हुई हैं। ज्ञापन में कहा गया कि ऐसा प्रतीत हुआ है कि यह प्रयास कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा धार्मिक अनुष्ठानों को पुनर्जीवित करने के लिए पुराने ढांचों पर सफेद रंग चढ़ाकर किया जा रहा है। भाजपा नेताओं ने कहा कि महाराष्ट्र के इन किलों को राष्ट्रीय महत्व का स्मारक घोषित किया गया है और इनके संरक्षण की जिम्मेदारी भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के पास है।

## पुलिस ने कार से 5.60 लाख रुपए कीमत का डोडा चूरा बरामद किया एक गिरफ्तार

**मुरैना ( मध्य प्रदेश )।** जिला पुलिस ने बानमोर कस्बे में एक कार से 5.60 लाख रुपए कीमत का 112 किलोग्राम डोडा चूरा बरामद कर इस संबंध में कार चालक को गिरफ्तार किया है। बानमोर थाने के प्रभारी निरीक्षक बीरेश कुशवाहा ने मंगलवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्वाई करते हुए पुलिसकर्मियों ने रविवार-सोमवार की दरमियानी रात दिल्ली में पंजीकृत लग्जरी कार को तलाशी के लिए रोका। उन्होंने बताया कि कार के रुकते ही चालक ने भागने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया।अधिकारी ने बताया कि तलाशी में कार से डोडा चूरा से भरे 10 बोरे बरामद हुए जिनका वजन 112.2 किलोग्राम है और उनका बाजार मूल्य 5.60 लाख रुपए आंका गया है।कुशवाहा ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान हरियाणा निवासी कीरत सिंह जाट (22) के रुप में हुई है। जाट पिछले दो साल से अफीम की भूसी और भांग की तस्करी कर रहा है।

# पदयात्रा रद्द करने की नाकाम कोशिश कर रही भाजपा सरकार : सिद्धरमैया

**रामनगर ( कर्नाटक )।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने मंगलवार को कहा कि पदयात्रा से कांग्रेस को राजनीतिक लाभ मिलने के डर से सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इसे विफल करने के निराश प्रयास कर रही है। कावेरी नदी पर मेकेदातु परियोजना के कार्यान्वयन की मांग को लेकर कांग्रेस का आज लगातार तीसरे दिन मार्च जारी है। योजना के अनुसार पदयात्रा को आगे बढ़ाने की बात पर जोर देते हुए, राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता ने भाजपा सरकार पर पड़ोसी तमिलनाडु के साथ मिलकर मेकेदातु परियोजना के कार्यान्वयन में देरी करने का और राज्य के लोगों को धोखा देने का आरोप लगाया।

सिद्धरमैया बुखार से उबरने के बाद आज फिर से मार्च में शामिल हुए थे। सिद्धरमैया, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार, बेंगलुरु ग्रामीण के सांसद डीके सुरेश, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे सहित लगभग 30 कांग्रेस नेताओं के खिलाफ पदयात्रा में भाग लेने, कोविड-19 के प्रतिबंधों और निषेधात्मक आदेशों का उल्लंघन करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा, उन्होंने हममें से 30 के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। वे और मामले दर्ज कर सकते हैं।

हम मुकदमों से नहीं डरेंगे। अगर उन्हें लगता है कि मामले दर्ज कर हमें डरा सकते हैं तो हम इस भाजपा सरकार को मूर्ख सरकार कह सकते हैं हम इसे कानूनी तरीके से लड़ सकते हैं। यहां संवाददाताओं से बातचीत में, उन्होंने सवाल किया कि विधायक सुभाष गुट्टेदार, एम पी रेणुकाचार्य, केंद्रीय मंत्री शोभा करन्दलाजे और अन्य भाजपा नेताओं के खिलाफ कोविड नियमों के उल्लंघन को लेकर मामला क्यों नहीं दर्ज किया गया जिन्होंने बड़ी संख्या में सभाओं में हिस्सा लिया।

# गोवा में भाजपा के साथ लड़ने के लिए समान सोच वाली पार्टियों से चल रही वार्ता: पवार

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने मंगलवार को कहा कि तटीय राज्य गोवा में आगामी विधानसभा में सत्तारूढ़ भाजपा का संयुक्त रूप से मुकाबला करने के लिए समान सोच वाली पार्टियों से वार्ता चल रही है। संवाददाताओं से कहा, राकांपा नेता प्रफुल्ल पटेल और शिवसेना नेता संजय राउत वहां पर स्थानीय कांग्रेस नेताओं से बातचीत कर रहे हैं। पवार ने कहा कि आम सोच है कि भाजपा को वहां हराया जाना चाहिए और समान सोच वाली पार्टियों के साथ बातचीत चल रही है। राकांपा अध्यक्ष ने कहा, हमारी इच्छा है कि गोवा में परिवर्तन होना चाहिए।

भाजपा को सत्ता से बाहर करने की जरूरत है। तृणमूल कांग्रेस की गोवा में महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी के साथ गठबंधन पर पवार ने कहा, उन्होंने एमजीपी से बात की और उन्होंने हमारे लोगों से बात की।



संयुक्त रूप से चुनाव लड़ने के लिए और लोगों को साथ लेने पर चर्चा जारी है। राकांपा अध्यक्ष ने कहा, हमारी इच्छा है कि गोवा में परिवर्तन होना चाहिए। वहां भाजपा को सत्ता से बाहर करने की जरूरत है।

उत्तर प्रदेश, मणिपुर और गोवा में होने वाले चुनाव में लड़ेगी। उन्होंने कहा कि राकांपा गोवा में कांग्रेस के साथ पांच सीटों पर चुनाव लड़ेगी और उत्तर प्रदेश चुनाव में समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन करेगी। पवार ने कहा, भाजपा सांप्रदायिक आधार पर चुनाव लड़ेगी, लेकिन मुझे विश्वास है कि मतदाता उसे स्वीकार नहीं करेंगे। पंजाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में हुई कथित चूक पर उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री का पद एक संस्था है और सुरक्षा की जिम्मेदारी केंद्र और राज्य की है। जरूरी एहतियाती कदम उठाए जाने चाहिए। उत्तर प्रदेश में मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के मंत्रिमंडल छोड़ समाजवादी पार्टी (सपा) में शामिल होने पर पवार ने कहा, मतदान होने तक हर दिन कुछ नए चेहरे पलायन करेंगे। इसके साथ ही घोषणा की कि वह सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा बुलाई गई बैठक में शामिल होंगे।

उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के भविष्य के बारे में पवार ने कहा, जनता बदलाव चाहती है। उन्होंने योगी आदित्यनाथ की 80 के अनुपात में 20 की टिप्पणी की भी निंदा की। योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि उत्तर प्रदेश का चुनाव 80 के मुकाबले 20 की लड़ाई है।




पुरी में कोविड-19 से जल्द स्वास्थ्य होने के लिए कलाकार सुदर्शन पटनायक ने लता मंगेशकर की मिट्टी की कलाकृति बनायी।

# महामारी ने भारत की दीर्घकालिक वृद्धि को प्रभावित नहीं कियाः एन चंद्रशेखरन

**भाषा।** नई दिल्ली

**टाटा समूह** के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन ने मंगलवार को कहा कि कोरोना वायरस महामारी ने भारत की दीर्घकालिक वृद्धि यात्रा को प्रभावित नहीं किया है, हालांकि महामारी के चलते इसमें देरी हुई है। साथ ही चंद्रशेखरन ने कहा कि इस दशक में भारत वैश्विक वृद्धि दर का नेतृत्व करेगा। उन्होंने प्रौद्योगिक क्षेत्र की दिग्गज कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के वार्षिक कार्यक्रम फ्यूचर रेडी में कहा कि देश में डिजिटल बुनियादी ढांचे का इस्तेमाल करके सभी के लिए स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा तक पहुंच कायम करना एक राष्ट्रीय प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि महामारी के दौरान डिजिटल पहुंच में अंतर ने एक विभाजन पैदा किया, और जिन लोगों के पास साधन तथा पहुंच नहीं है, वे पीछे छूट गए हैं।



चंद्रशेखरन ने कहा, मुझे लगता है कि महामारी के बाद अर्थव्यवस्था पूरी तरह से खुल गई है। मुझे विश्वास है कि हमारी वृद्धि जारी रहेगी। हमें उपभोक्ता खर्च का पूरा लाभ मिलेगा। उन्होंने आगे कहा, वास्तव में महामारी ने भारत की दीर्घकालिक वृद्धि यात्रा को प्रभावित नहीं किया है। इसमें देरी हुई है, लेकिन अर्थव्यवस्था का औपचारिकरण, युवा आबादी या मध्यम आय वर्ग में शामिल होने वाले लोग, जैसे सभी मूलभूत कारक पूरी तरह से बने हुए हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि भारत की स्थिति बहुत अनोखी है और भारत की वृद्धि आगे चलकर और अधिक महत्वपूर्ण होने जा रही है। भारत को बड़ी भूमिका निभानी है। उन्होंने जीएसटी, दिवालियापन संहिता, कॉरपोरेट कर की दर में कमी, बैंकों की बैलेंस शीट को मजबूत करने का उदाहरण देते हुए कहा कि ए सभी उपाए महामारी से पहले किए गए थे, और अब विशाल बुनियादी ढांचे का निर्माण किया जा रहा है।चंद्रशेखरन ने कहा, आज हो रही कई अन्य चीजें भारत की वृद्धि में योगदान देंगी। मेरा अपना आकलन है कि इस दशक में भारत वैश्विक वृद्धि दर का उल्लेखनीय रूप से नेतृत्व करेगा। उन्होंने कहा कि लोग डिजिटल को पहले से अधिक अपना रहे हैं, लेकिन अफसोस की बात है कि इसका प्रसार बराबर नहीं है, जैसे शहरी बच्चे ऑनलाइन शिक्षा पा सकते हैं।

## व्यवसाय के लिए वृद्धि से पहले फिट होना जरूरीः टाटा संस प्रमुख

**नई दिल्ली।** मैराथन दौड़ में अक्सर शिरकत करने वाले टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने मंगलवार को कहा कि किसी के लिए भी वृद्धि के लिए पहले फिट होना जरूरी है। चंद्रशेखरन ने फिट नहीं रहने को आगे बढ़ने की कोशिश नहीं करने का सबक बताते हुए कहा कि टाटा समूह अपने मुख्य व्यवसाय को मजबूत करते हुए अपनी कंपनियों को स्थिरता और डिजिटलीकरण के लिहाज से नए भविष्य की ओर ले जा रहा है। उन्होंने माइक्रोसॉफ्ट के वार्षिक कार्यक्रम फ्यूचर रेडी को संबोधित करते हुए कहा, मैं मानता हूं कि वृद्धि सभी के लिए ऊर्जा का स्रोत है।

## भारत चिप डिजाइन, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण सेवाओं जैसे नए अवसरों का लाभ उठा सकता हैः आर चंद्रशेखर

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री आर चंद्रशेखर ने मंगलवार को कहा कि भारत अगले 5-7 वर्षों में अपनी मुख्य क्षमता के अलावा अर्धचालक (सेमीकंडक्टर) डिजाइन, इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम डिजाइन और इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण सेवाओं जैसे क्षेत्रों में नए अवसरों का दोहन कर सकता है। माइक्रोसॉफ्ट के कार्यक्रम फ्यूचर रेडी में मंत्री ने कहा कि कंप्यूटिंग प्रदर्शन की अगली लहर सॉफ्टवेयर महत्तम उपयोग (ऑप्टिमाइजेशन), सेमीकंडक्टर डिजाइन, इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम डिजाइन और नवीन खोजों से आने वाली है। उन्होंने कहा, ... हम सिर्फ सॉफ्टवेयर प्रदाता हुआ करते थे और अब हम अगले पांच से सात वर्षों में हार्डवेयर प्रदाता बन सकते हैं, हम सेमीकंडक्टर डिजाइन प्रदाता हो सकते हैं। हम ई-आरएंडडी प्रदाता हो सकते हैं। हम इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम, डिजाइन प्रदाता हो सकते हैं और हम इलेक्ट्रॉनिक, विनिर्माण सेवा प्रदाता हो सकते हैं। उन्होंने कहा, पिछले 15-20 वर्षों से हमारी जो मुख्य क्षमता रही है, उसके आगे भी अवसरों का एक नया क्षितिज है। चंद्रशेखर ने कहा कि देश में1,000 अरब डॉलर की डिजिटल अर्थव्यवस्था के निर्माण का लक्ष्य उद्योग, उद्यमियों और शिक्षाविदों के साथ साझेदारी में हासिल किया जाएगा।बढ़ते डिजिटलीकरण के बीच उपयोगकर्ता डेटा सुरक्षा के बारे में बात करते हुए, चंद्रशेखर ने कहा कि भारत में इंटरनेट हमेशा खुला, सुरक्षित, भरोसेमंद और जवाबदेह रहेगा।

# हृदय रोग विशेषज्ञ देवी शेट्टी ने कहा, तकनीक में स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने की शक्ति

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रौद्योगिकी में** स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने की शक्ति है और इसके जरिए शीर्ष डॉक्टरों से सिर्फ एक क्लिक पर सलाह ली जा सकती है। हृदय रोग विशेषज्ञ और नारायण हृदयालय के अध्यक्ष देवी प्रसाद शेट्टी ने मंगलवार को यह बात कही। शेट्टी ने यहां आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि डिजिटल सहायता से समाज के सभी वर्गों और यहां तक कि देश के दूरस्थ स्थानों के लोग भी शीर्ष चिकित्सकों की सलाह ले सकते हैं। ऐसा पहले संभव नहीं था। शेट्टी ने माइक्रोसॉफ्ट के कार्यक्रम फ्यूचर रेडी में कहा, प्रौद्योगिकी अमीर लोगों को वह देती है, जो उनके पास पहले ही बेहतर रूप में था। लेकिन, तकनीक गरीब लोगों को वह देगी, जो वे कभी पाने का सपना नहीं देख सकते थे। यही तकनीक की खासियत है। तकनीक स्वास्थ्य सेवाओं को लोगों तक पहुंचाने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य देखभाल डेटा पर निर्भर है और ऐसे 95 प्रतिशत बीमार लोग, जिनका ऑपरेशन करने की आवश्यकता नहीं है, उन्हें प्रत्यक्ष रूप से डॉक्टर के पास जाने की आवश्यकता नहीं है। शेट्टी ने कहा, अगर किसी मरीज को ऑपरेशन की जरूरत नहीं है, तो मुझे उन्हें छूने की आवश्यकता नहीं है। अगर मुझे उन्हें छूने की जरूरत नहीं है, तो मुझे वहां उपस्थित रहने की जरूरत नहीं है। मैं कहीं भी हो सकता हूं। उन्होंने कहा कि इसलिए तकनीकी रूप से, जब आप सुनते हैं कि कोई व्यक्ति अस्वस्थ है, तो आप 95 प्रतिशत मामलों में उनका ऑनलाइन इलाज कर सकते हैं।

## महामारी के दौरान डिजिटल पर बढ़ती निर्भरता से बढ़ रहा है साइबर जोखिम : डब्ल्यूईएफ सर्वेक्षण

**नई दिल्ली।** कोविड-19 महामारी के तीसरे साल की शुरुआत के साथ ही डिजिटल प्रणाली पर बढ़ती निर्भरता ने वैश्विक स्तर पर साइबर सुरक्षा खतरों से जुड़े जोखिमों को बढ़ा दिया है। एक नए सर्वेक्षण में मंगलवार को बताया गया कि भारतीय अर्थव्यवस्था के शीर्ष जोखिमों में राज्यों के बीच संबंधों में तनाव, युवाओं में व्यापक निराशा और डिजिटल असमानता शामिल हैं। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) द्वारा अगले सप्ताह अपनी ऑनलाइन दावोस एजेंडा बैठक से पहले जारी वैश्विक जोखिम रिपोर्ट-2022 में कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ी चिंता जलवायु परिवर्तन संबंधी जोखिम को लेकर है। शीर्ष 10 वैश्विक जोखिमों में पांच जलवायु या पर्यावरण से संबंधित हैं। इस रिपोर्ट के 17वें संस्करण में वैश्विक नेताओं से तिमाही मूल्यांकन के दौर से आगे सोचने और आने वाले वर्षों के लिए जोखिम प्रबंधन को आकार देने वाली नीतियां बनाने का आग्रह किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक शीर्ष पांच जोखिम - जलवायु संकट, बढ़ती सामाजिक विषमता, बढ़ता साइबर जोखिम और असमान वैश्विक पुनरुद्धार हैं। विशेषज्ञों के एक वैश्विक सर्वेक्षण में पाया गया कि छह में से केवल एक व्यक्ति आशावादी है और दस में से केवल एक का मानना है कि वैश्विक सुधार में तेजी आएगी।

## सैट ने कारण बताओ नोटिस जारी करने में देरी के लिए सेबी अधिकारी की खिंचाई की

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रतिभूति** अपीलीय न्यायाधिकरण (सैट) ने श्रीराम इनसाइट शेयर ब्रोकर्स लि. से जुड़े मामले में कारण बताओ नोटिस जारी करने में देरी को लेकर भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के मामले से जुड़े अधिकारी की खिंचाई की है। इसके साथ ही न्यायाधिकरण ने सेबी के उस आदेश को खारिज कर दिया है जिसमें संबंधित अधिकारी ने ब्रोकरेज कंपनी पर कुछ उल्लंघनों के लिए 10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया था। श्रीराम इनसाइट शेयर ब्रोकर्स ने सेबी के जून, 2020 के आदेश को न्यायाधिकरण में चुनौती दी थी। कंपनी ने कहा था कि नियामक ने इस मामले में कारण बताओ नोटिस काफी विलंब से जारी किया था।

सैट ने कहा कि सेबी ने इस मामले में कारण बताओ नोटिस जारी करने में साढ़े सात साल लगा दिए। ऐसे में न्याय निर्णय अधिकारी ने इस मामले में जो विचार बनाया है वह पूरी तरह गलत और टिकने योग्य नहीं है। न्यायाधिकरण के संज्ञान में यह तथ्य आया था कि इस मामले में सेबी की ओर से कारण बताओ नोटिस जारी करने में काफी विलंब हुआ। यहीं नहीं सेबी की ओर से यह स्पष्टीकरण भी नहीं दिया गया कि नोटिस पहले क्यों नहीं जारी किया जा सका। हालांकि, सेबी कानून में इस तरह का कोई प्रावधान नहीं है कि न्याय निर्णय प्रक्रिया के लिए कारण बताओ नोटिस जारी कितने समय में जारी किया जाना चाहिए। सैट ने इस मामले में उच्चतम न्यायालय के कई फैसलों के आधार पर यह निर्णय सुनाया है। उच्चतम न्यायालय द्वारा दी गई व्यवस्था के अनुसार नियामक को अपने अधिकारों का इस्तेमाल उचित समयसीमा के भीतर करना चाहिए।

## डब्ल्यूटीओ महासभा ने महामारी पर मंत्रिस्तरीय बैठक आयोजित करने के भारत के आह्वान पर चर्चा की

**भाषा।** नई दिल्ली

**विश्व** व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की महासभा ने कोविड-19 महामारी पर वैश्विक व्यापार निकाय की प्रतिक्रिया पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए एक मंत्रिस्तरीय बैठक बुलाने के भारत के आह्वान पर चर्चा की।

भारत ने 23 दिसंबर 2021 को महामारी के लिए डब्ल्यूटीओ की प्रतिक्रिया पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए मंत्रिस्तरीय बैठक आयोजित करने के लिए महासभा को एक पत्र भेजा था। इन प्रतिक्रियाओं में कोविड-19 टीके, इलाज एवं जांच के लिए ट्रिप्स समझौते के कुछ प्रावधानों को माफ करना शामिल है। डब्ल्यूटीओ ने एक बयान में कहा कि 10 जनवरी को महासभा के अध्यक्ष राजदूत दासियो कैस्टिलो ने डब्ल्यूटीओ की कोविड-19 महामारी को लेकर प्रतिक्रिया पर चर्चा करने के लिए एक बैठक बुलाई। बैठक के बाद कैस्टिलो ने कहा कि वह भारतीय प्रस्ताव पर सार्थक परिणाम तक पहुंचने के लिए सदस्यों के साथ परामर्श करना जारी रखेंगे।

# सेंसेक्स, निफ्टी में लगातार तीसरे दिन बढ़त, आईटी, वित्तीय कंपनियों के शेयर चढ़े

**भाषा।** मुंबई

**घरेलू शेयर** बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 221 अंक मजबूत होकर फिर 60,500 अंक के स्तर को पार कर गया। मुख्य रूप से आईटी और वित्तीय शेयरों में लिवाली से बाजार को समर्थन मिला। शुरुआती उतार-चढ़ाव के बाद तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स में कारोबार के दौरान तेजी रही और एक समय यह दिन के उच्चस्तर 60,689.25 अंक तक चला गया था। अंत में यह 221.26 अंक यानी 0.37 प्रतिशत चढ़कर 60,616.89 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 52.45 अंक यानी 0.29 प्रतिशत मजबूत होकर 18,055.75 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के शेयरों में 4.30 प्रतिशत मजबूत होकर एचसीएल टेक सर्वाधिक लाभ में रही। इसके अलावा



एचडीएफसी, टेक महिंद्रा, टीसीएस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, सन फार्मा और एसबीआई प्रमुख रूप से बढ़त में रहे। दूसरी तरफ नुकसान वाले शेयरों में टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस, आईटीसी, एशियन पेंट्स, कोटक बैंक, डॉ. रेड्डीज और इंडसइंड बैंक शामिल हैं।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू शेयर बाजार स्थिर रुख के साथ बढ़त में रहा। इसका कारण बाजार को कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों के बीच कंपनियों का तिमाही परिणाम बेहतर रहने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, फेडरल रिजर्व की बैठक के ब्योरे में नीतिगत दर बढ़ाने के संकेत और अमेरिका में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई दर के आंकड़े जारी होने से पहले वैश्विक बाजारों में नरमी का रुख रहा। प्रतिकूल तुलनात्मक आधार के कारण घरेलू महंगाई दर भी अधिक रहने की आशंका है। हालांकि, दिसंबर तिमाही में खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर में नरमी रही।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि शुरू में कमजोर वैश्विक रुख का असर धारणा पर पड़ा। हालांकि, आईटी (सूचना प्रौद्योगिकी) शेयरों में तेजी से बाजार को समर्थन मिला। उन्होंने कहा, ...अब सबकी नजर तीन प्रमुख आईटी कंपनियों...इन्फोसिस, टीसीएस और विप्रो...के वित्तीय परिणाम पर है। इससे बाजार को दिशा मिलेगी। हमारी निवेशकों को अब भी सतर्क रुख रखने और क्षेत्राशेयर विशेष पर ध्यान देने की सलाह है।

## कोरोना की तीसरी लहर से प्रतिभूतिकरण पर पड़ेगा असर : इक्रा

**मुंबई।** कोरोना वायरस की तीसरी लहर के कारण लगाए गए प्रतिबंधों से ऋण वसूली और गैर-बैंकिंग वित्तीय तथा आवास वित्त कंपनियों द्वारा दिए जाने वाले नए ऋण में कमी आ सकती है। इससे प्रतिभूतिकरण की मात्रा प्रभावित होगी। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने मंगलवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। इक्रा ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि प्रतिभूतिकरण की कुल मात्रा वित्त वर्ष 2021-22 में।-1.1 लाख करोड़ रुपए पर आ जाएगी, जबकि पहले इसका अनुमान 1.2 लाख रुपए था। प्रतिभूतिकरण के तहत एक गैर-बैंकिंग वित्तीय इकाई कर्ज के एवज में भविष्य में होने वाली प्राप्ति या कुछ ऋण अग्रिम नकदी के लिए प्रतिभूति के रूप में किसी अन्य संस्था को देते हैं। एजेंसी ने कहा कि इस प्रकार जनवरी-मार्च 2021-22 तिमाही में प्रतिभूतिकरण की मात्रा प्रभावित हो सकती है क्योंकि गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियां और आवास वित्त कंपनियां (एचएफसी) वितरण में कटौती कर सकती हैं।

## तीसरी तिमाही में कंपनियों के मार्जिन में आ सकती है एक से 1.2 प्रतिशत की गिरावटः रिपोर्ट

**मुंबई।** घरेलू कंपनियों का परिचालन मार्जिन चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में सालाना आधार पर 1.0 से 1.2 प्रतिशत तक घट सकता है। कुल 40 क्षेत्रों में से 27 में राजस्व बढ़ने के बावजूद मार्जिन कम रहने की आशंका है। साख निर्धारण और शोध कार्यों से जुड़ी कंपनी क्रिसिल ने मंगलवार को अपनी रिपोर्ट में कहा कि जिंसों के दाम में तेजी तथा कीमतों में वृद्धि से कंपनियों की आय 16-17 प्रतिशत बढ़कर 9.1 लाख करोड़ रुपए रह सकती है।

कंपनियों के तिमाही परिणाम आने शुरू हो गए हैं। सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टीसीएस दिसंबर तिमाही के परिणाम की घोषणा बुधवार को करेगी। पिछली 12 तिमाहियों में पहली बार दिसंबर, 2021 को समाप्त तिमाही में कंपनियों के शुद्ध लाभ (ईबीआईटीडीए) में सालाना आधार पर 1.0 से 1.2 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है। जबकि तिमाही आधार पर इसमें 0.7 से 1.0 प्रतिशत की कमी का अनुमान है। कुल 40 क्षेत्रों में से 27 क्षेत्रों की 300 कंपनियों पर किए गए अध्ययन के अनुसार उनके परिचालन मार्जिन में कमी का अनुमान है। इसमें वित्तीय सेवा और तेल गैस क्षेत्र की कंपनियां शामिल नहीं हैं। विश्लेषण के अनुसार, सॉफ्टवेयर कंपनियों का मार्जिन 2.3 से 2.5 प्रतिशत घटने का अनुमान है। जबकि निर्यात से जुड़े क्षेत्रों में यह 2.0 प्रतिशत से 2.5 प्रतिशत कम रह सकता है। सोच समझकर किए जाने वाले उपभोक्ता खर्च वाले क्षेत्रों में 1.3 से 1.5 प्रतिशत तथा इस्पात उत्पाद एवं औषधि क्षेत्रों में यह संकुचन 1.1 से 1.3 प्रतिशत रह सकता है। क्रिसिल के अनुसार, मार्जिन में कमी का एक प्रमुख कारण यह है कि कच्चे माल की लागत बढ़ने के बावजूद कंपनियां इसका पूरा बोझ ग्राहकों पर नहीं डाल पा रही हैं। खासकर प्रमुख धातुओं और ऊर्जा कीमतों के मामले में यह देखने को मिला है।

## क्विक न्यूज

### डिलिवरी कारोबार में महिला कर्मचारियों की संख्या दोगुना होकर 15 प्रतिशत पर पहुंचेगी : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस महामारी के प्रकोप और ई-वाणिज्य कंपनियों द्वारा दी जाने वाली आकर्षक छूट के चलते डिलिवरी कारोबार की विभिन्न श्रेणियों में शारीरिक श्रम आधारित (ब्लू कॉलर) कर्मचारियों की भर्तियां 2022 में तेजी से बढ़ने की उम्मीद है। मानव संसाधन सलाहकार स्टार्टअप वाहन ने एक रिपोर्ट में कहा कि पिछले साल 2021 में डिलिवरी क्षेत्र की कंपनियों ने कार्यस्थल पर लैंगिक समानता हासिल करने पर खासतौर से ध्यान दिया और इससे महिला कार्यबल के बारे में धारणा में बदलाव का संकेत मिला है। रिपोर्ट में आगे कहा गया, इस रुझान को 2022 में मजबूती मिलने की संभावना है और डिलिवरी खंड में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़कर 15 प्रतिशत तक हो सकती है। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि नई परिस्थितियां डिलिवरी कर्मचारियों की मांग में बढ़ोतरी का समर्थन देंगी। ऐसे कर्मचारियों की कुल मांग में महानगरों का 60 प्रतिशत से अधिक का योगदान होगा, और इसके बाद दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों का हिस्सा होगा।

### दिसंबर 2021 में खुदरा बिक्री सात प्रतिशत बढ़ीः आरएआई

**नई दिल्ली।** देश भर में खुदरा बिक्री दिसंबर 2021 में सात प्रतिशत बढ़कर कोरोना वायरस महामारी के पूर्व स्तर (दिसंबर 2019) पर पहुंच गई। खुदरा बिक्री की गति हालांकि समीक्षाधीन महीने के अंतिम सप्ताह में घट गई। भारतीय खुदरा विक्रेता संघ (आरएआई) ने मंगलवार को अपने ताजा खुदरा व्यापार सर्वेक्षण में कहा कि दिसंबर 2021 में देखी गई वृद्धि दिसंबर 2020 की तुलना में 26 प्रतिशत अधिक है। आरएआई के मुख्य कार्यपालक अधिकारी कुमार राजगोपालन ने एक बयान में कहा,"दिसंबर 2021 में ज्यादातर समय खुदरा कारोबार स्थिर विकास पथ पर था लेकिन महीने के अंतिम सप्ताह में कोरोना वायरस की तीसरी लहर के कारण इसमें गिरावट देखी गई। सर्वेक्षण के अनुसार दिसंबर 2019 की तुलना में सौंदर्य, स्वास्थ्य और व्यक्तिगत देखभाल जैसे श्रेणी में दिसंबर 2021 के दौरान खुदरा बिक्री सात प्रतिशत घट गई। ए श्रेणियां सबसे अधिक प्रभावित हुई है।

### अडाणी पावर के निदेशक मंडल ने शेरसिंह बी ख्यालिया को सीईओ नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** अडाणी पावर के निदेशक मंडल ने मंगलवार को शेरसिंह बी ख्यालिया को कंपनी का मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किए जाने को मंजूरी दे दी। अडाणी पावर ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, कंपनी के निदेशक मंडल की 11 जनवरी, 2022 को हुई बैठक में शेर सिंह बी ख्यालिया को सीईओ नियुक्ति किए जाने की मंजूरी दे दी गई। वह पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट है और उनके पास बिजली क्षेत्र में कारोबार प्रबंधन का 25 साल से अधिक का अनुभव है।

### जनवरी के पहले सात दिन में निर्यात 33 प्रतिशत बढ़कर 7.63 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली।** देश का वस्तुओं का निर्यात नए साल के पहले सात दिन यानी एक से सात जनवरी के दौरान 33.16 प्रतिशत बढ़कर 7.63 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वाणिज्य मंत्रालय के मंगलवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इंजीनियरिंग, पेट्रोलियम और रत्न एवं आभूषण सहित विभिन्न क्षेत्रों के अच्छे प्रदर्शन से निर्यात बढ़ा है। पिछले साल की समान अवधि में निर्यात 5.73 अरब डॉलर रहा था। जनवरी के पहले सप्ताह में आयात भी 33 प्रतिशत बढ़कर 11.60 अरब डॉलर पर पहुंच गया। एक साल पहले समान अवधि में यह 8.72 अरब डॉलर रहा था। यदि पेट्रोलियम को हटा दिया जाए, तो पहले सप्ताह में आयात में 29.88 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

### नीति नवोन्मेष को बढ़ावा देने वाली, प्रगतिशील होनी चाहिएः अमिताभ कांत

**नई दिल्ली।** नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमिताभ कांत ने मंगलवार को कहा कि देश की नीतियां नवोन्मेष को बढ़ावा देने वाली, सुगम और प्रगतिशील होनी चाहिए। साथ ही उन्हें दुनिया की सर्वश्रेष्ठ नीतियों के आधार पर मानक बनाया जाना चाहिए। माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के एक कार्यक्रम में कांत ने कहा कि भारत हर महीने तीन यूनिकॉर्न (एक अरब डॉलर मूल्यांकन वाले स्टार्टअप) तैयार कर रहा है। उन्होंने कहा, मेरे हिसाब से आपकी नीतियां नवोन्मेष को बढ़ावा देने वाली, सुगम और प्रगतिशील होनी चाहिए। साथ ही उन्हें दुनिया की सर्वश्रेष्ठ नीतियों के आधार पर मानक बनाया जाना चाहिए। कांत ने कहा कि भारत की वृद्धि के साथ साइबर सुरक्षा को लेकर चुनौतियां भी होंगी और देश को इससे निपटने को लेकर स्वयं को तैयार करने की जरूरत है।

### व्यवसाय प्रौद्योगिकी पर जोर देकर उत्पादकता, किफायत को बढ़ा सकते हैंः नडेला

**नई दिल्ली।** माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला ने कहा कि विभिन्न स्तर के व्यवसाय प्रौद्योगिकी को अपनाने पर जोर देकर अपने उत्पादों और सेवाओं की उत्पादकता तथा किफायत को बढ़ा सकते है। नडेला ने कहा कि कोविड महामारी के बीच वैश्विक स्तर पर संगठन डिजिटल परिवर्तन के दौर से गुजर रहे हैं, और मिश्रित कार्य, अत्यधिक जुड़े हुए व्यवसाय और मल्टी-क्लाउड वातावरण जैसे रुझानों के लिए एक सीमाहीन डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र की जरूरत है, जहां विभिन्न पक्षों के बीच तत्काल भरोसा कायम करने की जरूरत होती है। उन्होंने कहा, किसी मुद्रास्फीति वाली अर्थव्यवस्था के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकी महंगाई को कम करने वाली एक प्रबल शक्ति है। व्यवसाय - छोटे और बड़े - तकनीकी तीव्रता का निर्माण करके अपनी उत्पादकता के साथ ही अपने उत्पादों और सेवाओं की वहनीयता में सुधार कर सकते है।

### एक ही दिन में भारत में आईडीपी के 23 नए कार्यालय खुले

**कानपुर।** दुनिया के सबसे प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा सेवा संगठन आईडीपी ने आज पूरे भारत में एक साथ 23 नए कार्यालय खोल कर एक गौरवशाली इतिहास रचा है। नए कार्यालय गांधीनगर, आनंद, रायपुर, शिमला, कुरुक्षेत्र, जम्मू, त्रिची, त्रिशूर, पटना, गुवाहाटी, कालीकट, आगरा,जोधपुर, कानपुर, वाराणसी, प्रयागराज, मेरठ, हुबली, वारंगल, तिरुपति,काकीनाडा, गोवा और नासिक में खुले हैं। इसके साथ आईडीपी के अब भारत के 60 शहरों में 67 कार्यालय हो गए। इनके अतिरिक्त आईडीपी इंडिया के 24 वर्चुअल कार्यालय भी हैं ताकि देश के किसी भी हिस्से से विद्यार्थियों के लिए आईडीपी के विशेषज्ञों से संपर्क.संवाद करना आसान होआईडीपी एडुकेशन के क्षेत्रीय निदेशक दक्षिण एशिया और मॉरीशस पीयूष कुमार ने इस अवसर पर कहा कि भारत में हमारे 23 नए कार्यालय खुलने की घोषणा करते हुए हम बहुत उत्साहित हैं। ग्लोबल लीडर होने के नाते हम ने पूरे भारत में सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा सलाह सुलभ करने का बीड़ा उठाया है। अब हम देश के दूर.दराज के हिस्सों तक अपनी पहुंच बना रहे हैं। टियर.2 शहरों के विद्यार्थियों के लिए भी हमारी सलाह सेवा सुनिश्चित कर रहे हैं। हम देश के कोने-कोने में अपने विशेषज्ञ का मार्गदर्शन सुलभ कराने के लिए लगातार काम कर रहे हैं ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को सोच।समझ कर सही निर्णय ले।

# पेज एक का शेष

## यूपी के...

किया है। दलितों, पिछड़ों, किसानों, बेरोजगार नौजवानों और छोटे-लघु एवं मध्यम श्रेणी के व्यापारियों के प्रति घोर उपेक्षात्मक रवैए के कारण उत्तर प्रदेश के मंत्रिमंडल से इस्तीफा देता हूं। इस्तीफा के बाद मौर्य ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा, भाजपा नीत सरकार ने बहुतों को झटका दिया है, अगर मैं मंत्रिमंडल से इस्तीफा देकर उसे झटका दे रहा हूं तो इसमें नया क्या है? भाजपा छोड़ने की वजह पूछने पर उन्होंने कहा, मैंने राज्यपाल को भेजे पत्र में उन सभी कारणों का उल्लेख किया है जिनकी वजह से भाजपा और मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे रहा हूं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, भाजपा के जिस नेता ने मुझसे बातचीत की उनसे मैंने ससम्मान बातचीत की। मैंने आज सुबह उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा और बंसल (सुनील बंसल, प्रदेश महामंत्री संगठन) से बात की। उन्होंने कहा, मेरी नाराजगी स्वाभाविक है, पार्टी के उपेक्षात्मक रवैए के कारण यह निर्णय लेना पड़ा है और मुझे इसका दुख नहीं है। नाराजगी की वजह जहां बतानी थी, बता दिया। इस्तीफे से भाजपा पर असर के संबंध में सवाल करने पर मौर्य ने कहा, मेरे इस्तीफे का असर 2022 के विधानसभा चुनाव के परिणाम के बाद आपको नजर आएगा। 10 मार्च को जो भी होगा, आपके सामने होगा। उन्होंने दावा किया, उत्तर प्रदेश की राजनीति स्वामी प्रसाद मौर्य के चारों ओर घूमती है। जिन नेताओं को घमंड है कि वो बहुत बड़े तोप हैं, तो 2022 के चुनाव में मैं ऐसा दागूंगा, ऐसा दागूंगा कि भाजपा के नेता स्वाहा हो जाएंगे। बेटा-बेटी को सपा से टिकट मिलने के सवाल पर उन्होंने कहा, बात बेटा-बेटी की नहीं, विचारधारा की है।

## उप्र में...

है। उन्होंने योगी आदित्यनाथ की '80 के अनुपात में 20' की टिप्पणी की भी निंदा की और कहा कि इस तरह की टिप्पणी मुख्यमंत्री जैसे व्यक्ति के लिए उचित नहीं है, लेकिन यह भाजपा की विचारधारा है। उत्तर प्रदेश की जनता ऐसी विचारधारा का मुंहतोड़ जवाब देगी। उत्तर प्रदेश में मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के मंत्रिमंडल छोड़ समाजवादी पार्टी (सपा) में शामिल होने के सवाल पर पवार ने कहा कि मौर्य ने नई शुरुआत की है। मतदान होने तक हर दिन कुछ नए चेहरे पलायन करेंगे। उल्लेखनीय है कि पवार की उपस्थिति में उत्तर प्रदेश से कांग्रेस विधान पार्षद सिराज मेहंदी राकांपा में शामिल हुए। राकांपा प्रमुख ने कहा कि उनके अनुभवों से पार्टी को लाभ होगा।

## मायावती नहीं...

के शासन में प्रदेश की जनता को कुछ भी हासिल नहीं हुआ है। ऐसे में सूबे के मतदाता खुद को छला महसूस कर रहे हैं। यही कारण है कि अब मतदाताओं को बसपा पर भरोसा है और बसपा ने हमेशा सामाजिक न्याय और बराबरी को अहमियत दिया है।

## दिल्ली में...

से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि पहले से किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित कोविड संक्रमित मरीजों का इलाज विशेषज्ञ डॉक्टर ही करें, क्योंकि ऐसे लोगों की मौतें अधिक हो रही हैं। महामारी से दिसंबर में जान गंवाने वाले ज्यादातर मरीज कैंसर, दिल व जिगर रोग जैसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित थे। दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) द्वारा जारी आदेश के तहत शहर के रेस्तरां और बार बंद करने का भी निर्देश दिया गया है। बहरहाल, रेस्तरां को घर पर भोजन पहुंचाने की सुविधा देने की अनुमति है। इसके अलावा लोग रेस्तरां से पैक कराकर भोजन ले जा सकते हैं। ये प्रतिबंध तत्काल प्रभाव लागू होंगे और आगामी आदेश तक जारी रहेंगे। उपराज्यपाल की अध्यक्षता में डीडीएमए की सोमवार को हुई बैठक में दिल्ली में कोविड-19 संबंधी हालात की समीक्षा की गई थी। इस बैठक में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी मौजूद थे। डीडीएमए ने मंगलवार को नया आदेश जारी कर निजी कार्यलय बंद करने का फरमान सुनाया। आदेश में कहा गया है कि ऐसा पाया गया है कि ओमीक्रोन वैरिएंट के मामलों समेत कोविड-19 के मरीज पिछले कुछ दिनों से तेजी से बढ़ रहे हैं और लोगों के संक्रमित पाए जाने की दर 25.65 प्रतिशत हो गई है। इसलिए अत्यंत संक्रामण को फैलने से रोकने के लिए और प्रतिबंध लगाए जाने की आवश्यकता है। डीडीएमए के आदेश में कहा गया है कि छूट प्राप्त श्रेणी में आने वाले निजी कार्यालयों को 100 प्रतिशत कर्मचारियों के साथ काम करने की अनुमति होगी। इस श्रेणी में बैंक, आवश्यक सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनियां, बीमा और मेडिक्लेम, फार्मा कंपनियां, अधिवक्ताओं के कार्यालय, कूरियर सेवाएं, गैर बैंकिंग वित्तीय निगम, सुरक्षा सेवाएं, मीडिया, पेट्रोल पंप और तेल एवं गैस खुदरा और भंडारण इकाइयां शामिल हैं।

## देसी ब्रह्मोस...

या भूमि प्लेटफार्मों से लॉन्च किया जा सकता है। ब्रह्मोस मिसाइल 2.8 मैक या ध्वनि की गति से लगभग तीन गुना की गति से उड़ान भरती है। ब्रह्मोस भारतीय नौसेना के युद्धपोतों की मुख्य हथियार प्रणाली है और इसे लगभग सभी सतह प्लेटफार्मों पर तैनात किया गया है। डीआरडीओ ने बताया कि आधुनिक क्रूज मिसाइल 350 किलोमीटर से अधिक की दूरी पर लक्ष्य को भेद सकती है इसलिए चीन के सामने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर ब्रह्मोस को तैनात किया है। डीआरडीओ ने मंगलवार को मैन-पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल सफलतापूर्वक परीक्षण भी किया। स्वदेश में विकसित एंटी टैंक मिसाइल कम वजन की है और इसे थर्मल विजन वाले मानव-पोर्टेबल लॉन्चर से लॉन्च किया गया है। मिसाइल ने अचूक निशाना लगाया और निर्धारित नष्ट कर दिया। पूरे घटनाक्रम को कैमरे में कैद किया गया था, जिसमें पाया किय कि मिसाइल ने सही प्रकार से लक्ष्य भेदा था। रक्षा मंत्री राजनाथ ने टैंक रोधी मिसाइल के लगातार प्रदर्शन के लिए डीआरडीओ को बधाई दी और कहा कि यह उन्नत प्रौद्योगिकी आधारित रक्षा प्रणाली विकास में आत्मानिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## मोलनुपिराविर दवा...

के पक्ष में नहीं हैं क्योंकि इससे कोरोना वायरस संक्रमण के इलाज में ज्यादा फायदा नहीं होता है और सुरक्षा संबंधी चिंताएं हैं। आईसीएमआर के प्रमुख डॉक्टर बलराम भार्गव ने पिछले हफ्ते कहा था कि मोलनुपिराविर से सुरक्षा संबंधी बड़ी चिंताएं जुड़ी हैं। उन्होंने कहा था कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और ब्रिटेन ने भी इसे उपचार में शामिल नहीं किया है। उन्होंने कहा था, हमें यह याद रखना होगा कि इस दवा से प्रमुख सुरक्षा चिंताएं जुड़ी हैं। यह भ्रूण विकार उत्पन्न कर सकती है और मांसपेशियों को भी नुकसान पहुंचा सकती है। भार्गव ने कहा था कि दवा लेने के बाद तीन महीने तक पुरुष और महिलाओं-दोनों को गर्भ निरोधक उपाय अपनाने चाहिए. क्योंकि भ्रूण विकार संबंधी स्थिति के प्रभाव के बीच पैदा हुआ बच्चा समस्या से ग्रस्त हो सकता है।

## टावर वैगन...

गए जिनमें से तीन की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों का इलाज चल रहा है। दुर्घटना में घायल श्रवण ने बताया, हम सभी लोग काम खत्म कर ट्रॉली में सवार होकर टोरी रेलवे स्टेशन लौट रहे थे जबकि टावर वैगन मैक्लुस्कीगंज की ओर जा रहा था। पोल संख्या 168105 के समीप दोनों में सीधी टक्कर हो गई जिससे ट्रॉली में सवार सभी लोग बुरी तरह घायल हो गए जिनमें से तीन की मौत हो गई। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि मामले की जांच की जाएगी और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

## लता मंगेशकर...

अच्छे से ध्यान रखें। यह (कोरोना वायरस का ओमीक्रोन स्वरूप) काफी संक्रामक है। खान अभिनेता रितिक रोशन की पूर्व पत्नी हैं। सुरेश ने कहा कि उनमें संक्रमण के हल्के लक्षण हैं। मराठी अभिनेत्री ने कहा कि तमाम एहतियात बरतने के बावजूद वह कोविड से संक्रमित हो गईं। 29 वर्षीय अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर कहा, जिस रफ्तार से वायरस फैल रहा है, वह डरावना है। कृपया कोविड के सुरक्षा उपायों का पालन करें और सुरक्षित रहें। मैं फिलहाल पृथक-वास में हूं और सुरक्षित देखभाल में हूं। जो संपर्क में आए हैं, वे कृपया जांच कराएं। उन्होंने संक्रमण से गंभीर रूप से बीमार पड़ने से बचने के लिए लोगों से टीकाकरण कराने का आग्रह भी किया। टीवी धारावाहिक भाबीजी घर पर हैं में अभिनय के लिए प्रसिद्ध पेंडसे ने कहा कि वह कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि के बाद से ही घर पर पृथक-वास में हैं। सैंतीस वर्षीय अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, दो साल तक वायरस से बचने के बाद, मैं दुर्भाग्य से इसकी चपेट में आ गई। मन की आवाज़ प्रतिज्ञा की अभिनेत्री गौर ने भी इंस्टाग्राम पर कोविड से संक्रमित होने की सूचना दी।

# उत्तर कोरिया ने वार्ता में गतिरोध के बीच मिसाइल का परीक्षण किया

एपी। सियोल

● किसी तरह के व्यवधान या क्षति की तत्काल कोई जानकारी नही मिली है

**उत्तर कोरिया** ने मंगलवार को अपने पूर्वी सागर में एक मिसाइल दागी, जो बैलिस्टिक मिसाइल प्रतीत होती है और एक सप्ताह में यह इसका दूसरा परीक्षण है। यह परीक्षण ऐसे समय में किया गया है जब उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने तमाम अंतरराष्ट्रीय विरोध के बावजूद परमाणु कार्यक्रम का विस्तार करने का आह्वान किया है।

इससे पहले उत्तर कोरिया ने 2021 में भी लगातार हथियारों के परीक्षण किए थे, जो इस बात को रेखांकित करता है कि कैसे उत्तर कोरिया वैश्विक महामारी के मद्देनजर लगाए गए अपने लॉकडाउन और अमेरिका के साथ परमाणु वार्ता में गतिरोध आ जाने के बीच अपनी सैन्य क्षमताओं का विस्तार करना जारी रखे हुए है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने कहा कि उत्तर कोरिया ने उत्तरी जागांग प्रांत से संभवत: बैलिस्टिक मिसाइल दागी है, जो 700 किलोमीटर की दूरी पर उसके पूर्वी तट के नजदीक समुद्र में गिरी। उसने यह दूरी अधिकतम 10 मैक की गति से तय की। उन्होंने कहा कि यह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव का स्पष्ट उल्लंघन है और पिछले सप्ताह किए गए परीक्षण की तुलना में अधिक उन्नत क्षमता का प्रतीत होता है। वहीं, उत्तरी कोरिया की सरकारी मीडिया ने इसे हाइपरसोनिक मिसाइल बताते हुए सफल परीक्षण करार दिया और बताया कि इस तरह की मिसाइल का पहला परीक्षण गत सितंबर में किया गया था। दक्षिण कोरिया के अधिकारियों ने मिसाइल के प्रकार को लेकर कोई आकलन सार्वजनिक नहीं किया है लेकिन कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर कोरिया ने हो सकता है कि कथित हाइपरसोनिक मिसाइल का परीक्षण दक्षिण कोरिया की सेना द्वारा उसके पिछले परीक्षण को ज्यादा महत्व नहीं देने के जवाब में किया है।उत्तर कोरिया ने मंगलवार को तत्काल परीक्षण पर कोई टिप्पणी नहीं दी है।जापान के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि संदिग्ध मिसाइल उसके विशेष आर्थिक क्षेत्र में गिरी है।जापान के प्रधानमंत्री फुमिओ किशिदा ने कहा कि अधिकारी जापान के चारों ओर जहाजों और विमानों की सुरक्षा की जांच कर रहे हैं। किसी तरह के व्यवधान या क्षति की तत्काल कोई जानकारी नहीं मिली है। किशिदा ने कहा, यह अत्यंत खेदजनक है कि उत्तर कोरिया लगातार मिसाइल दाग रहा है और वह भी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा उत्तर कोरिया के पहले प्रक्षेपण पर चर्चा के तुरंत बाद।दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति कार्यालय ने बताया कि मंगलवार को राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की आपात बैठक में परीक्षण को लेकर चर्चा की गई, जिसमें उत्तर कोरिया द्वारा लगातार किए जा रहे परीक्षण पर गहरा अफसोस जताया गया और उत्तर कोरिया से वार्ता की मेज पर लौटने का आह्वान किया गया।

## रूस के नेतृत्व वाला सुरक्षा संगठन कजाकिस्तान से अपने सैनिक हटा लेगा : राष्ट्रपति

**मास्को।** कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कासिम-जोमार्त तोकाएव ने मंगलवार को घोषणा की कि रूस के नेतृत्व वाला सुरक्षा गठबंधन अपना अभियान पूरा करने के बाद दो दिन में देश से सैनिकों को वापस बुलाना शुरू कर देगा। कजाकिस्तान में पिछले सप्ताह साझा सुरक्षा संधि संगठन (सीएसटीओ) की ओर से बड़ी संख्या में रूसी सैनिक तैनात किए गए हैं। साझा सुरक्षा संधि संगठन उन छह देशों का समूह है जो कभी पूर्व सोवियत संघ रूस का हिस्सा हुआ करते थे। कजाकिस्तान आजादी के 30 साल बाद बड़े पैमाने पर हो रहे जन असंतोष एवं प्रदर्शनों के सबसे खराब दौर से गुजर रहा है। देश में अशांति को देखते हुए राष्ट्रपति के अनुरोध पर कजाकिस्तान में इन रूसी बलों को तैनात किया गया है। कजाकिस्तान में ताजा विरोध प्रदर्शन की शुरुआत गत दो जून को तेल और गैस ईंधनों के दाम में भारी बढ़ोतरी के बाद हुई, जो देखते ही देखते पूरे देश में फैल गया।



**ब्रूसेल्सः यूरोपीय संसद के अध्यक्ष डेविड सासोली के सम्मान में यूरोपीय संघ के मुख्यालय में झुके हुए झंडे, डेविड सासोली, इतालवी पत्रकार जिन्होंने राजनीति में अपना रास्ता बनाया और यूरोपीय संघ की संसद के अध्यक्ष बने, मंगलवार तड़के, इटली के एक अस्पताल में उनका निधन हो गया।**

## क्विक न्यूज

### चीन ने तीसरे शहर में लॉकडाउन लगाया, प्रभावित लोगों की कुल संख्या दो करोड़ हुई

**बीजिंग।** कोविड-19 के प्रकोप के चलते चीन के तीसरे शहर मे लॉकडाउन लगा दिया गया है जिससे देश मे घरों के अंदर बंद रह रहे निवासियो की संख्या करीब दो करोड़ के पार पहुंच गई है।अभी यह साफ नही है कि अनयांग शहर मे लॉकडाउन कितने दिन तक प्रभावी रहेगा क्योंकि एक नोटिस मे कहा गया है कि यह बड़े पैमाने पर जांच के लिए लगाया गया है। नोटिस मे यह स्पष्ट नही किया गया है कि जांच प्रक्रिया कब तक पूरी हो सकती है। शहर की आबादी 55 लाख है। इसके अलावा शियान मे 1.3 करोड़ लोग और युझोउ मे 11 लाख लोग लॉकडाउन के तहत है।

### यूक्रेन तनाव को लेकर अमेरिका-रूस की बातचीत के बाद भी कोई प्रगति नहीं दिखी

**जिनेवा।** अमेरिका और रूस के बीच यूक्रेन और अन्य सुरक्षा मुद्दो पर सोमवार को भी तनातनी बरकरार रही और बहुप्रतीक्षित रणनीतिक वार्ता मे दोनो ओर से प्रगति के कोई संकेत नही मिले। जिनेवा मे उच्च दांव वाली इस वार्ता मे वाशिंगटन और मॉस्को दोनो से कम उम्मीदें लगाई गई थी और इसी के अनुरूप दोनों देशों के राजनयिकों ने सफलता मिलने के किसी भी तरह के संकेत नही दिए। हालांकि, दोनो पक्ष मे से किसी ने भी इसके पूरी तरह विफल होने की बात भी नही कही, लेकिन यूक्रेन के साथ लगने वाली सीमा पर रूस की सैन्य तैनाती को लेकर बढ़ता चिंताजनक गतिरोध सुलझाने की संभावना भी नही जताई गई। पश्चिमी देश इस सैन्य तैनाती को यूरोपीय सुरक्षा के लिए बुनियादी खतरे के रूप मे देखता है। वही, रूस और अमेरिका के संबंधो मे तनाव उत्पन्न करने वाले संभवतः कम गंभीर मुद्दो पर भी बातचीत आगे बढ़ने के किसी तरह के कोई संकेत नही मिले।मॉस्को नाटो के पूर्व की ओर विस्तार को रोकने की गारंटी के साथ ही पूर्वी यूरोप मे सैन्य गठबंधनो की तैनातियो को वापस लेने की भी मांग कर रहा है जबकि वाशिंगटन इस मांग को सिरे से खारिज कर रहा है। दोनो पक्षो के अपनी-अपनी बात पर अड़े रहने और यूक्रेन का भविष्य अधर मे लटके रहने के बीच रूस के उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने कहा कि नाटो के विस्तार को लेकर मुख्य मांग पर कोई प्रगति नही हुई हालांकि उन्होने इस बात पर जोर दिया, यूक्रेन पर आक्रमण की हमारी कोई मंशा नही है। अमेरिकी अधिकारियों ने इस टिप्पणी पर खुलकर सवाल उठाए।

### यूरोपीय संघ की संसद के अध्यक्ष डेविड सासोली का निधन

**ब्रसेल्स।** कमजोर वर्ग के लोगो के हितों की रक्षा के लिए काम कर राजनीति मे अपनी जगह बनाने वाले इतालवी पत्रकार एवं यूरोपीय संघ की संसद के अध्यक्ष डेविड सासोली का इटली के एक अस्पताल मे मंगलवार को निधन हो गया। उनके प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। यूरोपीय संघ परिषद प्रमुख चार्ल्स माइकल ने सासोली को एक गंभीर और उत्साही यूरोपीय बताया। उन्होने कहा, हमे उनकी गर्मजोशी, उदारता और मित्रता की बहुत याद आएगी। सासोली के प्रवक्ता रॉबर्टो कुइलो ने एक ट्वीट मे बताया कि इटली के उत्तर-पूर्वी शहर एवियानो मे सोमवार देर रात एक बजकर 15 मिनट पर सासोली का निधन हो गया। ट्वीट मे अन्य कोई जानकारी नही दी गई। उनके निधन से एक दिन पहले कुइलो ने एक बयान मे कहा था कि प्रतिरोधी प्रणाली के असामान्य हो जाने की वजह से सासोली 26 दिसंबर से अस्पताल मे भर्ती थे।सासोली पिछले साल सितंबर मे लेजियोनेला जीवाणु से संक्रमित हो गए थे जिसके बाद उन्हे निमोनिया हो गया था। उसके बाद से उनका स्वास्थ्य खराब ही था। लगातार उनका स्वास्थ्य गिरता चला गया और वह कई अहम विधाई बैठको से दूर रहे थे। हालांकि अपनी ओर से उन्होने काम पर ध्यान देने की पूरी कोशिश की। उन्होंने शरणार्थियों के भूमध्य सागर पार करते समय मौत होने के मुद्दे को उठाया था। सासोली के परिवार मे उनकी पत्नी और उनकी दो संतान है। सासोली (65) को 2009 मे पहली बार यूरोपीय संघ की संसद का अध्यक्ष चुना गया था। यूरोपीय संसद का मुख्यालय फ्रांस के स्ट्रासबर्ग मे है। यह यूरोपीय संघ के 45 करोड़ नागरिको का प्रतिनिधित्व करता है और खुद को यूरोपीय लोकतंत्र का हृदय बताता है। यह यूरोपीय संघ की सात शाखाओ मे से एक है और इसके 700 से अधिक सदस्य है। इतालवी प्रधानमंत्री मारियो द्राघी ने इतालवी सरकार की ओर से एक शोक संदेश भेजा और सासोली को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हे एक जोशीला पत्रकार, यूरोप का जोरदार समर्थक और संतुलन एवं मानवता का प्रतीक बताया।

### मेक्सिको के राष्ट्रपति दूसरी बार कोरोना वायरस से संक्रमित

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के राष्ट्रपति एंद्रेस मैनुएल लोपेज ओब्रादोर ने सोमवार को बताया कि वह दूसरी बार कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए है। राष्ट्रपति ओब्रादोर ने बताया कि वह कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए है। पिछले वर्ष की शुरुआत मे भी वह संक्रमित पाए गए थे। राष्ट्रपति ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, हालांकि लक्षण मामूली है, फिर भी मै पृथक रहूंगा और अगले आदेश तक सभी बैठकें ऑनलाइन करूंगा। इस दौरान, गृह मंत्री एदान ऑगस्तो लोपेज़ हर्नांडेज़ मेरी तरफ से संवाददाता सम्मेलन और अन्य कार्यक्रमो मे शामिल होगे। इससे पहले, राष्ट्रपति ने मेक्सिको के लोगो से कहा था कि अगर आप मे लक्षण है, तो यह मानकर चले कि आप संक्रमित है। पिछले सप्ताह संक्रमण के मामलो मे 186 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई। ओब्रादोर ने दावा किया कि कोरोना वायरस का नया स्वरूप ओमीक्रोन एक छोटा कोविड है , इससे अस्पताल मे भर्ती होने वाले मरीजो की संख्या और संक्रमण से मौत के मामले उतनी तेजी से नही बढ़ रहे है।

### ओमीक्रोनः ईयू ने दक्षिण अफ्रीका पर से हवाई यात्रा प्रतिबंध हटाया

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) ने कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन को फैलने से रोकने की उम्मीद मे दक्षिण अफ्रीका से आने वाली उड़ानो पर लगाए गए यात्रा प्रतिबंध को करीब एक महीने बाद सोमवार को हटा दिया। ओमीक्रोन की पहचान सबसे पहले पिछले साल नवंबर के अंत मे दक्षिण अफ्रीका मे ही हुई थी। इसके बाद 27 देशो के संगठन ने उस क्षेत्र से आने वाले यात्रियों पर प्रतिबंध लगा दिया था। ओमीक्रोन के कारण दक्षिण अफ्रीका मे संक्रमण के मामलो मे तेजी से बढ़ोतरी हुई थी। इस स्वरूप के कारण ईयू समेत दुनियाभर के कई देशो मे संक्रमण के मामलो मे वृद्धि हुई। ईयू के अध्यक्ष फ्रांस ने सोमवार को घोषणा की कि संघ ने दक्षिण अफ्रीकी देशो से हवाई यात्रा बहाल करने की अनुमति देने पर सहमति जताई है।

### भारत के पंजाबी फिल्म के कलाकारों ने पाकिस्तान में करतारपुर गुरुद्वारा का दौरा किया

**लाहौर।** पंजाबी फिल्म चल मेरा पुत्त 2 के कलाकारो के एक समूह ने करतापुर गलियारे के जरिए पाकिस्तान के पंजाब प्रांत मे स्थित गुरुद्वारा दरबार साहिब का दौरा किया। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। करतारपुर गलियारे के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहम्मद लतीफ ने पीटीआई-भाषा को बताया कि पंजाबी कलाकार हरबी संघा, अनीता देवगन और हरदीप गिल ने सोमवार को अपने परिवार के सदस्यो के साथ गुरुद्वारा का दौरा किया, जहां फिल्म मे उनके सह-कलाकारो और पाकिस्तान के फिल्मी कलाकारों ने उनका स्वागत किया। पाकिस्तानी कलाकार इफ्तिखार ठाकुर और कैसर पिया गर्मजोशी के साथ भारतीय कलाकारों से गले मिले और एक साथ मिलकर गुरुद्वारा के विभिन्न हिस्सो का दौरा किया।लतीफ ने बताया कि हरबी संघा ने गुरुद्वारा आने पर खुशी जताई और कहा कि यहां के लोगो से उन्हे अपार स्नेह मिला। लतीफ ने कहा कि पिछले साल नवंबर मध्य के बाद से औसतन 200 से 250 भारतीय सिख श्रद्धालु गुरुद्वारे मे मत्था टेकने आ रहे है।

# अमेरिका और उसके सहयोगियों ने उत्तर कोरिया से परमाणु कार्यक्रम त्यागने का अनुरोध किया

एपी। संयुक्त राष्ट्र

**अमेरिका और** उसके पांच सहयोगियों ने उत्तर कोरिया से सोमवार को अनुरोध किया कि वह अपने प्रतिबंधित परमाणु एवं बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम को त्यागे और उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से प्योंगयांग के मिसाइल प्रक्षेपणों समेत उसके निरंतर, अस्थिर करने वाले और गैर कानूनी कदमों का विरोध करने की अपील की। छह देशों ने उत्तर कोरिया द्वारा पांच जनवरी को किए गए प्रक्षेपण पर परिषद की बंद कमरे में हुई बैठक से पहले एक बयान जारी किया। प्योंगयांग ने इस परीक्षण को हाइपरसोनिक मिसाइल बताया है, जबकि दक्षिण कोरिया ने कहा है कि यह एक सामान्य बैलिस्टिक मिसाइल थी, जिसे बीच में रोका जा सकता था। इस बैठक से पहले दक्षिण कोरिया ने सोमवार रात बताया कि उत्तर कोरिया ने समुद्र में एक अज्ञात प्रक्षेपास्त्र दागा। राजनयिकों ने अपना नाम गोपनीय रखने की शर्त पर बैठक के बारे में बताया कि रूस और चीन ने उत्तर कोरिया के खिलाफ कुछ प्रतिबंध हटाए जाने का फिर से अनुरोध किया। इस बीच, छह देशों ने सभी देशों से उत्तर कोरिया के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंधों को लागू करने की अपील की। अमेरिका और परिषद के सदस्यों अल्बानिया, फ्रांस, आयरलैंड और ब्रिटेन के अलावा जापान ने पांच जनवरी के मिसाइल प्रक्षेपण की निंदा की और इसे कई सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का स्पष्ट उल्लंघन करार दिया।

## पड़ोसियों को डराने की चीन की कोशिश से अमेरिका चिंतित : व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन।** अमेरिका, भारत सहित अपने पड़ोसियों को ‘डराने’ के चीन के प्रयास से चिंतित है। व्हाइट हाउस ने कहा है कि अमेरिका का मानना है कि क्षेत्र और दुनिया भर में चीन का व्यवहार ‘अस्थिर करने वाला’ हो सकता है। साथ ही इस बात पर जोर दिया कि अमेरिका अपने साझेदारों के साथ खड़ा रहना जारी रखेगा। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी की यह टिप्पणी पूर्वी लद्दाख में 20 महीने से चल रहे विवाद पर भारत और चीन के बीच सैन्य स्तर की 14वें दौर की वार्ता से पहले आई है। भारत के साथ लगने वाली सीमा पर चीन के आक्रामक व्यवहार के बारे में और चीन के साथ अमेरिका की बातचीत पर बीजिंग को कोई संदेश भेजने के दौरान इस विषय को उठाया गया या नहीं, यह पूछे जाने पर साकी ने सोमवार को अपने दैनिक संवाददाता



सम्मेलन के दौरान कहा कि भारत-चीन सीमा पर अमेरिका स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रहा है। उन्होंने कहा, हम इन सीमा विवादों का बातचीत के जरिए और शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करना जारी रखते हैं। साकी ने कहा, हम बहुत स्पष्ट हैं कि हम इस क्षेत्र और दुनिया भर में चीन के व्यवहार को कैसे देखते हैं। हमें विश्वास है कि यह अस्थिर करने वाला हो सकता है। और हम अपने पड़ोसियों को डराने-धमकाने के जनवादी गणराज्य चीन के प्रयास से चिंतित हैं। उन्होंने कहा, हम इस विषय पर अपने साझेदारों के साथ खड़े रहना जारी रखेंगे। नई दिल्ली में सुरक्षा प्रतिष्ठान के सूत्रों ने कहा कि भारत और चीन के बीच वरिष्ठ सर्वोच्च सैन्य कमांडर स्तर की वार्ता 12 जनवरी को पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा के चीनी तरफ चुशुल-मोल्दो बैठक बिंदु पर होगी। सूत्रों ने कहा कि भारत पूर्वी लद्दाख में शेष टकराव बिंदुओं में मुद्दों को हल करने के लिए चीन के साथ ‘रचनात्मक’ बातचीत की उम्मीद कर रहा है। उन्होंने कहा कि वार्ता में मुख्य मुद्दा हॉट स्प्रिंग्स क्षेत्र में सैनिकों का पीछे हटना होगा। समझा जाता है कि भारतीय पक्ष देपसांग बुलगे और डेमचोक में मुद्दों के समाधान सहित सभी शेष टकराव बिंदुओं से जल्द से जल्द सैनिकों की वापसी के लिए दबाव डालेगा।13वें दौर की वार्ता 10 अक्टूबर, 2021 को हुई थी और उसमें कोई प्रगति नहीं हुई थी।

## यूरोप में पिछले हफ्ते ओमीक्रोन के 70 लाख नए मामले सामने आए : डब्ल्यूएचओ

**कोपनहेगन।** जनवरी के प्रथम सप्ताह में समूचे यूरोप में कोविड-19 के ओमीक्रोन स्वरूप के 70 लाख से अधिक नए मामले सामने आए। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने यह जानकारी दी।डब्ल्यूएचओ यूरोप के निदेशक डॉ हेंस क्लुग ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यूरोपीय क्षेत्र के 26 देशों ने जानकारी दी प्रत्एक सप्ताह उनकी एक प्रतिशत से ज्यादा आबादी कोरोना वायरस से संक्रमित हो रही है, जो चेतावनी देती है कि देशों के लिए अस्पतालों में कोविड मरीजों की बाढ़ रोकने के अवसर खत्म होते जा रहे हैं। उन्होंने वाशिंगटन विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ मेट्रिक्स के अनुमानों का जिक्र किया, जिसके मुताबिक पश्चिम यूरोप में आधी आबादी अगले छह से आठ हफ्तों में कोरोना वायरस से संक्रमित हो जाएगी।

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given that Mrs. Durgesh (hereinafter referred to as the said Mortgagors/Borrowers) had Purchase the Property Bearing No. 175-B, area measuring 37.1/2 sq. yds., i.e., 314498 Sq. Mtrs. Out of Khasra No. 101,126 & 127, Situated at Village Bindapur Delhi state Delhi, Colony Known as Vikas Vihar Block-Q, Uttam Nagar, New Delhi. (hereinafter referred to "**said property**") from Mr. Anand Kumar Vide Sale Deed dated 21.08.2020, sub-registrar- II B Janakpuri, as Document No. 10601, Volume No. 5454, Book no.1, Page No. 132-141, on 21.08.2020 and Now, Mrs. Durgesh have agreed to create mortgage in respect of the said property in favour of our clients **IDFC FIRST Bank Limited.** Further, if any person, body, individual, institution having any claim, title, interest and / or objection in respect of or against or relating to or touching upon said property or part of the property by way of sale, exchange, lease, lien, mortgage, charge, encumbrance, gift, trust, easement, maintenance, inheritance, testamentary deposition or otherwise or having in their custody any title, documents pertaining the said property shall communicate the same to the undersigned at below mentioned address within 10 days from the publication of this notice with documentary evidence in support thereof, failing which all the claim, of such person shall be considered to have been waived and or abandoned. Any objections raised after the completion of the 10 days shall not be binding upon the said property or my Client & in case anyone has any objection, the same may be raised within 10 days of this publication to **Mr. Muneesh Dhawan / Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas,** Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

**Public Notice**

This is to inform general public that Mrs. Ram Lalli Prasad acquired the entire Property No. L-2A, admeasuring 827.8/10 Sq. Yds., From DLF Housing and Construction Pvt Ltd. Vide conveyance Deed dated 25.09.1958as Doc no. 4223,Mrs.Ram Lalli Prasad expired and as per Documents Shared with us and Information Provide dto us, She was Survived By Six Sons Namely 1. Mr. Ravi Kumar, 2. Mr. Shyam Kumar, 3. Rajesh Kumar, 4. Mr. Rakesh Kumar, 5. Mr. Alakh Kumar, 6. Mr. Krishan Kumar and one Daughter Namely Mrs. Raj Kumari Dwivedi. Thereafter, Mrs. Raj Kumar Dwivedi Relinquished Her Share in Property in favour of Her Brothers Vide Relinquishment Deed dated 31.03.1995 The above Mentioned Six Brothers entered into a Family Settlement dated. 12.12.2000 Regarding the Entire Property. Mrs. Raj Kumari Dwivedi expired and is Survived by only son Mr. Ashutosh, Mr. Ravi Kumar Expired on 05.08.2017 and is survived by Mrs. Sukriti Kumar (Wife) and Mrs. Smriti Kumar (Daughter) and Mr. Vinamra Kumar (Son), Mr. Shyam Kumar expired on 15.03.2021 and is Survived by Mrs. Madhu Kumar- Wife, Mr. Manik Kumar (Son), Mrs. Meenakshi Sharma (Daughter), Mrs. Meenakshi Sharma executed GPA dated 13.10.2021, in favour of Mrs. Madhu Kumar in respect of Rear Portion of Said Property, Finally Legal heirs of Mrs. Ram Lalli Parsad, Legal Heirs of Mr. Ravi Kumar and other Legal heirs of Mr. Shyam Kumar executed Relinquishment Deed dated 24.12.2021 in favour of Mr. Manik Kumar in respect of Pvt Flat Unit No. 2 (having Covered area of 1200 Sq. ft), Situted on Ground Floor towards the wall touching the Front Portion three Flats (towards East) Rear Portion of Plot No. L-2A, area 400 Sq. Yds., Hauz Khas Enclave New Delhi-110016, duly Regd of Doc No. 10187, Vol No. 4292, Page No. 156-168, With SRO- VA Hauz Khas, In this Manner Mr. Manik Kumar became the owner of abovesaid flat Mr. Manik Kumar is Mortgaging this Flat with Bajaj Housing Finance Ltd.& in case anyone has any objection, the same may be raised within 7 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636(M).

**CSB Bank**
Formerly The Catholic Syrian Bank Ltd.

**PUBLIC NOTICE ON AUCTION OF PLEDGED GOLD ORNAMENTS**

The borrower/s in specific and interested bidders in general are hereby informed that on account of non-repayment of Bank's dues by the borrowers as under despite the payment notice and recall/auction notice issued by the Bank, the gold ornaments pledged with the bank as security by the respective borrowers for the loans availed by them will be sold in public auction on "as is where is" and "non- recourse" basis through physical auction on 19th January, 2022 at 03.00 p.m. in branch premises. Auction may be adjourned to any other later date at the discretion of the bank upon publication of the same in the Bank's notice board. The borrowers are hereby further informed that the gold ornaments will be disposed off by private sale if the public auction is not successful and if there is a further balance to be recovered thereafter, legal action will be initiated against the borrower/s for recovery of the balance amounts due to the bank.

| S. No. | Pledged Branch | Name of Borrower | Account Number | Total Outstanding Balance as on 31.12.2021 (in Rs.) | Net Weight in gms |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Ashok Vihar - Delhi | MOHAN LAL | 0283-00598679-000021 | 2,78,773.50 | 76 |
| 2 | Ashok Vihar - Delhi | MOHAN LAL | 0283-00598679-000023 | 4,66,503.50 | 131.5 |
| 3 | Ashok Vihar - Delhi | MOHAN LAL | 0283-00598679-000024 | 91,517.50 | 35.4 |
| 4 | Ashok Vihar - Delhi | MAMTA | 0283-03950511-000003 | 1,02,628.75 | 33.45 |
| 5 | Ashok Vihar - Delhi | ROOPALI | 0283-04316950-000001 | 12,91,741.00 | 393.34 |
| 6 | Ashok Vihar - Delhi | BRAHM | 0283-04249718-000002 | 1,44,293.50 | 35.63 |
| 7 | DWARAKA | SUNEEL | 0480-04254797-000002 | 80,523.78 | 20.59 |
| 8 | DWARAKA | ASHISH KUMAR | 0480-04315234-000002 | 61,340.68 | 17.77 |
| 9 | Faridabad | VINOD | 0300-04092986-000005 | 12,697.08 | 3.27 |
| 10 | Faridabad | YOGESH BHATI | 0300-04148155-000005 | 47,943.00 | 12 |
| 11 | Faridabad | SANJEEV JHA | 0300-04219971-000001 | 94,437.50 | 23.6 |
| 12 | Faridabad | AAKASH | 0300-04225774-000001 | 19,243.06 | 4.8 |
| 13 | Faridabad | LATA | 0300-04175331-000002 | 13,143.59 | 3.3 |
| 14 | Faridabad | MOHAMMAD JALALUDIN | 0300-04278676-000001 | 68,261.50 | 18 |
| 15 | Faridabad | YOGESH BHATI | 0300-04148155-000009 | 16,276.10 | 4.636 |
| 16 | Faridabad | PREM | 0300-04298730-000001 | 46,531.61 | 16.4 |
| 17 | Faridabad | LATA | 0300-04175331-000004 | 15,455.06 | 5 |
| 18 | Faridabad | MITESH | 0300-03743436-000012 | 1,87,395.55 | 57 |
| 19 | Faridabad | MANOJ | 0300-04129635-000004 | 1,51,823.50 | 44.7 |
| 20 | Faridabad | UMIT | 0300-04189036-000002 | 38,179.50 | 11.8 |
| 21 | Faridabad | KAVITA | 0300-04332194-000001 | 2,12,083.06 | 64.88 |
| 22 | Faridabad | MUKHTAR | 0300-04127113-000003 | 35,089.61 | 10.65 |
| 23 | Faridabad | SANJAY | 0300-03745660-000008 | 1,31,973.61 | 46.74 |
| 24 | Faridabad | ANITA | 0300-04187557-000003 | 27,575.50 | 8.42 |
| 25 | Faridabad | SONU | 0300-04096342-000004 | 53,133.06 | 16.35 |
| 26 | Faridabad | ARJUN | 0300-04174509-000004 | 42,742.61 | 12.82 |
| 27 | Faridabad | ANITA | 0300-03496366-000013 | 35,088.06 | 11.9 |
| 28 | Faridabad | SALEENA | 0300-04081016-000015 | 72,293.17 | 24 |
| 29 | Faridabad | SALEENA | 0300-04081016-000017 | 73,461.16 | 23.5 |
| 30 | Faridabad | LATA | 0300-04175331-000003 | 28,401.09 | 7.4 |
| 31 | Faridabad | MONIKA GUPTA | 0300-04278827-000001 | 5,13,167.59 | 126.1 |
| 32 | Faridabad | HIMMAT SINGH | 0300-04279941-000002 | 1,08,103.05 | 34 |
| 33 | Faridabad | HIMMAT SINGH | 0300-04279941-000002 | 40,653.05 | 13 |
| 34 | Faridabad | SALEENA | 0300-04081016-000012 | 1,09,878.54 | 35.05 |
| 35 | Faridabad | SALEENA | 0300-04081016-000013 | 96,943.54 | 31.5 |
| 36 | Faridabad | SALEENA | 0300-04081016-000014 | 96,162.55 | 31 |
| 37 | Faridabad | YOGESH BHATI | 0300-04148155-000012 | 53,852.14 | 16 |
| 38 | Faridabad | ANITA | 0300-03496366-000014 | 9,640.00 | 4.1 |
| 39 | Faridabad | YOGESH BHATI | 0300-04148155-000013 | 34,899.00 | 11.3 |
| 40 | Faridabad | PRAVEEN | 0300-04151991-000011 | 1,09,195.00 | 33 |
| 41 | Gautam Nagar | AAKASH | 0322-03419927-000001 | 16,508.50 | 5.05 |
| 42 | Gautam Nagar | DINESH | 0322-04274614-000001 | 90,698.50 | 26.2 |
| 43 | Gautam Nagar | Kishori | 0322-04282460-000001 | 1,13,137.50 | 28 |
| 44 | Gautam Nagar | TARUN | 0322-03184235-000004 | 2,48,676.50 | 80.17 |
| 45 | Gautam Nagar | AMIT | 0322-04088271-000004 | 48,203.15 | 15 |
| 46 | Gautam Nagar | AMIT | 0322-04088271-000006 | 2,07,240.50 | 53.2 |
| 47 | Gautam Nagar | VIKRAM | 0322-04081348-000002 | 2,82,265.63 | 99 |
| 48 | Gautam Nagar | DHARMENDER | 0322-04138610-000002 | 62,461.50 | 16.99 |
| 49 | Gautam Nagar | Markandey | 0322-04291819-000001 | 1,18,343.50 | 30.36 |
| 50 | Ghaziabad | SALIM | 0383-04244044-000001 | 1,38,000.00 | 41 |
| 51 | Ghaziabad | AMIT | 0383-07322901-000001 | 2,30,286.75 | 56.3 |
| 52 | Ghaziabad | PONNU SWAMY | 0383-04105058-000002 | 25,629.25 | 10 |
| 53 | Ghaziabad | RAJ | 0383-04300226-000001 | 71,596.25 | 20.4 |
| 54 | Ghaziabad | AMIT | 0383-03953123-000006 | 1,27,967.50 | 42.1 |
| 55 | Ghaziabad | MOHD | 0383-04332202-000001 | 48,382.25 | 16.4 |
| 56 | Ghaziabad | MOHD | 0383-04332202-000002 | 14,402.25 | 4.7 |
| 57 | Ghaziabad | VAIBHAV TIWARI | 0383-04100713-000004 | 81,224.25 | 27.5 |
| 58 | Ghaziabad | HAIDER | 0383-04335493-000001 | 1,70,089.40 | 57.8 |
| 59 | Ghaziabad | AFSANA | 0383-04337548-000001 | 13,872.25 | 4.5 |
| 60 | Ghaziabad | HAIDER | 0383-04183257-000005 | 22,853.25 | 8.4 |
| 61 | Ghaziabad | NAZREEN | 0383-04245022-000002 | 36,284.25 | 12.3 |
| 62 | Ghaziabad | GULJAR | 0383-04354628-000001 | 62,762.25 | 22 |
| 63 | Ghaziabad | MOHD | 0383-04332202-000003 | 16,018.25 | 6.4 |
| 64 | Ghaziabad | DANISH | 0383-04245970-000002 | 25,538.00 | 5.7 |
| 65 | Ghaziabad | SATTAR | 0383-04277682-000001 | 66,469.23 | 16.3 |
| 66 | Ghaziabad | NAJIM | 0383-04277968-000001 | 1,36,736.23 | 33.6 |
| 67 | Ghaziabad | RIHANA | 0383-04278786-000001 | 41,947.23 | 10.8 |
| 68 | Ghaziabad | MUKKAMIL | 0383-04263587-000002 | 58,471.20 | 14.3 |
| 69 | Ghaziabad | VIKAS | 0383-04163721-000002 | 1,11,492.20 | 27.45 |
| 70 | Ghaziabad | NIRAJ AGARWAL | 0383-04056108-000011 | 8,65,033.20 | 214 |
| 71 | Ghaziabad | MOHSINA | 0383-04283741-000001 | 57,023.20 | 15 |
| 72 | Ghaziabad | TEJVEER | 0383-03971116-000009 | 41,972.20 | 10.6 |
| 73 | Ghaziabad | LATIKA TYAGI | 0383-04290667-000001 | 36,161.50 | 9.4 |
| 74 | Ghaziabad | REKHA RANA | 0383-04292977-000001 | 30,656.50 | 8 |
| 75 | Ghaziabad | SALIM | 0383-04244044-000003 | 75,900.00 | 28 |
| 76 | Gurgaon | VOHRA | 0316-03088602-000018 | 2,68,383.52 | 65.5 |
| 77 | Gurgaon | VOHRA | 0316-03088602-000019 | 1,71,704.67 | 42 |
| 78 | Gurgaon | DEEPU | 0316-04234649-000001 | 13,517.67 | 3.32 |
| 79 | Gurgaon | SHWETA TIWARI | 0316-04049817-000004 | 87,903.49 | 30.6 |
| 80 | Gurgaon | BRAJMOHAN | 0316-04333570-000001 | 1,17,272.99 | 44.79 |
| 81 | Gurgaon | FORJAN | 0316-04232016-000002 | 39,015.99 | 13.6 |
| 82 | Gurgaon | ASHOK | 0316-04341070-000001 | 2,10,348.99 | 67.07 |
| 83 | Gurgaon | AVINASH KUMAR | 0316-04090967-000004 | 3,84,701.99 | 141 |
| 84 | New Delhi | ALKA CHAUHAN | 0205-04275374-000001 | 38,132.50 | 14.83 |
| 85 | New Delhi | DR.PREM PRAKASH AGGARWAL | 0205-00563872-000035 | 78,139.64 | 28 |
| 86 | New Delhi | RAHIS | 0205-04004218-000006 | 31,140.75 | 15.95 |
| 87 | New Delhi | MANOJ | 0205-04201720-000002 | 9,40,522.00 | 333.65 |
| 88 | New Delhi | JITENDER | 0205-02882552-000006 | 1,36,962.50 | 47.46 |
| 89 | New Delhi | raj kumar | 0205-04333487-000001 | 22,339.50 | 7.8 |
| 90 | New Delhi | MRADU | 0205-00565406-000031 | 18,70,268.64 | 485 |
| 91 | OKHLA | ABHISHEK | 0498-04217510-000001 | 42,310.50 | 10.44 |
| 92 | OKHLA | ABHISHEK | 0498-04217510-000002 | 1,34,038.50 | 33.27 |
| 93 | Palam | PANKAJ | 0459-04213974-000001 | 1,37,412.97 | 33 |
| 94 | Palam | JAGVEER | 0459-04216780-000003 | 48,923.79 | 13.6 |
| 95 | Palam | ARCHANA KUMARI | 0459-04199243-000002 | 41,255.26 | 10.22 |
| 96 | Palam | KULDEEP SOLANKI | 0459-04236635-000001 | 40,644.75 | 10.22 |
| 97 | Palam | JAGVEER | 0459-04216780-000004 | 1,26,086.79 | 32.26 |
| 98 | Palam | Natthu | 0459-04242962-000001 | 34,895.00 | 9.99 |
| 99 | Palam | RAVI | 0459-04274838-000001 | 15,400.47 | 3.95 |
| 100 | Palam | Ashwani | 0459-04278715-000001 | 12,915.26 | 3.25 |
| 101 | Palam | RAVI | 0459-04274838-000002 | 8,529.47 | 2.44 |
| 102 | Palam | Amarjeet | 0459-04301931-000001 | 39,955.04 | 12.74 |
| 103 | Palam | JAGVEER | 0459-04216780-000005 | 31,872.54 | 11.45 |
| 104 | Palam | RAVI | 0459-04274838-000003 | 6,858.47 | 2.37 |
| 105 | Palam | ROHIT | 0459-04315973-000001 | 51,804.54 | 16.35 |
| 106 | Palam | NIZAM | 0459-04316043-000001 | 1,21,082.75 | 37.45 |
| 107 | Palam | ROHIT | 0459-04315973-000002 | 25,749.54 | 9.77 |
| 108 | Palam | Amit | 0459-04323402-000001 | 67,374.54 | 20.32 |
| 109 | Palam | Naveen | 0459-04329115-000001 | 14,353.04 | 4.2 |
| 110 | Palam | Arjun | 0459-04334382-000001 | 34,733.54 | 11.43 |
| 111 | Palam | SUMIT | 0459-04342897-000001 | 12,000.25 | 4 |
| 112 | Palam | SUMIT | 0459-04342897-000003 | 44,543.00 | 14.56 |
| 113 | Palam | PRADEEP | 0459-04327961-000004 | 10,381.00 | 3.38 |
| 114 | Rohini | RAJNI | 0483-07286377-000001 | 5,33,053.25 | 132.25 |
| 115 | Rohini | ANMOL | 0483-04235099-000001 | 4,61,998.25 | 117.6 |
| 116 | Rohini | RAJ | 0483-04316012-000003 | 5,785.50 | 1.65 |
| 117 | Rohini | HIMANSHU | 0483-07316218-000003 | 18,620.75 | 5.3 |
| 118 | Janakpuri | Deepak Kumar | 0469-04292572-000002 | 63581.4 | 15.92 |
| 119 | Janakpuri | Deepak Kumar | 0469-04292572-000001 | 239322.13 | 61.6 |

For more details/account wise information borrowers and for participating in the auction, interested bidders may contact respective branches.

**Date: 11.01.2022, Place: Delhi NCR** **Authorised Officer, (CSB Bank Limited)**



संत राजिन्दर सिंह का कहना है कि इस नव वर्ष में हमें अपने भीतर दिव्य शक्ति का अनुभव करने के लिए नियमित रूप से ध्यान करने का संकल्प लेना चाहिए

# नई शुरुआत के लिए

नया साल, एक नई शुरुआत है, कुछ आगे देखने के लिए। यह वो सब हासिल करने का अवसर है जो हम बीते वर्ष में हासिल नहीं कर सके, यह हमारे जीवन को बेहतर और बेहतर बनाने का अवसर है। वर्ष के इस समय में, हम आम तौर पर बीते हुए वर्ष का जायजा लेते हैं और आने वाले वर्ष की योजना बनाते हैं ।कि हम अपने जीवन के विभिन्न पहलुओं में कैसे सुधार कर सकते हैं।

साल के इस समय में हम में से कई लोग जीवन में अपनी प्राथमिकताओं के आधार पर अपनी प्रगति और विकास के लिए संकल्प लेते हैं। हालांकि, बहुत कम लोग होते हैं जो अपने संकल्प पर टिके रहते हैं। जैसे ही हम शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और बौद्धिक रूप से सुधार करने का संकल्प लेते हैं, हमें सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र – आध्यात्मिक क्षेत्र को नहीं भूलना चाहिए। हमें एक नेक, शुद्ध और अच्छा इंसान बनने का प्रयास करना चाहिए, जिसके लिए हमें अपनी सोच व समझ को बेहतर बनाकर अपने भीतर काम करने की जरूरत है। यदि हमारी आत्मा ठीक हो जाती है, तो हम अन्य सभी क्षेत्रों में अच्छे होंगे, इसलिए हमें उन गतिविधियों पर ध्यान देना चाहिए जो हमारी आत्मा को ठीक कर दें।

हमें इस मानव जन्म के सुनहरे अवसर और जीवन की नश्वर प्रकृति की याद दिलाते हुए, यह हम पर निर्भर है कि हम अपने जीवन में क्या हासिल करना चाहते हैं, इसका जायजा लें। हमारे इस दुनिया में आने का मुख्य कारण है खुद को जानना। जितना ज्यादा हम वास्तव में महत्वपूर्ण पर ध्यान केंद्रित करते हैं, उतना ही बेहतर हम इस अनमोल अवसर का उपयोग कर रहे हैं जो ईश्वर ने हमें दिया है, आत्मा के स्तर पर खुद को महसूस करने के लिए। हमें अपने सबसे बड़े उपहार – इस मानव जन्म के उपहार पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। अपनी भौतिक इंद्रियों के स्तर पर रहते हुए, हम मानते हैं कि हमारी इंद्रियों के माध्यम से प्राप्त जानकारी ही हम अनुभव कर सकते हैं। हम इस क्षणिक दुनिया में स्थायी आनंद और खुशी की तलाश में अपना समय बिताते हैं, यह महसूस किए बिना कि इस पृथ्वी से परे आध्यात्मिक दुनिया है।

यह दुनिया इन आध्यात्मिक दुनियाओं का प्रतिबिंब है, जो हमारे भीतर हैं और भौतिक दुनिया के साथ-साथ मौजूद हैं। भ्रम की परतों से घिरे इस भौतिक संसार में रहते हुए हम अपने वास्तविक सार को भूल गए हैं। हम अपने आप को शरीर मानते हैं और यह मान लेते हैं कि हम अपनी भौतिक इंद्रियों के माध्यम से जो अनुभव करते हैं वह सब इस जीवन में है। जब हम आध्यात्मिक यात्रा शुरू करते हैं, और हम संतों और मनीषियों के शब्दों को सुनते हैं, हम अपने मानव अस्तित्व की वास्तविकता के प्रति जागृत होते हैं।

जिस तरह एक टेलीविजन के कई चैनल होते हैं, उसी तरह ईश्वर का चैनल हमारे लिए हर समय उपलब्ध रहता है। हमें बस अपना ध्यान भौतिक संसार के चैनल से हटाकर ईश्वर के चैनल की ओर निर्देशित करने की आवश्यकता है। यह हम ध्यान के द्वारा कर सकते हैं। ध्यान में हम ईश्वर के दिव्य प्रकाश और ध्वनि का अनुभव कर सकते हैं। हम भगवान के प्रकाश की आध्यात्मिक धूप का आनंद ले सकते हैं, ठीक उसी तरह जैसे हम यहां पृथ्वी पर बाहरी धूप का आनंद लेते हैं।

इस अस्तित्व में हमारा समय ईश्वर द्वारा हमें दिया गया अवसर है। अपनी दिव्य प्रकृति का अनुभव करने के बाद, हम निर्माता के साथ अपनी आत्मा की एकता पाते हैं। ध्यान में हम अपना ध्यान बाहर की दुनिया से हटाकर अपने भीतर केंद्रित करते हैं। भीतर यात्रा करते हुए, हम कौन हैं इसकी वास्तविकता हमारे लिए स्पष्ट हो जाती है, हमारी दृष्टिकोण बदल जाता है, और हम परमेश्वर और परमेश्वर की सारी सृष्टि के साथ अपनी एकता को अपनाने लगते हैं। तब हम पहचानते हैं कि हम चेतन प्राणी हैं। इसे ही संत और आध्यात्मिक गुरु आत्मज्ञान की बात कहते हैं।

जब हम ध्यान के माध्यम से अपने सच्चे स्व का अनुभव करते हैं, तो हमें पता चलता है कि हमारे भीतर काम करने वाली ईश्वर की शक्ति अन्य मनुष्यों, जानवरों, पौधों के भीतर भी काम कर रही है, तब हम सभी को अपना मानेंगे। जब हम ध्यान की प्रक्रिया के जरिए अपना ध्यान अंदर ले जाते हैं, तभी हम अपने वास्तविक स्वरूप को महसूस करते हैं और ईश्वर के प्रेम का अनुभव करते हैं। जब हम परमेश्वर के प्रेम का अनुभव करते हैं, तभी हम इस प्रेम को दूसरों के साथ साझा कर सकते हैं, और केवल, जब हम इस प्रेम को साझा करते हैं और सभी सीमाओं को पार करते हैं, तभी हम सचमुच मानव बनते हैं।

जैसा कि हम इस पर विचार करते हैं कि हम इस नए साल में अपने जीवन को कैसे बेहतर बना सकते हैं, यहां एक खाका है जो हमें उस तरह का जीवन जीने में मदद करता है जिस तरह का जीवन परमेश्वर हमारे लिए चाहता है। हमारा जीवन प्रेम पर केंद्रित होना चाहिए – ईश्वर के लिए प्रेम और अपने साथियों के लिए प्रेम।

जब हम उनके लिए अपना दिल खोलते हैं और उन लोगों के साथ रहने के लिए समय निकालते हैं जिनसे हम प्यार करते हैं, दूसरों के बारे में अधिक सोचते हैं, और उन्हें यह दिखाने की कोशिश करते हैं कि हम कैसा महसूस करते हैं। जब हम अपने चारों ओर गर्मजोशी और प्रेम बिखेरते हैं, तब हम अधिक धैर्यवान, अधिक सहिष्णु, दूसरों के प्रति अधिक दयालु होते हैं। जब हम उनके जीवन में खुशी और गर्मजोशी लाने और उनके बोझ को कम करने के लिए अपने चारों ओर सिर्फ देते हैं, और देते हैं और देते ही रहते हैं।

> जब हम ध्यान के माध्यम से अपने सच्चे स्व का अनुभव करते हैं, तो हमें पता चलता है कि हमारे भीतर काम करने वाली ईश्वर की शक्ति अन्य मनुष्यों, जानवरों, पौधों के भीतर भी काम कर रही है, तब हम सभी को अपना मानेंगे। जब हम ध्यान की प्रक्रिया के जरिए अपना ध्यान अंदर ले जाते हैं, तभी हम अपने वास्तविक स्वरूप को महसूस करते हैं और ईश्वर के प्रेम का अनुभव करते हैं।

यह सब तब शुरू होता है जब हम ध्यान – प्रक्रिया के माध्यम से ईश्वर के प्रेम से जुड़ते हैं। हमारा वास्तविक स्वरूप आत्मा है, और ईश्वर के अंश के रूप में, हमारी आत्मा ईश्वर के प्रेम से भरी हुई है। इसका एक अस्तित्व है जो हमारे तन, मन और बुद्धि पर रखी गई सीमाओं और सीमाओं से अप्रतिबंधित है। जब हम अपनी आत्मा के स्तर पर रहते हैं, तो हम अलगाव की दीवारों को पार कर सकते हैं और सभी को गले लगा सकते हैं। हम सत्यता, अहिंसा, निस्वार्थ सेवा, करुणा और नम्रता के ईश्वरीय गुणों को विकसित करते हैं, और हम उस जीवन का नेतृत्व करते हैं जो ईश्वर हमारे लिए चाहता है।

जब हम ध्यान के माध्यम से अपने भीतर ईश्वर के प्रकाश का अनुभव करते हैं, तो हम सभी लोगों व सभी जीवन रूपों में भी एक ही प्रकाश देखते हैं। हम महसूस करते हैं कि प्रत्येक व्यक्ति मूल्यवान है, ईश्वर द्वारा बनाया गया है, और ईश्वर को अपने भीतर रखता है। जैसे अंतरिक्ष यात्री नीचे देखते हैं और पृथ्वी ग्रह के सुंदर रत्न को अंतरिक्ष में तैरते हुए देखते हैं और सभी जीवन की एकता का एहसास करते हैं, वैसे ही हम सभी में ईश्वर का प्रकाश देखते हैं। यह हमारे पूरे जीवन को एक मानव परिवार के रूप में मान्यता देता है।

सच्चा आध्यात्मिक विकास तब होता है जब हमें पता चलता है कि हम सब एक हैं। उस अहसास के साथ, हम अब दूसरों से श्रेष्ठ महसूस नहीं करते हैं। हम यह महसूस करना बंद कर देते हैं कि हम विशेष हैं और अन्य सभी हीन हैं। हम एक ऐसी स्थिति में पहुंच जाते हैं जहां हम पहचानते हैं कि सभी महत्वपूर्ण हैं। इस श्रेष्ठ दृष्टि से, हम सभी जीवन के प्रति प्यार और सम्मान विकसित करते हैं। हम दूसरों की परवाह करते हैं और किसी को दुख में नहीं देखना चाहते। हम प्यार करने वाले, निस्वार्थ इंसान बन जाते हैं जो दूसरों की मदद करने के लिए प्रतिबद्ध होते हैं। यदि प्रत्येक व्यक्ति समस्त जीवन की एकता के लिए जागृत हो जाए, तो ग्रह पर शांति और खुशी होगी।

इस दुनिया से परे लोकों में जिस वस्तु का सबसे अधिक मूल्य है, जिस पर हम सभी जाएंगे, वह है आध्यात्मिक प्रेम। आत्मा को हमारे वित्तीय रिकॉर्ड से नहीं मापा जाता है, लेकिन उस प्यार की मात्रा से मापा जाता है जो हमने दूसरों को दिया है। क्या हम भगवान से प्यार करते थे? क्या हम अपने साथियों से प्यार करते थे? क्या हमें सारी सृष्टि से प्यार था? प्यार का अनुवाद विचारों, शब्दों और कार्यों में किया जाता है जो यह दूसरों के प्रति दया में व्यक्त किया जाता हैं। यह इस बात में व्यक्त होता है कि हम दूसरों की कितनी परवाह करते हैं। यह इस बात से प्रदर्शित होता है कि हम दूसरों की मदद करने या उनकी सेवा करने के लिए खुद को कितना देते हैं।

इसलिए इस नव वर्ष में हमें अपने समग्र और स्वस्थ विकास के लिए भी प्रतिदिन नियमित रूप से ध्यान करने और भीतर की दिव्य शक्ति का अनुभव करने का आध्यात्मिक संकल्प करना चाहिए ताकि हमारी समझ परिपक्व हो और हम एक धार्मिक, शुद्ध और कर्तव्यनिष्ठ इंसान बन सकें।

**लेखक एक आध्यात्मिक नेता हैं।**



# बहस जारी है



प्रमोद पाठक

नया साल भिन्न नहीं होने वाला है। कम से कम संकेत तो यही हैं। कई तिमाहियों में कोरोनावायरस के कई रूपों को लेकर शोर मचा रहा है। हालांकि डेल्टा अभी भी मौजूद है, और ओमिक्रोन अचानक उग आया है, कि और एक नया खतरा सामने है जिसे डेल्मिक्रोन कहा जाता है। जब स्कूलों से लेकर दफ्तरों तक हाइब्रिड का चलन है, तो हाइब्रिड संबंधी तनाव भी सामने आया है। उभरती तीसरी लहर की संभावना संबंधी चिंताओं के साथ, वही एजेंसियां उन्हीं पुरानी कहानियों के साथ वापस आ गई हैं। जिस नतीजे की भविष्यवाणी की गई है, वो पिछले दो वर्षों में हमने जो देखा है, उससे बेहतर या बदतर नहीं है। जब टीके आया तो स्थिति आसान हो गई, सभी विविध टीकाकरण की रामबाण के रूप में वकालत कर रहे थे। लेकिन दृष्टिकोण या रुचि में बदलाव आया है, क्योंकि शोरगुल एक बार फिर से उसी स्तर का वैश्विक डर पैदा करता है जिसने दुनिया को आपदा में डुबो दिया। जैसे ही हम सुरंग के अंत में कुछ प्रकाश देखने लगे थे, कि अंधेरा फिर से उतर जाता है। कुछ सवाल जरूर उठाने होंगे। कुछ जवाब तलाशने होंगे। हमने सोचा था कि टीकाकरण से राहत मिलेगी। लेकिन हमें एक नया तनाव मिला। टीके तेजी से आए, अप्रत्याशित गति से, लेकिन सहायता से अधिक हमने वैक्सीन कूटनीति को देखा। प्रारंभ में यह एक खुराक थी जिसे आवश्यक समझा गया था। फिर कुछ लोगों को लगा कि एक बार की खुराक काफी नहीं है तो दो के लिए शोर मच गया। जब हम दुनिया को महामारी से छुटकारा दिलाने के लिए वैश्विक आबादी को दो खुराक देने के लिए संघर्ष कर रहे थे, कि दो खुराक की प्रभावकारिता की अचानक और व्यवस्थित चेतावनी शुरू हो गयी, एक बूस्टर या तीसरी खुराक की आवश्यकता सामने आ गयी। पहले के लिए अभी भी कई इंतजार कर रहे हैं, दूसरे के लिए कई और, लेकिन बूस्टर के लिए अभियान ने जोर दिया है। और कुछ चौथी खुराक के लिए कारण ढूंढ रहे हैं। यह सब कहां समाप्त होगा और यह क्यों समाप्त नहीं हो रहा है, ये दो बहुत महत्वपूर्ण मुद्दे हैं जिनकी जांच की जानी चाहिए। शायद गहराई से जांच करने की जरूरत है। इसलिए और भी, क्योंकि यह वही चेहरे हैं जो एक ही सांस में स्वीकार करते हुए गंभीर चेतावनी जारी कर रहे हैं कि मास्किंग और सोशल डिस्टेंसिंग के अलावा अभी भी कुछ भी ठोस नहीं है। दिलचस्प बात यह है कि इस राय का एक बड़ा हिस्सा कहता है कि नया संस्करण उतना घातक नहीं होगा। बेशक, कुछ ऐसे भी हैं जो इसके विपरीत का भरोसा दिलाते हैं।

निश्चित रूप से, भ्रम और हंगामा ज्यादा है जो वाद्यस्थल की तरह लगता है। हालांकि मेरे टीके के दावे और विपरीत दावे आपके मुकाबले बेहतर चल रहे हैं, मगर कुछ फार्मा सतर्कता बरतने की जरूरत है। वाणिज्य वायरस से ज्यादा घातक है। सभी प्रकार की राय बिना वास्तविक प्रमाण के उछाल दी जाती है। जब ऐसे अध्ययन हों जो परस्पर विरुद्ध हों, तो अध्ययनों को उद्धृत करना शायद ही सहायक होता है।

कुछ का कहना है कि टीके काम नहीं कर सकते हैं, जबकि अन्य कहते हैं कि यह प्रभाव को कम कर सकता है। लेकिन ज्यादातर कहते हैं कि अपनी हाथों को जोड़ें रखें। कुछ लोगों का कहना है कि टीकाकरण प्रभावित हो रहा है, और कुछ का कहना है कि कुछ कहना मुश्किल है। फिर वे ऐसा क्यों कह रहे हैं, यह काफी पेचीदा है। और ध्यान रहे, कुछ गोलियां जोखिम मे रहने वालों के लिए भी आई हैं। इन दवाओं के नाम पहले की तरह ही कठिन हैं जो काम करने वाली थीं लेकिन काम नहीं करती थीं । भ्रम की स्थिति यह है कि हर कोई कोविड-19 के बारे में कुछ कह रहा है, लेकिन यह निश्चित नहीं है कि 2022 में क्या काम करता है या क्या काम करेगा। लेकिन इस सारी अनिश्चितता के बीच, एक बात निश्चित है। कुछ निवेशक भारी मुनाफा कमा रहे हैं क्योंकि लोग प्रायोगिक गिनी पिग बन जाते हैं। जहां विशेषज्ञ अंधेरे में टटोल रहे हैं, वहीं सामान्यवादी उपदेश दे रहे हैं।

**प्रमोद पाठक प्रबंधन प्रोफेसर, लेखक और सार्वजनिक वक्ता हैं।**

## चुनौती सिर्फ बदलाव से बचने की नहीं, बल्कि आगे बढ़ने की होती है, उस स्थिति में लचीलापन बनाने की युक्तियां सुझा रही हैं अनामिका यदुवंशी



# बदलाव की चुनौती

परिवर्तन अपरिहार्य है। परिवर्तन को रोकने के लिए आप कुछ नहीं कर सकते। जीवन आगे बढ़ता है और चीजें किसी न किसी तरह से बदलती हैं। चुनौती सिर्फ बदलाव से बचने की नहीं बल्कि पनपने की है। परिवर्तन, जिसके लिए कठिन समय की आवश्यकता होती है कभी-कभी दर्दनाक हो सकता है। लचीला होने के बारे में भी यही है। जब बुरा समय होता है, तो जिन लोगों ने लचीला कौशल सीखा होता है, उनमें जवाबी कार्रवाई करने की संभावना बढ़ जाती है। यह अवसाद और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं को कम कर सकता है। निम्नलिखित युक्तियों का उपयोग करके अपना लचीलापन बनाएं:

**सकारात्मक रहें :** सकारात्मक होने का अर्थ है अधिक तनावमुक्त होना और किसी कठिन परिस्थिति के बारे में कम चिंता करना और बिना किसी तनाव के मुकाबला करना। इसका मतलब यह नहीं है कि आप स्थिति के संबंध में कार्रवाई करने से दूर रहें। सकारात्मक होने का मतलब है कि आवश्यक कदम उठाए जाने के बाद आप तनावमुक्त हैं। इसका मतलब सकारात्मक परिणामों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए समस्या की अनदेखी करना नहीं है, बल्कि इसका मतलब है कि झटके क्षणिक होते हैं और अपने सामने आने वाली चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए आपके पास कौशल और क्षमताएं हैं। आप जो काम कर रहे हैं, वह मुश्किल हो सकता है, लेकिन उज्ज्वल भविष्य के बारे में आशावादी और सकारात्मक बने रहना महत्वपूर्ण है।

**खुद पर विश्वास करें :** अपनी क्षमताओं व योग्यता पर विश्वास तनाव से निपटने और कठिन चुनौतियों से उबरने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विश्वास करें कि आप चुनौती के रूप में, जो अभी-अभी आपके सामने पेश की गयी है, उससे निपटने के लिए सबसे सक्षम व्यक्ति हैं। विश्वास रखें कि आपमें सबसे कठिन परिस्थिति से निपटने का कौशल है। विश्वास पर्वत हिला सकता है। बस भरोसा करें कि आप यह कर सकते हैं और आप इसे निश्चित रूप से करेंगे।

**अपने जीवन में उद्देश्य की भावना का पता लगाएं :** हर किसी का अपने जीवन में एक उद्देश्य होता है और कभी-कभी आपके जीवन का उद्देश्य आपसे बड़ा होता है। सबसे अच्छा समय होता है, जब हमारा उद्देश्य हमारे लिए स्पष्ट हो जाता है, जब हम अपने जीवन के सबसे कठिन समय से गुजर रहे होते हैं क्योंकि आप बुरे या कठिन समय में बहुत कुछ खोजते हैं। शायद भगवद गीता भगवान कृष्ण के जीवन का उद्देश्य थी। भगवान राम ने रावण और अन्य राक्षसों को हराया जब उन्हें चुनौती दी गई और उनकी पत्नी का अपहरण कर लिया गया, हो सकता है कि रावण को मारना भगवान राम के जीवन का उद्देश्य था। यदि आप चुनौती से गुजर रहे हैं और आप सचेत हैं, तो इस बात की संभावना है कि आप अपने जीवन के उद्देश्य का पता लगाने में सक्षम होंगे।

**परिवर्तन को गले लगाएं :** यदि हम परिवर्तन से दूर भागते रहते हैं और इसे स्वीकार नहीं करते हैं तो चीजें और भी खराब हो सकती हैं। यदि हम परिवर्तन को स्वीकार करते हैं, तो यह इससे निपटने के लिए एक खुले दिमाग का दृष्टिकोण देता है। सीख कर कि कैसे अधिक से अधिक अनुकूलित हों, आप किसी संकट का सामना करने पर प्रतिक्रिया देने हेतु बेहतर ढंग से तैयार होंगे। लचीले लोग अक्सर इन घटनाओं का उपयोग नई दिशाओं में विस्तारित होने के अवसर के रूप में करते हैं। हालांकि कुछ लोगों को अचानक परिवर्तन से कुचल दिया जा सकता है, अत्यधिक लचीला व्यक्ति अपनाने और बढ़ने में सक्षम होते हैं।

**उन चीजों को स्वीकार करें जिन्हें आप बदल नहीं सकते :** परिवर्तन से निपटना मुश्किल हो सकता है इसलिए लोग आसपास की बहुत सी चीजों को बदलना चाहते हैं जो संभव नहीं है इसलिए वे निराश महसूस करते हैं। उदाहरण के लिए, आज के कोरोना समय में लोग कोरोना की स्थिति को बदलना चाहते हैं, वे चाहते हैं कि कोविड चले जाए जो कि दुख की बात ये कि यह रातों-रात संभव नहीं है। उन्हें जो करना चाहिए, वो यह कि वह नई कोरोना दुनिया के अनुकूल हो जाएं और प्रतिरक्षा को बढ़ावा देने के तरीके ढूंढ़ें। और मास्क पहनना, हाथ धोना और दूरी बनाए रखने जैसे कोविड प्रोटोकॉल का पालन करें।

**लेखिका एक जीवन प्रशिक्षक और प्रेरक उपचारक हैं।**

# जीवन की लय



अजीत कुमार बिश्नोई कहते हैं कि हमें अपनी जरूरतों, इच्छाओं और प्रतिभा को परस्पर तालमेल में बिठाने का रास्ता खोजना चाहिए

लय शब्द का प्रयोग ज्यादातर संगीत का वर्णन करने के लिए किया जाता है और इसे ध्वनि की आवर्ती गति के रूप में परिभाषित किया जाता है। इसका उपयोग भाषण का वर्णन करने के लिए भी किया जाता है। इस शब्द का प्रयोग जीवन का वर्णन करने के लिए भी किया जाता है। जीवन की लय जीवन का एक तरीका है जो हमारी वैध जरूरतों, हमारी गहन इच्छाओं और हमारी अनूठी प्रतिभाओं को एक दूसरे के साथ सामंजस्य बिठाती है। और यह दिनचर्या से अलग है, जिसे मजबूत, नियमित, दोहराए गए पेस्टर्न के रूप में परिभाषित किया जाता है जिसके जरिए लोग जीवन जीते हैं।

मैं जरूरतों से शुरू करता हूं। मनुष्य की कुछ मूलभूत आवश्यकताएं होती हैं। जीवित रहने के लिए हमारे पास भोजन, पानी, वायु और आश्रय होना चाहिए। हालांकि ये हमारी व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुसार होने चाहिए। (भगवद गीता 6.16-17) यह वो जगह है जहां ज्यादातर लोग गलत होते हैं। वे उपरोक्त और अन्य खाद्य पदार्थ जैसे मांस मुख्य रूप से स्वाद के लिए खाते हैं, वो भी अपनी व्यक्तिगत जरूरतों को पौष्टिक और स्वस्थ खाद्य पदार्थों पर विचार किए बिना।

अगली आवश्यकता भी बहुत महत्वपूर्ण है, अर्थात ठीक से शिक्षित और प्रशिक्षित होना। यह वो जगह है जहां हमारी बुनियादी जरूरतों की गहन इच्छाओं और अद्वितीय प्रतिभाओं के बीच तालमेल महत्वपूर्ण है। जब हम पैदा होते हैं, तो हम अपने पूर्वजन्मों से अपनी इच्छाएं और प्रतिभाएं लाते हैं। हमारे पिछले 'कर्म' यह निर्धारित करते हैं कि हमें किन प्रतिभाओं से नवाजा जाएगा, और हर किसी के पास मानव जन्म में कुछ अंतर्निहित प्रतिभा होगी। इसे मान्यता देनी होगी। धीरे-धीरे, स्वयं सहित, करीबी व प्रियजनों के सामने प्रतिभा / प्रतिभाएं स्पष्ट हो जाएगी। यहीं से इच्छाएं आती हैं। व्यक्ति को चुनना होता है कि किस प्रतिभा को आगे बढ़ाना है और उसके अनुसार आगे की शिक्षा और प्रशिक्षण प्राप्त करना है।

सिद्धांत रूप में यह सब बहुत अच्छा है, लेकिन विधाता को अनुकूल होना चाहिए, जैसा कि भगवान कृष्ण ने श्लोक 18.14 में कहा था, 'कार्य का स्थान और कर्ता और कई अलग-अलग प्रकार के यंत्र व कई अलग-अलग प्रयास और पांचवें में यह कनेक्शन केवल विधाता है। ' और विधान विशिष्ट है, अर्थात 'कम' के अनुसार फल। दैवीय अधिकारी बिना किसी भय या पक्षपात के 'कर्मफल' सिद्धांत का संचालन करते हैं। हालांकि, भगवान बहुत दयालु हैं, उन्होंने अपने चुने हुए किसी भी मामले में हस्तक्षेप करने की शक्ति अपने पास रखी है। इसलिए, हमें भगवान के पास जाना होगा यदि हम वास्तव में चाहते हैं कि जीवन में लय प्राप्त करने के लिए आवश्यक सब कुछ हमारे जीवन में हो।

भगवान को प्रसन्न करना एक ही समय में आसान और कठिन दोनों है। कोई भी अपनी आवश्यकताओं के लिए भगवान से प्रार्थना करके ऐसा कर सकता है, चाहे वह उनके माता-पिता की भलाई हो या कोई भौतिक आवश्यकता हो। परमेश्वर ऐसे प्रयासों का स्वागत करता है, वह ऐसे व्यक्तियों को कुलीन कहते हैं। (7.18) परमेश्वर के पास जाना या उसे प्रसन्न करना कठिन क्यों है? क्योंकि हमारा 'अहंकार' (अहंकार) हमें ईश्वर के पास नहीं जाने देगा, बच्चों में ऐसी कोई समस्याएं नहीं होती है। वे, जो परमेश्वर के साथ जुड़ने में कामयाब होते हैं, निश्चित रूप से परमेश्वर द्वारा जवाब दिया जाता है वो अपने ढंग से अपने समय के अनुसार जवाब देता है। वह किसी माध्यम से मदद की व्यवस्था कर सकता है, शायद किसी रिश्तेदार। या, भगवान अनुकूल परिस्थितियों का निर्माण कर सकते हैं। उनकी कृपा असीम है।

ये सब हमारी लय को कैसे प्रभावित करते हैं? तस्वीर में भगवान के साथ, हमारी जरूरतें निश्चित रूप से विनियमित हो जाएंगी, यानी हम वही खोजेंगे जो वास्तव में आवश्यक है। हमारी इच्छाएं हमारी प्रतिभाओं व जरूरतों से संबंधित होने लगेंगी। हमारी सोच कुछ हद तक नियंत्रित होने लगेगी। कोई दिशा होगी, कोई जीवन का लक्ष्य। अहंकार हाशिए पर चला जाएगा। और धीरे-धीरे सेवा की भावना विकसित होगी और जीवन एक लय प्राप्त करेगा।

**बिश्नोई एक आध्यात्मिक लेखक हैं**

# तीसरा टेस्ट: भारत 223 रन पर सिमटा

## ● स्टंप तक दक्षिण अफ्रीका के एक विकेट पर 17 रन




**भाषा।** केपटाउन

**भारतीय** टीम के मंगलवार को यहां तीसरे और अंतिम टेस्ट के शुरूआती दिन पहली पारी में 223 रन पर सिमटने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने स्टंप तक एक विकेट पर 17 रन बना लिए। दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज ऐडन मार्कराम आठ रन और केशव महाराज छह रन बनाकर खेल रहे थे। टीम ने हालांकि अपने कप्तान डीन एल्गर (03) का विकेट सस्ते में गंवा दिया। इससे पहले भारतीय पारी में कप्तान विराट कोहली ने 79 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। उनके अलावा चेतेश्वर पुजारा ने 43 और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने 27 रन का योगदान दिया।

सलामी बल्लेबाजों के जल्दी विकेट गंवाने के बाद कप्तान विराट कोहली (79 रन) के संयमित अर्धशतक के बावजूद भारतीय टीम मंगलवार को यहां तीसरे और अंतिम टेस्ट के शुरूआती दिन पहली पारी में 223 रन पर सिमट गई जिसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने स्टंप तक एक विकेट गंवाकर 17 रन बना लिए। सुबह के सत्र में भारत ने अपने दोनों सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल और केएल राहुल के विकेट जल्दी गंवा दिए थे। फिर कोहली और चेतेश्वर पुजारा (43 रन) ने मिलकर तीसरे विकेट के लिए 62 रन की साझेदारी निभाकर टीम को संभाला। कोहली ने तेज गेंदबाजों विशेषकर कागिसो रबाडा की तेज तर्रार गेंदों का डटकर सामना किया। पर इसी गेंदबाज ने उनकी 201 गेंद में 12 चौकों और एक छक्के की अर्धशतकीय पारी का अंत किया। पुजारा ने 77 गेंद की पारी में सात चौके लगाए। पीठ की चोट के कारण दूसरे टेस्ट में नहीं खेलने वाले कोहली शतक की ओर बढ़ रहे थे लेकिन दक्षिण अफ्रीका की तेज गेंदबाजी के अगुआ रबाडा ने उनकी इस उ मीद को पूरा नहीं होने दिया। अपना 50वां टेस्ट खेल रहे रबाडा ने 73 रन देकर चार विकेट हासिल किए जबकि मार्को जेनसन ने 55 रन देकर तीन विकेट झटके। स्टंप तक दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज ऐडन मार्कराम आठ रन और रात्रिप्रहरी केशव महाराज छह रन बनाकर खेल रहे थे। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने दक्षिण अफ्रीकी कप्तान और सलामी बल्लेबाज डीन एल्गर (03) का विकेट झटककर भारतीय टीम को पहली सफलता दिलाई। भारतीय टीम ने दूसरे सत्र में पुजारा और अजिंक्य रहाणे (12 गेंद में नौ रन) के विकेट गंवाकर 66 रन जोड़े जिससे चायकाल तक टीम का स्कोर चार विकेट पर 141 रन था। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों विशेषकर रबाडा ने न्यूलैंड्स में बादलों से भरे आसमान में दूधिया रोशनी के तले अपनी गेंदों से बल्लेबाजों को परेशानी में डाला। कोहली ने सुबह शानदार कवर ड्राइव से खाता खोला था, उन्होंने दोपहर के सत्र में जेनसन पर एक और खूबसूरत कवर ड्राइव लगाया। इसके अलावा उन्होंने रबाडा की गेंद पर एक छक्का भी जड़ा। रबाडा ने अपने सात ओवर के स्पैल में कहर बरपाया लेकिन कोहली ने उतने ही संयम और अनुशासन से इनका डटकर सामना किया। पुजारा ने फिर वही जुझारू जज्बा दिखाया लेकिन वह जेनसन की खूबसूरत गेंद का शिकार हुए। राउंड द विकेट से अंदर आकर कोण लेती गेंद पुजारा के बल्ले का बाहरी किनारा लेती हुई विकेटकीपर के हाथों में चली गई। रहाणे ने श्रृंखला के दौरान प्रभावशाली बल्लेबाजी की है लेकिन अच्छी शुरूआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए हैं और वह भी ज्यादा देर तक नहीं टिक सके। रबाडा की गुड लेंथ गेंद ने उनकी पारी समाप्त की। कोहली पांचवें विकेट के लिए ऋषभ पंत (27) के साथ अर्धशतकीय साझेदारी निभा चुके थे कि जेनसन ने भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज को आउट कर इस 51 रन की भागीदारी का अंत किया। इस पांचवें झटके के बाद भारत ने जल्दी जल्दी रविचंद्रन अश्विन (02), शारदुल ठाकुर (12) और जसप्रीत बुमराह (शून्य) के विकेट गंवा दिए और कोहली आउट होने वाले नौंवे खिलाड़ी रहे। भारतीय कप्तान रबाडा की गुडलेंथ गेंद को डीप प्वाइंट में खेलने की कोशिश में थे, पर गेंद उनके बल्ले का किनारा लेकर सीधे विकेटकीपर काइल वेरेने के हाथों में पहुंच गई। भारतीय टीम ने अंतिम सत्र में छह विकेट गंवाए और 82 रन जोड़े। इससे पहले कोहली ने बादलों से भरे आसमान में न्यूलैंड्स की घसियाली पिच पर टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। रबाडा और डुआने ओलिवर की जोड़ी ने पहले घंटे में परिस्थितियों का अच्छा इस्तेमाल कर क्रमश: अग्रवाल (35 गेंद में 15 रन) और राहुल (35 गेंद में 12 रन) को आउट किया। रबाडा ने लगातार ऑफ स्टंप को निशाना बनाया जबकि ओलिवर ने अच्छे उछाल की पिच पर तेज तर्रार गेंदबाजी की। फॉर्म में चल रहे राहुल पिछले कुछ समय से गेंद छोड़ने के मामले में अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे लेकिन उन्होंने ऑफ स्टंप के ऊपर जाती गेंद पर बल्ला छुआ दिया और गेंद उनके बल्ले का किनारा चूमते हुए विकेटकीपर के हाथों में समा गई। रबाडा ने अग्रवाल को आगे खेलने के लिए उकसाया और गेंद उनके बल्ले का किनारा छूकर दूसरी स्लिप में खड़े ऐडन मार्कराम के हाथों में चली गई। अग्रवाल ने जब खाता भी नहीं खोला था तब वह पारी के तीसरे ओवर में उन्हें जीवनदान मिला था। भारत का स्कोर दो विकेट पर 33 रन था। तब कोहली और पुजारा क्रीज पर उतरे और दोनों ने पारी को संभाला। पुजारा ने फिर अच्छा जज्बा दिखाया और ढीली गेंदों को छोड़ने में काफी सक्रिय रहे। कोहली को खाता खोलने में 15 गेंद लगी लेकिन इंतजार का फल अच्छा रहा और फिर उन्होंने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जेनसन पर खूबसूरत कवर ड्राइव लगाया।

## वाशिंगटन सुंदर कोविड-19 पॉजिटिव, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में खेलना संदिग्ध



**चेन्नई।** भारतीय आलराउंडर वाशिंगटन सुंदर कोविड-19 के लिए पॉजिटिव पाए गए हैं और उनका 19 जनवरी से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रही तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला में खेलना संदिग्ध है। तमिलनाडु का 22 साल का खिलाड़ी बेंगलुरू में वायरस के लिए पॉजिटिव पाया गया है और मुंबई में सीमित ओवरों के अन्य क्रिकेटरों के साथ नहीं जुड़ा है जिन्हें एक या दो दिन में दक्षिण अफ्रीका के लिए रवाना होना है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने कहा, वाशिंगटन कोविड-19 के लिए पॉजिटिव पाया गया है और अब तक मुंबई में सीमित ओवरों के विशेष खिलाडि़यों के साथ नहीं जुड़ा है। वह बेंगलुरू (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) में था जब पॉजिटिव पाया गया। पता चला है कि वाशिंगटन एकदिवसीय श्रृंखला के लिए चुने गए अन्य खिलाडि़यों के साथ चार्टर्ड विमान में नहीं जा पाएंगे और अब तक यह स्पष्ट नहीं है कि बाद में बीसीसीआई उन्हें अलग से दक्षिण अफ्रीका भेजेगा या नहीं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला पार्ल में 19 जनवरी से शुरू होगी। दूसरा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबला इसी स्थान पर 21 जनवरी को होगा जबकि अंतिम मैच केपटाउन में खेला जाएगा। चोट के कारण पिछले साल इंग्लैंड दौरे से बाहर चल रहे वाशिंगटन ने घरेलू क्रिकेट में वापसी की थी और अपनी राज्य की टीम के लिए विजय हजारे ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन किया था जहां तमिलनाडु की टीम फाइनल में पहुंची थी।

# इंडिया ओपन: चालिहा ने पांचवीं वरीय कोसेत्सकाया को हराकर उलटेर किया

**भाषा।** नई दिल्ली

## पीवी सिंधू भी दूसरे दौर में



**युवा** बैडमिंटन खिलाड़ी अष्मिता चालिहा ने टूर्नामेंट का पहला उलटफेर करते हुए मंगलवार को यहां पांचवीं वरीय एवगेनिया कोसेत्सकाया को हराया जबकि शीर्ष वरीय पीवी सिंधू भी इंडिया ओपन के महिला एकल के दूसरे दौर में जगह बनाने में सफल रही। गैरवरीय चालिहा ने दुनिया की 28वें नंबर की रूस की खिलाड़ी को पहले दौर के मुकाबले में सिर्फ 31 मिनट में 24-22 21-16 से हराया जबकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने हमवतन श्री कृष्णा प्रिया कुद्रावली को 21-5 21-16 से शिकस्त दी। चिराग सेन को हालांकि पुरुष एकल के पहले दौर में ही मलेशिया के सूंग जू वेन के खिलाफ 8-21 7-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

चालिहा ने एवगेनिया के खिलाफ शानदार शुरुआत करते हुए पहले गेम में अपने दमदार स्मैश से 11-5 की बढ़त बनाई। वह रूस की खिलाड़ी के खिलाफ काफी सहज दिख रही थी। ब्रेक के बाद भारतीय खिलाड़ी ने काफी गलती थी जिसका फायदा उठाकर रूस की खिलाड़ी ने स्कोर 14-14 कर दिया। एवगेनिया ने 16-19 के स्कोर पर पिछड़ने के बाद एक बार फिर वापसी की और पहला गेम प्वाइंट हासिल किया। रूस की खिलाड़ी के खिलाफ 2019 में अपना पिछला मुकाबला हारने वाली गुवाहाटी की चालिहा ने इसके बाद विरोधी खिलाड़ी को गलती के लिए मजबूर किया। भारतीय खिलाड़ी ने दो और गेम प्वाइंट बचाए और फिर स्मैश के साथ पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में भी पहले गेम की कहानी दोहराई गई। चालिहा ने 11-4 की बढ़त बनाई लेकिन रूस की खिलाड़ी ने स्कोर 16-19 कर दिया। भारतीय खिलाड़ी हालांकि इस बार अधिक नियंत्रण में दिखी और दबाव के बीच धैर्य बरकार रखते हुए गेम और मैच जीत लिया। चालिहा ने पहले दौर के मुकाबले के बाद कहा, पिछले कुछ वर्षों में मैंने काफी मुकाबले नहीं खेले हैं। इसलिए मैं नर्वस थी और इसका पहले गेम के दौरान असर पड़ा। लेकिन पहला गेम जीतने के बाद मैं अधिक आत्मविश्वास से भरी थी इसलिए दूसरे गेम में सहज थी। उन्होंने कहा, यह बड़ी प्रतियोगिता है और रूस की खिलाड़ी के खिलाफ खेलने को लेकर उत्सुक थी लेकिन मैं रक्षात्मक रवैया अपनाया और मैच जीतने में सफल रही। चालिहा ने कहा, यह मेरी सबसे बड़ी जीत में से एक है। मैं पहले भी उसके खिलाफ खेली थी लेकिन सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा इसलिए यह मेरी सबसे बड़ी जीत है। चालिहा अब फ्रांस की एले होयॉक्स से भिड़ेगी जिन्होंने भारत की रिया मुखर्जी को 21-14 21-13 से हराया। सिंधू अगले दौर में मिस्र की हेनी दोहा और भारत की इरा शर्मा के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेगी। आसान जीत के बावजूद सिंधू ने कहा कि सत्र में ब्रेक के दौरान कौशल को निखारना बैडमिंटन जैसे प्रतिस्पर्धी खेल को सफलता के लिए महत्वपूर्ण है। सिंधू ने कहा, निश्चित तौर पर मुझे अपने खेल को निखारना पड़ा और अपने कौशल पर काम करना पड़ा, साथ ही और शॉट जोड़ने पड़े क्योंकि सभी आपके खेल को पढ़ेंगे। उन्होंने कहा, इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि अपने खेल में बदलाव किया जाए क्योंकि आजकल खिलाड़ी आपके पिछले मुकाबले देखते हैं इसलिए आपको इसी के अनुसार रणनीति बनानी होती है। सिंधू ने कहा, कभी कभी आपको खेल को समझना होता है, कभी आपको तेज खेल दिखाना होता है, रैली में लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होता है। उन्होंने कहा, मुझे धैर्य के साथ इस पर काम करना पड़ा, सिर्फ एक तरह का खेल नहीं खेलना है, कभी कभी विरोधी मुझे आक्रामक होकर नहीं खेलने देते इसलिए मुझे रक्षात्मक खेल दिखाना होता है और मुझे इसमें परफेक्ट होना होगा। पहले दौर के मुकाबले के संदर्भ में सिंधू ने कहा, मैं काफी समय पहले उसके खिलाफ खेली थी। मैंने मुकाबले को हल्के में नहीं लिया। पहला मुकाबला हमेशा महत्वपूर्ण होता है। स्टेडियम में खेलते हुए पहला दिन, मुझे सुनिश्चित करना था कि मेरे शॉट अच्छे रहें और मैंने बढ़त बरकरार रखी और जीत दर्ज की। पहले सत्र के अन्य मैच में के साई प्रतीक और गायत्री गोपीचंद की मिश्रित युगल जोड़ी ने इशान भटनागर और तनीषा कास्त्रो को 21-16 16-21 21-17 से हराया। पुरुष युगल में शीर्ष वरीय मोहम्मद अहसन और हेंद्रा सेतियावान की इंडोनेशिया की जोड़ी ने भारत के प्रेम सिंह चौहान और राजेश वर्मा को 21-18 21-10 से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की।

# एएफसी महिला एशिया कप के लिए भारत की 23 सदस्ईय टीम घोषित

**भाषा।** नई दिल्ली

**मेजबान** भारत ने एएफसी महिला एशिया कप फुटबॉल के लिए 23 सदस्ईय टीम की घोषणा की है जिसमें पिछले महीने ढाका में अंडर 19 सैफ चैम्पियनशिप में उपविजेता रही टीम के चार सदस्य शामिल हैं। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने कप्तान के नाम की घोषणा नहीं की है लेकिन अनुभवी आशालता देवी को कमान सौंपी जाने की संभावना है। टूर्नामेंट 20 जनवरी से छह फरवरी तक महाराष्ट्र में तीन स्थानों पर होगा। पिछले महीने से कोच्चि में शिविर में भाग ले रहे 27 खिलाड़ियों में से ही 23 को चुना गया है। सैफ चैम्पियनशिप खेलने वाली जिन चार खिलाड़ियों को टीम में जगह मिली है उनमें हेमाम शिल्की देवी, एम बालामुरूगन, सुमति कुमारी और एन प्रियंका देवी शामिल हैं। भारत को अनुभवी स्ट्राइकर बाला देवी की कमी खलेगी जो एसीएल (एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट) सर्जरी के बाद अभी तक पूरी तरह से फिट नहीं हुई है। भारत को ईरान (20 जनवरी), ताइपै (23 जनवरी), चीन (26 जनवरी) के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। कोच डेनेरबी ने कहा , हमारे पास युवा और अनुभवी खिलाडि़यों का अच्छा मिश्रण है।युवा खुद को साबित करने को लालायित है और टीम में जोश तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा लेकर आएंगे।वहीं अनुभवी खिलाडि़यों से उन्हें मैदान के भीतर और बाहर अच्छा मार्गदर्शन मिलेगा। भारत 1980 के बाद उपमहाद्वीप के सबसे बड़े टूर्नामेंट की मेजबानी पहली बार कर रहा है। भारत की नजरें 2023 फीफा विश्व कप में कोटा हासिल करनेपर भी लगी है। आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में होने वाले विश्व कप में जगह बनाने के लिए भारत को शीर्ष पांच में रहना होगा।

AFC WOMEN'S ASIAN CUP

## भारतीय टीम

**गोलकीपर :** अदिति चौहान, एम लिंथोइंगाम्बी देवी, सौम्या नारायणसामी
**डिफेंडर :** डालिमा छिब्बर, स्वीटी देवी, रितु रानी, एल आशालता देवी, मनीषा पन्न्ा, हेमम शिल्की देवी, संजू यादव
**मिडफील्डर :** युमनाम कमला देवी, अंजू तमांग, कार्तिका ए, एन रतनबाला देवी, नाओरेम प्रियंका देवी, इंदुमति कातिरेसन
**फॉरवर्ड :** मनीषा कल्याण, ग्रेस दांगमेइ, प्यारी शाशा, रेणु, सुमति कुमारी, संध्या रंगनाथन, एम बालामुरूगन।
**मुख्य कोच :** थॉमस डेनेरबी।

# न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश को पारी के अंतर से हराकर श्रृंखला में बराबरी की

**भाषा।** क्राइस्टचर्च



**विकेटकीपर** लिटन दास की साहसिक शतकीय पारी के बावजूद बांग्लादेश को न्यूजीलैंड के हाथों दूसरे क्रिकेट टेस्ट में एक पारी और 117 रन से पराजय का सामना करना पड़ा जिससे दो मैचों की श्रृंखला बराबरी पर छूटी। दस्ताने पर गेंद लगने के बाद दास ने लगभग पूरी पारी एक हाथ से खेली। उन्होंने न्यूजीलैंड के गेंदबाजों की शॉर्टपिच गेंदों का बहादुरी से सामना करके 106 गेंद में दूसरा टेस्ट शतक पूरा किया। न्यूजीलैंड ने पहली पारी छह विकेट पर 521 रन पर घोषित की थी जिसमें टॉम लाथम ने 252 रन बनाए थे। उन्होंने मैच में छह कैच भी लपके। न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश को पहली पारी में 126 रन पर आउट करके फॉलोआन दिया। बांग्लादेश की टीम दूसरी पारी में 278 रन पर आउट हो गई। दास 102 रन बनाकर आउट हुए जबकि दूसरे छोर से कोई बल्लेबाज टिक नहीं सका। बांग्लादेश का नौवां विकेट गिरते ही दर्शकों ने अनुभवी बल्लेबाज रोस टेलर का नाम लेना शुरू कर दिया जो अपना 112वां और आखिरी टेस्ट खेल रहे थे। दर्शकों की बात को मानकर कप्तान लाथम ने टेलर को गेंद सौंपी। उनकी तीसरी गेंद पर इबादत हुसैन ने लाथम को कैच थमा दिया। इसके साथ ही टेलर के 15 वर्ष के सुनहरे कैरियर का अंत विकेट के साथ हुआ। इससे पहले उन्होंने अपने टेस्ट कैरियर में सिर्फ 16 ओवर फेंककर दो विकेट लिए थे और आखिरी बार आठ साल पहले विकेट चटकाया था। आखिरी विकेट गिरने के बाद उनके साथी खिलाडि़यों ने उन्हें घेर लिया और बांग्लादेश ने गार्ड आफ आनर दिया। टेलर एक ही मैच में 250 से अधिक की पारी खेलने और छह कैच लेने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए। बांग्लादेश ने पले टेस्ट में न्यूजीलैंड को आठ विकेट से हराकर इतिहास रचा था। टेस्ट चैम्पियन टीम को उसकी धरती पर नौवीं रैंकिंग वाली टीम द्वारा हराना टेस्ट क्रिकेट के सबसे बड़े उलटफेर में से एक था।

## भावुक टेलर ने कहा, जीत और विकेट के साथ करियर का अंत करना शानदार

**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड के अनुभवी बल्लेबाज रोस टेलर 15 साल के टेस्ट करियर की अंतिम गेंद पर विकेट और बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला बराबर कराने वाली जीत से बेहतर विदाई की उम्मीद नही कर सकते थे और यह स्टार बल्लेबाज सहमत है कि यह शानदार रहा। टेलर ने अपने टेस्ट करियर का अंत इबादत हुसैन को आउट करके किया जिससे न्यूजीलैंड ने मंगलवार को यहां बांग्लादेश को पारी और 117 रन से हराकर दो मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर दी। भावुक टेलर ने मैच के बाद आधिकारिक प्रसारणकर्ता से कहा, करियर का अंत जीत और विकेट के साथ करना शानदार है, मै जीत के साथ करियर खत्म करना चाहता था और खिलाड़ियों ने ऐसा किया। बांग्लादेश ने कई बार हमें काफी दबाव मे डाला, यह उचित है कि हम इस श्रृंखला को साझा करेंगे। बांग्लादेश का नौवां विकेट गिरते ही हेगले ओवल मे मौजूद दर्शकों ने टेलर का नाम लेना शुरू कर दिया और दर्शकों की बात को मानकर कप्तान टॉम लैथम ने उन्हें गेंद सौपी। सैतीस साल के टेलर की तीसरी ही गेंद पर इबादत ने न्यूजीलैंड के कप्तान को कैच थमा दिया जिससे 112 टेस्ट में इस अनुभवी खिलाड़ी ने अपना सिर्फ तीसरा टेस्ट विकेट हासिल किया। टेलर ने इससे पहले 2010 मे न्यूजीलैंड के भारत दौरे के दौरान हरभजन सिंह और एस श्रीसंत के रूप मे दो विकेट हासिल किए थे। टेलर ने अपने पूरे टेस्ट करियर मे सिर्फ 16 ओवर गेंदबाजी की। उन्होने पिछली बार आठ साल पहले गेंद थामी थी। टेलर ने कहा, श्रृंखला शानदार रही- मै सोच रहा था कि क्या कल हमे दोबारा मैदान पर उतरना होगा लेकिन खिलाड़ियो ने शानदार प्रदर्शन किया। अंत मे यह थोड़ा रोचक हो गया, मैने विकेट हासिल और टॉम ने कहा कि पूरे मैच मे यह मेरे लिए सबसे अनमोल चीज रही। उन्होने कहा, मैने अपने देश का प्रतिनिधित्व करने का बेहद लुत्फ उठाया, यहां (क्राइस्टचर्च) मे मै काफी खेला, काफी समय बिताया और यह अंत करने का शानदार तरीका है। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान टेलर का दर्शकों ने खड़े होकर अभिवादन किया। उन्हें मैच की गेंद सौपी गई और बांग्लादेश के खिलाड़ियों ने उन्हें गार्ड आफ आनर दिया।

# आस्ट्रेलिया और सर्बिया के प्रधानमंत्रियों ने जोकोविच के वीजा मुद्दे पर चर्चा की

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया और सर्बिया के प्रधानमंत्रियों ने मंगलवार को नोवाक जोकोविच के वीजा मुद्दे पर चर्चा की। सर्बिया के दुनिया के नंबर एक पुरुष टेनिस खिलाड़ी ने आस्ट्रेलिया ओपन में हिस्सा लेने के लिए अदालती जंग जीत ली है लेकिन इसके बावजूद कोविड-19 के खिलाफ पूर्ण टीकाकरण नहीं होने के कारण उन पर निर्वासन का खतरा मंडरा रहा है। इस पूरे मामले में हालांकि सर्बिया के 20 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता खिलाड़ी को काफी समर्थन मिला है। आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन और सर्बिया की उनकी समकक्ष अना बर्नाबिक ने टेलीफोन पर बातचीत के दौरान सहमति जताई कि वे 34 साल के जोकोविच के विवादास्पद वीजा मुद्दे पर संपर्क में रहेंगे। मॉरिसन के कार्यालय ने यह जानकारी दी। मॉरिसन के कार्यालय ने बयान में कहा, प्रधानमंत्री ने हमारी निष्पक्ष सीमा नीति और कोविड-19 महामारी के दौरान आस्ट्रेलिया को बचाने में इसकी भूमिका के बारे में बताया। उन्होंने कहा, वे दोनों सहमत हुए हैं कि इस मुद्दे पर संपर्क में रहेंगे। सार्वजनिक प्रसारणकर्ता रेडियो टेलीविजन सर्बिया (आरटीएस) के अनुसार बर्नाबिक ने मॉरिसन को सुनिश्चित करने को कहा है कि इस स्टार टेनिस खिलाड़ी के साथ मर्यादापूर्ण व्यवहार किया जाए। आरटीएस के अनुसार, सर्बिया की प्रधानमंत्री ने विशेष तौर पर आगामी प्रतियोगता से पहले ट्रेनिंग और शारीरिक तैयारी के महत्व पर जोर दिया है, विशेषकर यह ध्यान में रखते हुए कि पिछले दिनों नोवाक जोकोविच को ट्रेनिंग की स्वीकृति नहीं दी गई और मेलबर्न में इस सप्ताहांत टूर्नामेंट शुरू होगा। अदालत का फैसला अपने पक्ष में आने के कुछ घंटों बाद ही जोकोविच मेलबर्न टेनिस कोर्ट पर ट्रेनिंग के लिए पहुंचे।

# जोकोविच, बार्टी आस्ट्रेलियाई ओपन में शीर्ष वरीयता

**भाषा।** मेलबर्न



**शीर्ष** रैंकिंग खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को उनके खेलने को लेकर अनिश्चितता के बावजूद आस्ट्रेलियाई ओपन के आयोजकों ने सोमवार से मेलबर्न पार्क में शुरू होने वाले ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के लिए शीर्ष वरीयता दी है। उम्मीदों के अनुरूप घरेलू प्रतिभा और शीर्ष रैंकिंग की एश बार्टी को महिला एकल ड्रा में नंबर एक वरीयता दी गई है। ड्रा की सूची मंगलवार को जारी की गई जिसमें गत चैम्पियन नाओमी ओसाका 13वीं वरीय खिलाड़ी हैं। जोकोविच ने भले ही आस्ट्रेलियाई ओपन में प्रतिस्पर्धा के लिए अदालती लड़ाई जीत ली हो लेकिन अब भी उन पर देश से बाहर किए जाने का खतरा मंडरा रहा है क्योंकि उन्होंने कोविड-19 टीकाकरण नहीं कराया हुआ है। वह ग्रैंडस्लैम एकल खिताब जीतने के मामले में रोजर फेडरर और रफेल नडाल की बराबरी पर हैं जिन्होंने 20 - 20 ट्राफी अपने नाम की हैं। अगर वह 30 जनवरी को पुरूष फाइनल में 10वां आस्ट्रेलियाई ओपन खिताब जीत लेते हैं तो वह पुरूष वर्ग में सबसे ज्यादा 21 एकल ग्रैंडस्लैम जीतने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे। फेडरर मेलबर्न में नहीं खेल रहे हैं क्योंकि वह घुटने की सर्जरी से उबर रहे हैं। दानिल मेदवेदेव को दूसरी वरीयता मिली है जिनके बाद एलेक्जेंडर ज्वेरेव, स्टेफानोस सिटसिपास और आंद्रे रूबलेव शामिल हैं। नडाल को छठी वरीयता मिली है जिसके बाद माटियो बेरेटिनी शामिल हैं। फेलिक्स ऑगर एलिसिमे नौंवे और डेनिस शापोवालोव 14वें वरीय खिलाड़ी हैं। इस जोड़ी ने मिलकर पिछले रविवार को एटीपी कप जीता था। बार्टी (25 वर्ष) के नाम दो ग्रैंडस्लैम एकल खिताब - 2019 फ्रेंच ओपन और पिछले साल विम्बलडन - हैं लेकिन वह घरेलू सरजमीं पर मेजर जीतने के लिए बेताब होंगी। 1978 में क्रिस ओ नील के बाद से किसी भी आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने यहां खिताब नहीं जीता है। मेलबर्न पार्क में बार्टी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2020 में रहा था जब वह सेमीफाइनल में सोफिया केनिन से हार गई थीं जो बाद में चैम्पियन बनी थीं।

## वीजा की चिंताओं के बावजूद जोकोविच ने किया अभ्यास

**मेलबर्न।** टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच आस्ट्रेलियाई ओपन खिताब का बचाव करने पर ध्यान लगाए है और इसलिए उन्होंने मंगलवार को मेलबर्न पार्क मे अभ्यास सत्र मे हिस्सा लिया। अदालत मे वीजा से जुड़े मामले की लड़ाई जीतने के बाद हालांकि अब भी उन्हें देश से बाहर किए जाने का खतरा मंडरा रहा है क्योंकि उन्होने कोविड-19 टीकाकरण नही करवाया हुआ है। शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी जोकोविच सोमवार को अदालत मे वीजा रद्द करने के खिलाफ मामला जीतने के कुछ ही घंटो मे कोर्ट पर दिखाई दिए। वह मंगलवार को दोपहर मे अभ्यास करने पहुंचे जहां दरवाजे बंद थे। रॉड लीवर एरीना पर केवल उनकी सहयोगी टीम को ही प्रवेश की अनुमति थी। आस्ट्रेलियन टीवी नेटवर्क द्वारा हेलीकॉप्टर से ऊपर से ली गई फोटो के अनुसार नौ बार के आस्ट्रेलियाई ओपन विजेता ने अभ्यास शुरू कर दिया क्योंकि साल के पहले ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के शुरू होने मे एक हफ्ते से भी कम समय बचा है। वीडियो मे दिख रहा है कि जोकोविच बेसलाइन के पीछे से शॉट लगाते दिख रहे है और अपने कोच से फीडबैक ले रहे है। वह अपने एक ट्रेनर के साथ कोर्ट के पीछे स्ट्रेचिंग कर रहे है। इसके तुरंत बाद आयोजकों ने आस्ट्रेलियन ओपन टूर्नामेंट के लिए वरीयता भी जारी कर दी जिसमे जोकोविच को पुरूष एकल ड्रा मे शीर्ष वरीयता दी गई है।

# इस साल से वीवो की जगह टाटा समूह आईपीएल का प्रायोजक होगा

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे बड़े व्यवसाय समूह में से एक टाटा समूह इस साल से चीनी मोबाइल निर्माता कंपनी वीवो की जगह आईपीएल का प्रायोजक होगा। आईपीएल की संचालन परिषद ने मंगलवार को हुई बैठक में यह फैसला किया। आईपीएल अध्यक्ष बृजेश पटेल ने पीटीआई को बताया , हां , टाटा समूह अब आईपीएल का प्रायोजक होगा। करार की राशि की अब तक जानकारी नहीं मिली और टाटा समूह के प्रवक्ता ने हां बोलकर प्रायोजन की पुष्टि की लेकिन इससे आगे जानकारी देने से इनकार कर दिया। वीवो ने 2018 से 2022 तक आईपीएल के प्रायोजन अधिकार 2200 करोड़ रूपए में खरीदे थे लेकिन गलवान घाटी में 2020 में भारत और चीन के बीच सैन्य टकराव के बाद वीवो ने एक साल का ब्रेक लिया था। उसकी जगह ड्रीम 11 प्रायोजक था। वीवो 2021 में फिर प्रायोजक बना हालांकि अटकलें लगाई जा रही थी कि वे उचित बोली लगाने वाले को अधिकार का हस्तांतरण करना चाहते हैं और बीसीसीआई ने इसका समर्थन किया। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, आज नहीं तो कल ऐसा होना ही था क्योंकि इससे लीग और कंपनी दोनों का बुरा प्रचार हो रहा था। चीन के उत्पादों को लेकर नकारात्मक भावना को देखते हुए कंपनी को करार पूरा होने से एक सत्र पहले प्रायोजन से हटना पड़ा। बीसीसीआई को कोई नुकसान नहीं होगा क्योंकि अब भी उसे 440 करोड़ रुपए की वार्षिक प्रायोजन राशि मिलना तय है जिसका भुगतान अब नया प्रायोजक करेगा। बीसीसीआई प्रायोजन से मिलने वाली राशि का 50 प्रतिशत अपने पास रखता हे और बाकी राशि आईपीएल फ्रेंचाइजी के बीच बांटता है जिनकी संख्या दो नई टीम के इस साल से जुड़ने के बाद अब 10 हो गई है। माना जा रहा है कि अभी यह करार सिर्फ एक साल का है क्योंकि बीसीसीआई को 2023 से शुरू हो रहे अगले चक्र के लिए नई निविदा आमंत्रित करनी होगी।